CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 25°C

मेरठ, शनिवार 6 सितम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 96 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिलेः राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2




भारतीय जर्सी को स्पॉन्सर करना अब और महंगा खेल टाइम्स



सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दें 'प्लीज' सम्पादकीय



रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की यूएन में दो टूक राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने को तैयार पेज 2

# मां नंदा-सुनंदा की विदाई को उमड़ा आस्था का सागर

अफजल 'फौजी'

**नैनीताल।** मां नंदा सुनंदा महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को मां नैना देवी मंदिर से डोला तय समय के अनुसार धार्मिक ध्वज के साथ 12:00 बजे निकाला गया।

इस दौरान मंदिर परिसर व क्षेत्र मां के जयकारों से गूंज उठा, वहीं हजारों की संख्या में भक्तों ने मां को विदा करने को लेकर डोले में शामिल हुए और डोला नैना देवी मंदिर से प्रारंभ होकर आर्य समाज में पूजा-अर्चना के बाद मल्लीताल बाजार से पंत पार्क, लोअर माल रोड से तल्लीताल बाजार वैष्णव देवी मंदिर में पूजा के बाद नया बाजार पिछाड़ी बाजार होते हुए वापस बड़ा बाजार चीना बाबा मंदिर होते हुए ठंडी सड़क में विसर्जन किया गया। भक्त मां को नाच गाकर और मां के जयकारों के साथ विदा कर रहे थे। डोला भ्रमण अलग-अलग शहरों से आए बैंड बाजों व छोला नृत्य के ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया और पूरा शहर मां के जयकारों से गूंज रहा था। प्रातः से ही मां के भक्त मंदिर में पहुंच रहे थे और पूरा मंदिर परिसर मेला क्षेत्र में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। मां को विदा करने नैनीताल के अलावा -शेष पृष्ठ दो पर



### बैंडों के बेहतरीन गीतों की शानदार प्रस्तुति दी

मां नंदा देवी महोत्सव में नगर के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से बैंड द्वारा बेहतरीन गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई, भक्त झूमते नजर आए एवं करतब दिखाया गया। वही मां नंदा देवी महोत्सव का सीधा प्रसारण ताल चैनल व यूट्यूब के माध्यम से दिखाया गया।

### चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे

एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा ने बताया मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान नगर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस बल की तैनाती हर प्रमुख स्थल पर की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। फायर व पुलिस के वाहन भी भीड़ के साथ ही चल रहें है। नैनी झील में सुरक्षा को लेकर एसडीआरएफ की टीम तैनात की हुई है। पूरे मेले को पुलिस अपने संचालन में नियंत्रण कर रही है। ड्रोन के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए करीब डेढ़ सौ पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

### मां नंदा-सुनंदा के डोले का भव्य स्वागत

नंदा देवी महोत्सव के तहत तल्लीताल टोल टैक्स पर मां नंदा-सुनंदा के डोले का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पारंपरिक ढोल-दमाऊं की थाप पर जयकारों के साथ स्वागत किया। नगर का माहौल धार्मिक उत्साह और आस्था से सराबोर हो उठा।

### उमड़ी भीड़ से बसों में सफर करना हुआ मुश्किल

नंदा देवी महोत्सव के दौरान दूर दराज से नैनीताल मां के दर्शन करने आए भक्तों को वापस जाने के लिए बसों में सफर करना मुश्किल हुआ। बसों में बैठने के लोग खिड़कियों से चढ़ने लगे।

# सीडीएस चौहान ने बताया ऑपरेशन सिंदूर का सीक्रेट

गोरखपुर, वार्ता

- कहा: बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे

**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे।

भारत ने जहां लंबी दूरी तक मार करने वाले प्रिंसिजन हथियार और हमले के बाद नुकसान का आकलन करने की क्षमता पर ध्यान दिया, वहीं पाकिस्तान ने संभवतः अपनी एयर डिफेंस प्रणाली को मजबूत करने पर फोकस किया। जनरल चौहान ने याद दिलाया कि 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना ने जमीनी रास्ते से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के कैंप तबाह किए। 2019 पुलवामा हमले के बाद भारतीय वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा में एयरस्ट्राइक की थी। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के पास पहले से ही और बेहतर प्रिंसिजन स्ट्राइक क्षमता मौजूद थी।जब राजनीतिक नेतृत्व से चर्चा हुई तो यह साफ हो गया कि सिर्फ ड्रोन और लोटरिंग म्यूनिशन से लक्ष्य हासिल नहीं होगा। बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल जरूरी था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने सेना को साफ निर्देश दिए थे कि आतंकी ठिकाने नष्ट करने हैं।

## नौ लाख शिक्षकों को योगी का तोहफा, मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लोकभवन में इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के 66 व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मॉनिटरिंग के लिए टैबलेट, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रधानाचार्यों को टैबलेट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया है। इस सत्र में पांच हजार से अधिक बाल वाटिकाएं शुरू हो चुकी हैं।

## मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात व्हाट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने शहर भर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है।

## भारत-अमेरिका से लेगा 5वीं जनरेशन के विमान इंजन

**नई दिल्ली।** टैरिफ वॉर की तल्खी के बीच भारत की विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के बीच जेट इंजन को लेकर कई रक्षा सौदे फाइनल स्टेज में हैं। एचएएल सूत्रों के मुताबिक सबसे बड़ा सौदा जेट जीई 414 इंजन का होने जा रहा है। यह इंजन भारत के 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान एम्का में लगेगा।

# मोदी की कूटनीतिक चाल से ट्रम्प हैरान, परेशान

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानी गलती: भारत-रूस को चीन के हाथों खोया

वाशिंगटन, वार्ता



- टैरिफ वॉर: एससीओ समिट के बाद नरम पड़े ट्रम्प
- ट्रम्प ने पोस्ट में लिखा- ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो, एक तस्वीर भी शेयर की

**अमेरिका की** तरफ भारत पर लगाए गए टैरिफ के बाद दोनों देशों के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत पर निशाना साधते नजर आ रहे थे, लेकिन चीन में हाल ही में संपन्न हुए एससीओ सम्मेलन के बाद अब ट्रम्प के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। ट्रम्प ने सोशल मीडिया टुथ सोशल पर लिखा कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को सोशल मीडिया टुथ पर पोस्ट में एक तस्वीर भी शेयर की है। इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में डोनाल्ड ट्रम्प ने लिखा कि लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो। ट्रम्प की यह टिप्पणी पर उस समय आई है जब पिछले दिनों चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नजदीकियों ने विश्व का ध्यान खींचा था। भारत-अमेरिका संबंधों में खटास तब और गहरी हो गई जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया और साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया। वहीं अपने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस पोस्ट को लेकर सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस समय इस पोस्ट पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है। इससे पहले तमाम पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी थी। इस कड़ी में पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे पीएम मोदी रूस और चीन के करीब चले गए हैं।

### ट्रम्प के करीबी पीटर नवारो के बयान पर भारत का पलटवार

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी और व्हाइट हाउस ट्रेड के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। साथ ही ब्लूमबर्ग की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुप्त पत्र भेजने वाली रिपोर्ट को गलत बताया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया में हो रहे प्रदर्शन पर भी विदेश मंत्रालय ने अपनी बात कही। जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है।

# मुसीबत में अनिल अंबानी

## SBI, BOI के बाद BOB ने ऋण खाते को फ्रॉड घोषित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो




- आरकॉम ने अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की जानकारी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है।

एक नियामक फाइलिंग के अनुसार उनपर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आरकॉम ने कहा कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 सितम्बर को एक पत्र मिला है जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के निर्णय की जानकारी दी गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। आरकॉम की ओर से नियामकीय फाइलिंग में जारी बैंकों के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। पत्र में कहा गया है, इस खाते को 5 जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आरकॉम नियंत्रण और अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में एनसीएलटी की ओर से अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना अस्तित्व में नहीं है।

## दंतेवाड़ा में मुठभेड़, छह माओवादी ढेर!

**दंतेवाड़ा।** मानसून ब्रेक के बाद बस्तर में नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज हो गए हैं। नारायणपुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर इलाके में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के पास सूचना थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टीम अबूझमाड़ के एक इलाके में जमा है और किसी बड़ी बैठक की तैयारी चल रही है।

# देश में बरसाती आफत का कहर जारी

## दिल्ली समेत राजस्थान व पंजाब के हालत बदतर



शाह टाइम्स ब्यूरो

- एनसीआर में बाढ़, नोएडा के कई सेक्टर डूबे, अजमेर में बोराज तालाब टूटा, 1000 घरों में भरा पानी
- पंजाब में 43 मौतें, पाकिस्तान का पानी भारत में घुसा

**नई दिल्ली।** बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है।

नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है। पाकिस्तान से आने वाले बाढ़ के पानी से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा बाड़ डूब गया है। पंजाब के फिरोजपुर में शुक्रवार को लोगों ने रेत से भरी बोरियां रखकर बांध बनाया। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में शुक्रवार को एक कार पुल से कालीसिंध नदी में गिर गई। इसमें स्थानीय भाजपा नेता महेश सोनी के 26 साल का बेटा सवार था, जिसके नदी में बह जाने की आशंका है। दिल्ली में सिविल लाइंस स्थित मॉनेस्ट्री मार्केट और वासुदेव घाट -शेष पृष्ठ दो पर

## देश के 47 प्रतिशत मंत्रियों पर आपराधिक केस दर्ज

# 653 मंत्रियों में से 174 पर मर्डर, रेप जैसे गंभीर आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो




- आरोपियों में भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मंत्री, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड व उत्तराखंड के किसी मंत्री पर कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं

**नई दिल्ली।** देशभर के 302 मंत्री (करीब 47प्रतिशत) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं।

वहीं, केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40प्रतिशत) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। यह जानकारी चुनाव सुधार संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। एडीआर ने 27 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के कुल 643 मंत्रियों के शपथ पत्रों (एफिडेविट) का विश्लेषण किया। एडीआर ने यह भी कहा कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। इन मामलों की स्थिति बदल भी सकती है। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी। भाजपा के 336 मंत्रियों में से 136 (40 प्रतिशत) पर आपराधिक केस हैं, वहीं 88 (26प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। कांग्रेस के 61 मंत्रियों में से 45 (74 प्रतिशत) पर केस हैं, 18 (30 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। डीएमके के 31 में से 27 (87 प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 14 (45 प्रतिशत) पर गंभीर केस हैं। टीएमसी के 40 में से 13 (33 प्रतिशत) पर केस हैं, 8 (20 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के 23 में से 22 (96 प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 13 (57प्रतिशत) पर गंभीर केस हैं। आम आदमी पार्टी के16 में से 11 (69प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 5 (31प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे-राहुल ने शिक्षक दिवस पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिक्षक दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि शिक्षकों को सच्चा राष्ट्र-निर्माता माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षक दिवस पर, हम इन राष्ट्र-निर्माताओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हम भारत के पूर्व राष्ट्रपति, एक दार्शनिक और राजनेता, डा. एस. राधाकृष्णन को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनका ज्ञान, समर्पण और योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। गांधी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

### शिक्षण संस्थानों में आरक्षण समाप्त करने की साजिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के बच्चों के हक को भी चुरा रही है और सरकारी संस्थानों को रणनीति के तहत बंद कर शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथों में सौंप कर आरक्षण को समाप्त करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम, आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डा. विक्रांत भूरिया तथा कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रमुख डा. अनिल जयहिंद ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के बच्चों के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है और उनके हित में जो फैसला न्यायालय से आया है उसको लागू नहीं किया जा रहा है।

# दुष्टों का संहार करके ही सुरक्षित रहेगा राष्ट्र: योगी

## सुरक्षा के माहौल में ही समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्य नाथ ने शुक्रवार कहा कि नागरिकों के संरक्षण और दुष्टों का संहार करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है और सुरक्षा के माहौल में ही समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

योगी शुक्रवार को लीन महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर संगोष्ठी श्रृंखला के पहले दिन भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफअनिल चौहान का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने आचार्य चाणक्य के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई राष्ट्र वाह्य रूप से सुरक्षित हो और आंतिरक रूप से सुरक्षित न हो, तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है। ऐसा अराजक राष्ट्र शीघ्र समाप्त होने के कगार पर होता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इसी तरह के अराजक राष्ट्र का उदाहरण है। आंतरिक अराजकता से वह पूरी तरह खोखला हो चुका है। अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति की ओर ले जाती है। दुर्गति से अस्तित्व पर संकट होता है। भारत प्राचीनकाल से ही इस पर सजग और सतर्क रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिककाल से ही भारत में यह शिक्षा दी गई है कि धरती हमारी माता है और हम धरती के पुत्र हैं। कोई भी सुयोग्य पुत्र मां के साथ अराजकता बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत मां की आन, बान और शान के प्रति किसी ने दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ हर भारतीय खड़ा होगा।

### मुख्ययमंत्री योगी ने दी शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद, 'भारत रत्न' डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं प्रदेश वासियों को 'शिक्षक दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि भारतीय संस्कृति एवं वेदांत दर्शन को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित कर 'आधुनिक भारत-शिक्षित भारत' के निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के लिए पाथेय है। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश जारी किए।

# मनरगा को कमजोर करना बड़ी रणनीति का हिस्सा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मोदी सरकार ने योजना को पर्याप्त बजट का आवंटन नहीं किया: जयराम रमेश

कांग्रेस ने मनरेगा को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि एक रणनीति के तहत दुनिया की इस सबसे बड़ी कल्याणकारी योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां एक बयान में इस बात पर चिता व्यक्त की है कि मोदी सरकार ने इस योजना को पर्याप्त बजट का आवंटन नहीं किया है। रमेश ने कहा कि आज महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-मनरेगा कानून बनने की 20वीं वर्षगांठ है। होना तो यह चाहिए था कि आज हम दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजना की उपलब्धियों को याद करते, लेकिन इस सरकार में योजना के अनिश्चित भविष्य को लेकर चिता जतानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय के नियमों के अनुसार किसी भी सरकारी योजना को वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में बजट का 60 प्रतिशत से अधिक खर्च करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मंत्रालय ने सिर्फ पांच महीनों में ही 60 प्रतिशत बजट खत्म कर दिया है, जिससे देश की करोड़ों ग्रामीण परिवारों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। रमेश ने कहा कि यह संकट कोई अपवाद नहीं, बल्कि मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है। मनरेगा को पिछले 11 वर्षों से पर्याप्त बजट नहीं मिला है। उच्च महंगाई के बावजूद पिछले तीन सालों से बजट लगभग स्थिर है। इससे योजना की मांग-आधारित दृष्टि का मजाक बन गया है और करोड़ों श्रमिकों को जरूरत पड़ने पर काम नहीं मिल पाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा मजदूरों को वेतन भुगतान 15 दिनों की वैधानिक समयसीमा के बाद भी देर से मिलता है और मुआवजा भी नहीं दिया जाता।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अलर्ट

**शाह टाइम्स बयूरो**

■ यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए राहत और बचाव कार्य तेजी पर

**लखनऊ।** पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। इनमें से ज्ड़ादातर जिले यमुना नदी के किनारे हैं, जिसका जलस्तर पिछले चार दिनों से लगातार बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में खासकर राज्य के पश्चिमी हिस्सों में राहत और बचाव दल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अभी तक जिन 28 जिलों में बाढ़ की सूचना मिली थी, उनमें आगरा, अलीगढ़, बलिया, बारा. बंकी, बदायूं, बस्ती, चंदौली, फर्रुखाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, कासगंज, कानपुर देहात, कन्नौज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शाहज. हांपुर, संत कबीर नगर, सीतापुर और उन्नाव शामिल थे। इनमें से आगरा, अलीगढ़, बाराबंकी, बस्ती, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, मथुरा, पीलीभीत, सहारनपुर, संत कबीर नगर और सीतापुर में लोग बाध से प्रभावित हैं। अधिकारियों की मानें तो 889 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य 319 बाढ़ आश्रय स्थलों का संचालन कर रहा था जहां 5,453 लोगों को स्थानांतरित किया गया था।

## योगी सरकार और पुलिस पर जमकर बरसे सपा प्रमुख

# अखिलेश की गाड़ी का 8 लाख का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: भाजपा के लोग पूरा सिस्टम चला रहे, सरकार जनता से वसूली कर रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी गाड़ी का आठ लाख का चालान होने के बाद शुक्रवार को सरकार और पुलिस पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के लोग पूरा सिस्टम चला रहे हैं।

सरकार जनता से वसूली कर रही है। सुविधाएं नहीं दे रही है, लेकिन जमकर टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी गाड़ी का आगरा एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के कारण आठ लाख रुपये का चालान कर दिया। सरकार की तरफ से जो गाड़ी हमें दी गई है, वो चलने की हालत में नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर वो भी गाड़ी दूढेंगे और विपक्षियों को देंगे। शिक्षक दिवस पर शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यादव ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षक जगत में जो पहचान बनाई है, उसको हम नमन करते हैं। आने वाले दिनों में समा. जवादी सरकार बनने पर क्वालिटी ऑफ एजुकेशन और रोजगार पर फोकस करेंगे। यह सरकार समाज, शिक्षक, शिक्षा को बर्बाद कर रही है। सरकार लोगों को पढ़ने नहीं देना चाहती है। समाज पढ़ेगा तो तर्क करेगा। शिक्षा से आत्मबल बढ़ता है। सपा प्रमुख ने कहा कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में नहीं है। ऐसा नहीं रहता, तो 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को आंदोलन नहीं करना पढ़ता। स्कूल बंद नहीं करने पड़ते। प्रतापगढ़ में डीफार्मा का फर्जी कोर्स चलाने वाले को जेल में डाल दिया गया, जबकि वो बीजेपी का करीबी है। उन्होंने ने कहा कि सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। आज से महज 493 दिन बचे हैं। इस बार वो वोट नही बघ्ने देंगे। इनके पास चुनावी तिकघी है। जुगाघ आयोग के जरिये यह सारा काम करते हैं। उन्होंने जीएसटी की दरों में बदलाव पर कहा कि ये सब चुनाव को देखकर किया गया है। मुनाफाखोरी कम नहीं हो रही है। ट्रंप के टैरिफ ने भाजपा के लोगों के मुंह पर ताला लगा दिया है।

### चीन का सामान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को पूरी तरह खत्म कर देगा

चीन का सामान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को पूरी तरह खत्म कर देगामेक इन इंडिया की बात करने वाले लोग हमारे बाजारों में चीन का माल भर दे रहे हैं। । आज पूरा बाजार चीन के माल से भरा पड़ा है। इस दौरान भाजपा विधायक केतकी सिंह के टोटी चोर वाले बयान पर उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर टोटी चोर होने का आरोप लगाया गया, मेरे घर को गंगाजल से धुलवाया गया। भाजपा भले इस बात को भूल जाए, लेकिन मैं नहीं भूल सकता। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी को जिम्मेदार ठहराया और कहा स्टिंग ऑपरेशन कराया गया, मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा।



सेंसेक्स 8145667
निफ्टी 24950.50



सोना रु. 105751
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# शुरुआती तेजी के बाद सपाट बंद हुए शेयर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती तेजी और उसके बाद बड़ी गिरावट से गुजरते हुये प्रमुख सूचकांक अंत में सपाट बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 7.25 अंक टूटकर 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 6.70 अंक की मजबूती के साथ कारोबार की समाप्ति पर 24,741 अंक पर पहुंच गया। एफएमसीजी, आईटी और रियलिटी सेक्टरों पर काफी दबाव रहा। वहीं ऑटो, धातु और बैंकिग सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.34 प्रतिशत और मारुति सुजुकी का 1.70 फीसदी की बढ़त में रहा। पावर ग्रिड (1.21 प्रतिशत) और रिलायंस इंडस्ट्रीज (1.11 प्रतिशत) में भी एक फीसदी से अधिक की तेजी रही। एफएमसीजी और आईटी पर दबाव के कारण आईटीसी का शेयर 2.01 प्रतिशत टूट गया, जबकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस में क्रमश: 1.55 फीसदी और 1.53 फीसदी की गिरावट रही। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच सेंसेक्स 294.41 अंक की तेजी के साथ 81,012.42 अंक पर खुला और 81,036.56 अंक तक मजबूत हुआ, लेकिन एक घंटे के भीतर यह लाल निशान में चला गया। एक समय यह गत दिवस के मुकाबले करीब 400 अंक नीचे 80,321.19 अंक तक उतर गया था, लेकिन बाद में फिर सुधार देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 84.55 अंक चढ़कर 24,818.85 अंक पर खुला। इसका ग्राफ भी कमोबेश सेंसेक्स जैसा ही रहा। यह ऊपर 24,832.35 अंक और नीचे 24,621.60 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बढ़त में रहने वाली अन्य कंपनियों में इटरनल, सनफार्मा, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, हिदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और अडानी पोर्ट्स के शेयर लाल निशान में बंद हुये। एशियाई बाजारों में जापान की निक्केई 1.03 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.24 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.43 प्रतिशत उछल गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.27 फीसदी ऊपर कारोबार कर रहा था।

### जीएसटी घटने से जूता कारोबारी खुश

**आगरा।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में आगरा के फुटवियर कारोबार को काफी राहत मिली है। 2500 रुपए तक की कीमत के फुटवियर पर अब 12 फीसदी की बजाय सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी लगेगी। आगरा में जूता कारोबारियों की ये मांग लंबे वक्त से मांग चली आ रही थी। आगरा के जूता कारोबारी इस कदम का स्वागत कर रहे हैं तो राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा है कि ये जनता के दबाव में हुआ है। शू फैक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त से 12 से 5 फीसदी जीएसटी की मांग कर रहे थे। 2 सितम्बर 2024 में एक महासभा की थी, जिसमें 26 प्रांतों के कारोबारी शामिल हुए थे। महासभा में जीएसटी कम करने को लेकर चर्चा हुई थी। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से भी मुलाकात हुई थी उन्होंने जीएसटी कम करने का आश्वासन दिया था।

# शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिले: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। श्रीमती मुर्मू ने इस मौके पर कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं।

उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार और समर्पित विद्यार्थी उन विद्यार्थियों से बेहतर होते हैं, जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनाएं और बुद्धि दोनों होती हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मां-नंदा....**

आसपास के ग्रामीण, हल्द्वानी, रामनगर काशीपुर, रुद्रपुर सहित अन्य शहरों से मां के भक्तों मां को विदा करने के लिए नैनीताल पहुंचे हुए हैं। और पूरा शहर मां नंदा सुनंदा के रंग में रंगा हुआ है। आयोजक श्री -राम सेवक सभा द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। गाड़ियों में सवार मां के भक्तों द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मां नंदा सुनंदा की शोभायात्रा में मेला अधिकारी एसडीएम केएन गोस्वामी, अधिशाषी अधिकारी रोहतांश शर्मा, विनोद जीना, एसपी क्राइम व यातायात डा. जगदीश चन्द्रा ने कंधा देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान महोत्सव राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, मुकेश जोशी मंटू,प्रो. ललित तिवारी, मिथिलेश पांडे, मोहित लाल साह, हरीश राणा, आयुष भंडारी, विक्रम राठौर विक्की, तेज सिंह नेगी समेत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, एडीएम विवेक राय, शैलेन्द्र नेगी, एसडीएम नवाजिश खालिक, मल्लीताल कोतवाल हरीश पंत, एसआई दीपक बिष्ट, तल्लीताल एसओ मनोज नयाल, समेत हजारों की तादाद में स्थानीय व दूर दराज से आए भक्त भी मौजूद रहे।

**देश में बरसाती आफत...**

इलाके यमुना नदी के पानी में डूब गए हैं। मॉनेस्ट्री मार्केट में दुकानों के सामने 2-2 फीट पानी भरा है। दुकानें बंद पड़ी हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में बाढ़ का पानी आने से सड़क को जेस. ीबी मशीन से खोद दिया गया। ताकि पानी आसानी से दूसरी तरफ जा सके। हालांकि, सड़क खोदने से 13 गांव का रास्ता बंद हो गया है। हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए। राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई।

इससे एक हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला। पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल सकती है।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# मवाना-हस्तिनापुर पुलिस से दो बदमाशों की हुई मुठभेड़

## घायल बदमाशों में जोनी भाटी है डी-97 गैंग का लीडर व एक है जिला बदर गुड्डू

**बदमाशों के पास से दो अवैध पिस्टल व एक तमंचा बरामद**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** देर रात मवाना व हस्तिनापुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान हुई मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली का शिकार हो गए। जबकि एक अन्य बदमाशों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों में से एक मेरठ से जिला बदर है और एक बदमाश पंजीकृत गैंग का लीडर है। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने दो पिस्टल और एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने घायल बदमाशों का उपचार कराने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हस्तिनापुर पुलिस को देर रात सूचना मिली कि सफेद वैगन आर कार में सवार होकर तीन बदमाश मवाना की ओर जा रहे हैं। एसओ हस्तिनापुर शशांक द्विवेदी ने इसकी सूचना मवाना पुलिस को फोन पर दी।

उसके बाद मवाना पुलिस अलर्ट हो गई और दोनों थानों की पुलिस ने कूड़ी गंग नहर के पुल के पास बदमाशों की गाड़ी को घेर लिया। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया और जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली लग गई। जिनमें से एक का नाम गुड्डू उर्फ युधिष्ठिर पुत्र बालेश्वर निवासी डिफेंस कॉलोनी बताया गया है। पुलिस के मुताबिक गुड्डू मेरठ से जिला बदर है और उस पर 10 मुकदमें दर्ज हैं। दूसरा घायल बदमाश जोनी भाटी उर्फ शोकेंद्र पुत्र प्रेम सिंह निवासी अलीपुर मोरना है। पुलिस ने बताया कि जोनी पर 14 मुकदमें दर्ज हैं और वह थाने में पंजीकृत डी-97 गैंग का लीडर है। जबकि तीसरा बदमाश सोनू प्रजापति पुत्र राकेश निवासी मुरादनगर है। उनके पास से दो पिस्टल, एक तमंचा व चार कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने बदमाशों की कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बदमाशों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# ओलंपिक में उतारी जाए तो मेरठ पुलिस को मिलेंगे सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल!

## आखिर क्या वजह है कि अपराधी के पैर में ही लगता है सटीक निशाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अगर ओलंपिक में निशानेबाजी का मुक. ाबला कराया जाए और उसमें मेरठ पुलिस को उतार दिया जाए, तो शायद सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल मेरठ के खाते में आएंगे। वजह है पुलिस का सटीक निशाना, जो हर मुठभेड़ में आरोपियों के पैर पर ही लगता है वो भी अंधेरी रात में। जनपद में आए दिन पुलिस मुठभेड़ की खबरें आती हैं और लगभग हर बार प्रेस नोट में एक जैसी ही कहानी लिखी रहती है। आरोपी पुलिस से पिस्टल छीनकर भागने लगे, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने सटीक पैर में गोली मारी। लूट और चोरी की कई घटनाओं का खुलासा कर चुके मेरठ के कप्तान विपिन टाडा भले ही अपराधियों पर लगाम लगाने में सक्रिय हैं, लेकिन बार-बार प्रेस नोट में एक जैसी लाइनें आने से सवाल खड़े हो रहे हैं। लोग इसे कॉपी-पेस्ट वाली आदत बता रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आद. ेश दिया है कि पुलिस मीडिया को सटीक और सही जानकारी दे, कोई भी तथ्य न छुपाए। ऐसे में बार-बार एक जैसी कहानियां सामने आना पुलिस की छवि को सवालों के घेरे में खड़ा करता है। चर्चा अब सिर्फ अपराधियों के हौसले बुलंद होने की नहीं है, बल्कि इस बात की भी है कि आखिर हर बार आरोपी पुलिस से इतनी आसानी से पिस्टल कैसे छीन लेते हैं। और फिर जवाबी कार्रवाई में निशाना हमेशा पैर पर ही क्यों लगता है?

# हेड बॉय व हेड गर्ल ने संभाला एक घंटे प्रधानाचार्य का चार्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं केक काटकर किया गया। बच्चों ने अपने अध्यापकों के लिए कविता के माध्यम से अपने दिल के भाव व्यक्त किए।

इस अवसर पर अनुशासन समिति के छात्रों ने सास्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए तथा सभी टीचर्स को कार्ड व गिफ्ट देकर शुभकामनाएं दी। बाद में हेड बॉय एवं हेड गर्ल को एक घंटे के लिए प्रधानाचार्य के पद को संभालने का मौका दिया गया। जिसमें उन्होंने यह अहसास किया कि इस पद की कितनी गरिमा है और किस तरह से जिम्मेदारियों का निर्वाह किया जाता है। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अपना व अपने स्कूल का नाम रोशन कर आसमान की बुलंदियों तक लेकर जाना है। साथ ही शिक्षकों को उनके दायित्व को ईमानदारी से निभाने के लिए प्रेरित भी किया।

# पति का आरोप: भारती नाम बताकर रचाई थी मुस्कान ने शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दौराला थाना क्षेत्र के गांव टाडा में हिंदू युवक और मुस्लिम युवती के विवाह का मामला विवादों में आ गया है।

युवक नितिन ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी धोखे से कराई गई। नितिन का कहना है कि उसकी पत्नी मुस्कान को शादी से पहले भारती नाम बताकर हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कराया गया। कुछ महीने बाद उसे मालूम हुआ कि उसकी पत्नी मुस्लिम समुदाय से है। आरोप है कि विवाह के समय युवती के परिवार ने खुद को हिंदू बताया था। नितिन ने यह भी आरोप लगाया कि पत्नी और उसके परिवार ने धर्मांतरण के लिए दबाव बनाया और धर्म न बदलने पर 15 लाख रुपये की डिमांड रखी। वहीं, दूसरी ओर युवती ने पति नितिन पर घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों पक्षों के आरोपों की पुलिस जांच कर रही है। नितिन ने न्याय के लिए एसएसपी कार्यालय में गुहार लगाई है। फिलहाल मामले की गहनता से पड़ताल की जा रही है।



# सैफी खिदमत-ए-खल्क फाउंडेशन ने कराया दो जोड़ों का निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद जानी कला के बड़े मदरसा दारूल उलूम मुहममदिया खानकाह फेज ए अवलिया दो दिवसीय मजलिस की गई। जिसमें दुर दराज से आलीमो ने शिरकत की इस दौरान सैफी खिदमत-ए- खल्क फाउंडेशन के बेनर तले दो जोड़ो को निकाह मदरसा मोजुदीन सैफी मवाना की पुत्री का निकाह मोहम्मद दानिश सैफी पुत्र आबिद सैफी मीरपुर के साथ व दूसरा निकाह सोनम सैफी पुत्री शाहिद सैफी मीरा. पुर का निकाह मोहम्मद शमी पुत्र मोहम्मद अब्बास सैफी हुमायूं नगर के साथ नबी ए पाक. की सुन्नत के आधार पर मौलाना सलाउद्दीन सैफी द्वारा पढ़ाया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री शकील भारती के अलावा समाज के लोग शामिल रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए आगे आए किठौर क्षेत्रवासी

**मस्जिदों में हुई पंजाब के लिए दुआएं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** देशभर में बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा रखी है कहीं भूस्खलन तो कहीं बाढ़ और कहीं तेज बारिश ने हाल बेहाल कर रखा है। भारत के कुछ राज्यों जिनमें जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, से लेकर मैदानी राज्यों दिल्ली एनसीआर, पंजाब हरियाणा, महाराष्ट्र तक बाढ़ और बारिश से बुरा हाल है। भारत में सबसे अधिक प्रकृति की मार पंजाब झेल रहा है पंजाब मैं बाढ़ ने जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जहां पर लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

इस आपदा के चलते किठौर क्षेत्र मैं जुमे की नमाज के बाद तमाम लोगों से प्रकृति की मार झेल रहे पंजाब के लोगों के लिए दिल खोलकर मदद करने का आह्वान किया। जिसके चलते किठौर क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों ने दिल खोलकर मदद की किठौर क्षेत्र के आलिमो ने सामूहिक रूप से सभी मस्जिदों में ऐलान कर राहत सामग्री के लिए धन अर्जित किया और उसको भेजने की तैयारी शुरू कर दी। आलिमो ने मुसलमानो से कहा कि यही इंसानियत है अपने मुल्क के बाशिन्दों की हिफाजत करें और जहां तक हो सके उनके दुख दर्द में शामिल हो। इस्लाम की यही शिक्षा है की मजलूम और जरूरतमंदो की मदद की जाए चाहे वह किसी भी मजहब से संबंध रखता हो।

# राहत सामग्री लेकर पंजाब पहुंचा भारतीय किसान मजदूर सर्वसमाज का प्रतिनिधिमंडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बाढ़ के कारण पंजाब के बिगड़ते हालात को देखते हुए अवधेश बरसे अलग-अलग संस्थाएं सामग्री लेकर पंजाब की तरफ रुख कर रही है। इसी कड़ी में भारतीय किसान मजदूर सर्व समाज का एक प्रतिनिधिमंडल भी शुक्रवार को बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए राहत सामग्री लेकर पंजाब पहुंचा।

इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम खान ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गायों के निर्देश पर उनके प्रतिनिधिमंडल पंजाब पहुंचा है। जिन्होंने पंजाब के शाही इमाम हजरत मोहम्मद उस्मान लुधियानवी से मुलाकात की और पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए सहायता देने की बात कहीं। इस दौरान शाही इमाम ने किसान संगठन के प्रति. निधिमंडल को पठान कोट के क्षेत्र में मेहनत करने की जिम्मेदारी दी। इस दौरान सभी ने पंजाब के शाही इमाम से दुआ की दरखास्त की।

# दो मायनों में विशेष रहा शिक्षक दिवस!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार का दिन दो मायनों में विशेष रहा। एक ओर देशभर में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिन डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें नमन करने और समाज को ज्ञान का प्रकाश देने वाले सभी शिक्षकों का सम्मान करने का अवसर है। इस दिन विद्यार्थी अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और उनके मार्गदर्शन को जीवन का आधार मानते हैं। वहीं दूसरी ओर बारावफात पड़ने से मुस्लिम समुदाय के लिए भी यह दिन प्रेरणा से भरा हुआ रहा, क्योंकि इसी दिन पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की जयंती भी है। मोहम्मद साहब ने मानवता को सच्चाई, ईमानदारी, इंसाफ और सही राह पर चलने की शिक्षा पूरी दुनिया को दी। उनकी शिक्षाएँ आज भी समाज को शांति, भाईचारे और इंसा. नियत की ओर अग्रसर करती हैं।

# शोभित विश्वविद्यालय में आदर्श शिक्षक दिवस का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में शुक्रवार को 'आदर्श शिक्षक दिवस' बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। यह विशेष दिवस और भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इसी दिन मां आदर्श का जन्मदिवस भी है। विश्वविद्यालय परिवार ने मां की शिक्षाओं, गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को स्मरण करते हुए इस दिवस को 'आदर्श शिक्षक दिवस' के रूप में समर्पित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: हवन से हुई, जिसमें संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर शिक्षकों और मां आदर्श के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें किसानों की समस्याओं और सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। साथ ही मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता को ओणम पर्व को समर्पित किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी सृजनशीलता और भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को नमन करते हुए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। "लूट वादन, नृत्य, गीत-संगीत, कविता-पाठ और अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। कुल. पति प्रो. वी. के. त्यागी ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए मां आदर्श के प्रेरणादायी संदेशों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मां ही प्रथम गुरु होती है और शिक्षक जीवन के पथ-प्रदर्शक। साथ ही उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को याद करते हुए शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। प्रो-वाईस चांसलर प्रो. जयनन्द ने भी अपने विचार व्यक्त किए और शिक्षा एवं शिक्षक-छात्र संबंध की महत्ता पर सारगर्भित शब्दों में प्रकाश डाला। इस आयोजन की संयोजक प्रो. दिव्य प्रकाश तथा सह-संयोजक डॉ. सुरभि सरोहा रहीं। इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने इस विशेष दिवस को और भी यादगार बना दिया।




# लावड़ में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार को महलका ऐजुकेशन सेन्टर पर शिक्षक दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया। गुरुओं ने छात्र-छात्राओं को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भी शिक्षा के क्षेत्र में अपना सौ प्रतिशत लगाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का शिक्षा के क्षेत्र में अतुल्य व अविस्मरणीय योगदान पूरे विस्तार के साथ बताकर छात्र-छात्राओं के अन्दर भी शिक्षा की ज्वाला की ऊर्जा का संचार करने का प्रयास किया।

कोचिंग संस्था मैक के डायरेक्टर शहजाद नसीर ने भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पांच सितम्बर पर केक काटकर उन्हें सम्मान दिया। उन्होंने बच्चो को भारत का भविष्य बताकर शिक्षा के साथ-साथ देश की उन्नति और विकास में सक्रिय रूप से भागीदारी करने तथा आत्मनिर्भर भारत उन्नत भारत के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सपने को उनके पदचिन्हों पर चलकर साकार करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर हुसैन रिजवी, गुलफाम सैफी, गौरव सैनी, तुषार टॉक, नीशू राजवंशी शोएब सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

वहीं कस्बे में दौराला मसूरी मार्ग पर स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में भी शिक्षक दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने भी शिक्षक बनकर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिसके बाद प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने छात्राओं को सर्वपल्ली राधाकृष्णन के पद्मचिन्ह पर चलने का आह्वान करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले



सभी अध्यापिकाओं ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# IGRS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का रेंज ने छठी बार प्राप्त किया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह अगस्त 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए उनका शासन की मंशानुरूप समयबद्ध विधिक निस्तारण कराया गया, जिससे आई. जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- अगस्त 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की जारी की गई रैकिंग में मेरठ परिक्षेत्र द्वारा लगातार छठी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिये गये है।

# ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस

## नेशनल स्कूल में हुए कार्यक्रम में बच्चों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। जश्न मिलादुन्नबी कमेटी के तत्वावधान में ईद मिलादुन्नबी पर शुक्रवार को मदरसा इस्लामिया लालकुर्ती से स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ विशाल जुलूस निकाला।

इस मौके पर बच्चे नबी की शान में सौहार्द व भाईचारा के नारे लगा रहे थे इसके साथ ही हाथों में बैनर के माध्यम से अच्छे संस्कार इन्सानी भाईचारा एवं स्वच्छता कौम एकता का पैगाम दे रहे थे। जुलूस लालकुर्ती शास्त्री चौक, बेगमपुल से होते हुए नेशनल इन्टर कॉलेज शिवाजी चौक पहुंचा। जहां पर जोरदार स्वागत किया गया। इसके उपरांत नेशनल स्कूल में जश्न मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा पी.टी किरात, तकबीर और नात पेश की गई। इसके अलावा मेरठ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, मेरठ ग्रेसियस स्कूल, सनलाईट इंटर कॉलेज व मेरठ पब्लिक स्कूल सहित अनेक स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलाम साबिर साहब ने की जबकि संचालन रऊफुल हसन अन्सारी एडवोकेट व डॉ. आरिफउद्दीन साबरी एडवोकेट ने किया। इस दौरान विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस्माईल लतीफी, सईद अहमद खान, आफताब अहमद, मेराजुददीन अन्सारी, इस्माइल अंसारी, सैय्यद अशरफ अली, अकरम मिर्जा, शानू मिर्जा आदि ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# फलावदा में श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** महलका शिव मंदिर में चल रहे श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव कार्यक्रम का विसर्जन यात्रा के साथ हुआ समापन। इस मौके पर भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के जयकारों से भक्तिमय में बना दिया। यात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की युवा और बच्चे ढोल की धुन पर नाचते गाते रहे। इसके उपरांत मवाना गंग. नहर पर विधि विधान से भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के साथ बप्पा की विदाई दी। इस मौके पर सुनील कंबोज, राहुल सैनी, संदीप सैनी, अरविंद, बॉबी, पवन, नैनसिंह पंडित, रवि, सचिन, विनित सैनी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शिशु मन्दिर फलावदा की टीम विजयी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में स्थित जवत्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित जन शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश की विभागीय संस्कृति महोत्सव 2025-26 में प्रश्न मंच प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में शिशु मन्दिर फलावदा की टीम ने विजय प्राप्त की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जन शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक हेम. राज सिंह, मेरठ संभाग निरीक्षक ओमकार तथा धर्म जागरण के प्रांतीय विधि प्रमुख प्रदीप बिश्नोई ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में लोक नृत्य प्रतियोगिता में शिशु मंदिर फलावदा व हस्तिनापुर की टीमों में शिशु मंदिर फलावदा की टीम प्रथम स्थान पर रही। तत्पश्चात आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता के बाल वर्ग एवं शिशु वर्ग दोनों वर्गों में फलावदा की टीम प्रथम स्थान पर तथा हस्तिनापुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

मूर्ति कला प्रतियोगिता में कस्बा फलावदा की छात्रा अवनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला प्रतियोगिता में शिशु मंदिर फलावदा के छात्र यश व छात्र देव ने महारानी अहिल्याबाई होलकर का चित्र बनाकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिशु वर्ग की गीत प्रतियोगिता में छात्रा राशि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य वक्ता प्रदेश निरीक्षक हेमराज सिंह ने परिणाम की घोषणा करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को अच्छा प्रदर्शन करके जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। सभी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। जबकि शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार प्राप्त समस्त प्रतिभागी अब प्रांतीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर डॉ. अनुपम बिश्नोई, केनरा बैंक के प्रबंधक राजीव, तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक कमल कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद मेरठ व बागपत के समस्त शिशु मंदिरों रजपुरा, रोहटा, अमीनगर सराय, अग्रवाल मंडी टटीरी, माछरा, हस्तिनापुर आदि की टीमें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुबोध सिंह ने किया।

# गणेश विसर्जन यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बांके बिहारी डेरी द्वारा गणेश विसर्जन यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई जिसकी चर्चा भी रही। जिसमें बृजमोहन यादव, शिवम यादव व महिलाओं का का सहयोग रहा।



# लावड़ में सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे अधिशासी अधिकारी

## तैनाती स्थल पर नहीं रुकते अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** मेरठ जिले की नगर पंचायत लावड़ के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री के आद. ेशानुसार बीते दिनों निर्देश दिया गया था कि सभी अधिशासी अधिकारी तैनाती स्थल पर ही निवास करेंगे। योगी सरकार ने नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत में तैनात अधिशाशी अधिकारीयों को निर्देश दिया था कि वह अपनी तैनाती स्थल का निवास पता लिखित रूप से स्थानीय निकाय निदेशालय को हर हाल में ईमेल से उपलब्ध कराएंगे। इस संबंध में बीते दिनों प्रमुख सचिव नगर विकास ने इस संबंध में शासन आदेश जारी किया था और कहा था कि नगरीय निकायों में सेवाओं की गुणवत्ता के साथ समय से डिलीवरी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिक समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराना भी सरकार की गुड गवर्नेंस की प्रतिबद्धता है। इसको ध्यान में रखते हुए ही नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में तैनात अधिशाशी अधिक. ारी को वहीं पर निवास करने के आद. ेश जारी किए गए थे। साथ ही जिला. धिकारी ओर मंडलायुक्तों को भी निर्देश दिया गया कि वह औचक निरीक्षण कर यह पता लगाएंगे कि अधिशासी अधिकारी वहीं पर निवास कर रहे है या नहीं, उनके वहां ना मिलने पर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी लेकिन लावड़ नगर पंचायत कार्यालय में तैनात अधिशाशी अधिकारी मनोज कुमार सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वह इस समय लावड़ के अलावा नगर पंचायत परीक्षितगढ़ में भी कार्यरत हैं लेकिन वह ना तो किला परीक्षितगढ में निवास करते हैं और ना ही लावड़ में। वह मेरठ में निवास करते हैं और हर रोज वहीं से आना जाना करते हैं। इस तरह सरकार के आदेश उनके लिए कोई मायने नहीं रखते। अगर जिलाधिकारी या मंडलायुक्त द्वारा जांच कराई जाए तो कार्यवाही होना संभव है।

# अलेक्जेंडर एथलेटिक क्लब चुनाव: परिवर्तन परिवार की टीम ने वोटर्स के घर-घर जाकर किया संपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को अलेक्जेंडर एथलेटिक क्लब के परिवर्तन परिवार की टीम ने शुक्रवार को सुबह अपने सभी उम्मीदवारों के साथ मानसरोवर, हरमनदास रोड, मनोरंजन पार्क क्षेत्र मेरठ में एक सभा क्लब के चुनाव की रणनीति तय करने के लिए की गई और वोटर्स सदस्यों के घर-घर जाकर संपर्क किया। परिवार परिवर्तन टीम के सभी उम्मीदवार मौजूद थे। सभी उम्मीदवारों का इस क्षेत्र में रहने वाले सभी वोटर सदस्यों ने आशीर्वाद के साथ सहयोग दिया और विजयी होने की शुभकामनाएं परिवर्तन परिवार की टीम को दीं। इस अवसर पर टीम परिवर्तन परिवार के सभी उम्मीदवार जे. पी. अग्रवाल उपाध्यक्ष, संजय कुमार सचिव, राहुल दास कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य अंशुल अग्रवाल,



अनुपम गुप्ता, सीए कमल अग्रवाल, करण अरविन्द जैन (लाली), निमिष खेत्रपाल (निशु) जय शंकर, ओम रस्तोगी (सुधीर रजबन), राम कुमार गुप्ता (खेमा) शैलेन्द्र रस्तोगी, सिद्धांत अग्रवाल, सोरभ अरोड़ा (दिव्या पम्प्स), उमेश अग्रवाल शारदा, विपिन कुमार जैन, अनिल कुमार अग्रवाल आदि के साथ बड़ी संख्या में क्लब सदस्य मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सरधना। शुक्रवार को थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पिछले तीन माह से फरार चल रहा था जिसकी तलाश में पुलिस दबिशे दे रही है। गुरुवार को उसे पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि तीन माह पूर्व मोहल्ला खेवान में एक परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला हो गया था। जिसमें दस से अधिक लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के बाद से ही एक आरोपी ओमप्रकाश पुत्र हंसराम फरार चल रहा था। उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। गुरुवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# 'शिक्षक भाग्य विधाता ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता भी'

## शिक्षक दिवस पर वेंक्टेश्वरा संस्थान में सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में शिक्षक दिवस-2025 पर 'सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान समारोह' एवं 'शिक्षक सिर्फ भाग्य विधाता ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता भी' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया है जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान एवं देशभर के अलग-अलग स्कूलो के 250 से अधिक विशिष्ट शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यो को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद एवं एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व उपकुलसचिव एवं विश्वविद्यालय सलाहकार प्रो. आर.एस. शर्मा एवं विख्यात महाक.



वियत्री एवं शिक्षाविद प्रो. मधु चतुर्वेदी को उनकी शानदार सेवाओं के लिए 'लाईफ टाईम अचीवमेंट पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान डॉ. सी.वी. रमन सभागार में शिक्षक दिवस-2025 पर आयोजित सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान समारोह एवं 'शिक्षक सिर्फ भाग्य विधाता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता भी' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, वित्त निदेशक युवराज सिंह, डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय, भाजयुमो अध्यक्ष शुभम चौधरी, डॉ. यतीन्द्र कटारिया, डॉ. मधु चतुर्वेदी, शिक्षक श्योनाथ सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।

अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि आज शिक्षित युवाओं के दम पर भारत दुनिया का सिरमौर देश बनने वाला नहीं, बल्कि बन चुका है एवं इसका सारा श्रेय इन हीरो को तराशने वाले जौहरियो यानि देश के सम्मानित शिक्षकों को जाता है। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओ ने अपने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस अवसर पर वेंक्टेश्वरा के कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. सुमन, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. नीतू पंवार, डॉ.राजवर्द्धन, डॉ. आशुतोष, डॉ.दर्पण कौशिक, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. ज्योति, डॉ. मनीष, डॉ. मंजरी राणा, अनुषा कर्णवाल, मारूफ चौधरी, एस.एस. बघेल, सी.एफ.ओ. विकास भाटिया, डायरेक्टर लीगल देवप्रताप, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, डॉ. बी.सी. दुबे, रितु वर्मा, पूजा शर्मा, प्रीती त्यागी, अर्चना सिवाच, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. नितिन राज वर्मा, रोहित कुमार, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ. ज्योति सिंह एवं अखिल कुमार ने किया। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ. ज्योति सिंह एवं अखिल कुमार ने किया।

# 30 लाख की लागत से बनी सड़कों का विधायक गुलाम मोहम्मद ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** सिवाल खास विधानसभा के रालोद विधायक गुलाम मोहम्मद लगातार क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सिवाल खास विधानसभा के अलग-अलग गांव में लगातार सड़कें और नालियां पक्की हो रही हैं। हर रोज नए निर्माण सिवाल खास विधानसभा को बेहद खास बना रहे हैं। शुक्रवार को भी विधायक गुलाम मोहम्मद अपने क्षेत्र के विकास कार्यो को हरी झंडी दिखाने और कई जगह सड़क के उद्घाटन पर पहुंचे। शुक्रवार को वह अपने भारी समर्थकों के साथ ग्राम नानू फतेहपुर पहुंचे जहां पर उन्होंने 20 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई सड़क का उद्घाटन किया और लोगों को बेहतर जिंदगी देने और बेहतर संसाधन देने के अपने वादे को पूरा किया। इस दौरान उनके साथ नौफिल प्रधान, इसरार, खालिद, जाहिद त्यागी, आसिफ चौधरी, शाकिब, लुकमान कालंद, शहजाद पूठ, परवेज प्रधान, राशिद नंबरदार जलिश पूठ आदि मौजूद रहे। वहीं इसके बाद वह ग्राम बुबकपुर में 10 लाख की लागत से बनी सड़क का उद्घाटन करने पहुंचे जहां पर लोगों ने उन्हें अपने कंधों पर बिठा लिया और कहा कि क्षेत्र की गली-गली का ध्यान अगर किसी को है तो वह विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद है। इस दौरान उनके साथ श्रीओम, संदीप, निसार, अभिषेक कसाना रामबीर, अख्तर, आशु, ओमकार, इंद्रजीत, सुनील, भगवत, शहजाद पूठ आदि रहे।

## जब बच्चों को देखकर उनके बीच बैठ गए विधायक



**मेरठ।** ग्राम बुबकपुर में सड़क के उद्घाटन के बाद जब विधायक गुलाम मोहम्मद में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बच्चों को देखा। सभी बच्चों ने सिर पर टोपी पहन रखी थी उन्हें देखकर विधायक गुलाम मोहम्मद को भी अपना बचपन याद आ गया और बच्चों के साथ चबूतरे पर जा बैठे। उन्होंने बच्चों के साथ खूब हंसी मजाक की और सभी के साथ अपना फोटो खिंचवाते हुए कहा कि यह बच्चे देश का भविष्य है। आज यह जो देख रहे हैं उन्हीं संस्कारों को अपने दिल में लेकर आगे बढ़ेंगे इसलिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए और उन्हें दीन और दुनिया दोनों की तालीम से रूबरू करना चाहिए। इस दौरान बच्चों ने भी विधायक गुलाम मोहम्मद से खूब बातें कीं।

# बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार का मेरठ कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में आगमन हुआ। इस दौरान खिलाड़ियों, कोच व पदाधिकारियों ने प्रमोद कुमार का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव, मेरठ बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष भीष्म सिंह, सचिव विशेष तोमर, उत्तर प्रदेश पुलिस टीम कोच सुरेंद्र प्रताप सिंह, बॉक्सिंग कोच सुरेश चंद शर्मा, रोबिन सिंह, टेक्निक निर्देशक उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसो. अभिषेक द्रिवेदी, बॉक्सिंग कोच, सोशल वर्कर रोबिन नाथ गोलू भाई, संजय कटारिया, रविंद्र सिंह, देव सिंह, हिमांशु योगराज, निपल, नरेश चंदोला, सचिन ठाकुर समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्राम बस्तोरा नारंग पहुंचकर सुनीं बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** शुक्रवार को हस्तिनापुर विधानसभा में आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट चरण सिंह के नेतृत्व में व वरिष्ठ साथी मोनू तोमर, युवा जिला अध्यक्ष डॉ. सौरव गौतम ने ग्राम बस्तोरा नारंग में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनीं तथा आश्वासन दिया कि नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद आपकी आवाज को संसद में उठाने का काम करेंगे तथा किसानों का कर्ज माफ करने गरीबों को मकान, कटी हुई जमीन का उचित मुआवजा दिया जाए और सुचारू रूप से गांव की सड़क का तत्काल प्रभाव से बनाई जाए और विश्वास दिलाया कि किसी भी जरूरत के लिए भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी परिवार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है



जो भी पीड़ित परिवार हैं उसकी हर तरीके से मदद की जाएगी। अगर प्रशासन कोई मदद नहीं करता तो पार्टी आंदोलन के लिए तैयार रहेगी। मौके पर प्रदेश कमेटी सदस्य बृजमोहन, प्रदेश सचिव डॉ. ओमप्रकाश, सिंह, पूर्व मंडल संगठन मंत्री भीम सिंह, जिला संरक्षक तेजवीर सिंह, सुनील राणा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्धन, प्रभारी अजीत चंद्रा, महानगर प्रभारी चतर सिंह जाटव, शहर विधानसभा अध्यक्ष फहीम रंगरेज, जिला उपाध्यक्ष सुधीर गौतम, जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, विधानसभा अध्यक्ष सीताराम जाटव युवा विधानसभा अध्यक्ष रॉबिन जाटव, युवा जिला सचिव रोबिन, ब्लॉक अध्यक्ष मवाना शिवकुमार, वरिष्ठ समाजसेवी कृपाल सिंह, वरिष्ठ चंद्रवीर सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गुरु और शिष्यों के बीच का रिश्ता है शिक्षक दिवस

**विरासत त्यागी/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** प्राचीनकाल से भारत में गुरु और शिष्यों के बीच की परंपरा का बहुत अधिक महत्व रहा है। भारतवर्ष में गुरुओं को हमेशा ही विशेष जगह दी गई है। यहां तक की उन्हें भगवान और माता-पिता से भी ऊपर माना गया है। देश भर में गुरुओं के प्रति अपार आस्था है जिसके चलते उनको बहुत सम्मान दिया जाता है।

शिक्षक दिवस भारतवर्ष में एक खास मुकाम रखता है यही वजह है की शिक्षक दिवस पर भारत के हर स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर आदि संस्थानों में छात्र-छात्राएं इस दिन को विशेष बनाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ते। बहुत से छात्र शिक्षक दिवस कार्ड बनाकर अपने प्रिय शिक्षकों को शुभकामनाओं के तौर पर देते हैं। हर वर्ष शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है। अगर यह देखा जाए कि 5 सितंबर ही इसके लिए क्यों चुना गया तो उसके पीछे छुपी एक कहानी है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन 1962 में स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति बने तब उनके कुछ छात्रों ने 5 सितंबर को उनका जन्मदिन मनाने के लिए कहा। तब उन्होंने अपने प्रिय छात्रों से कहा कि यदि इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। तब से ही भारत में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा, जबकि विश्व स्तर पर शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888

## ज्ञान के मसीहा ही नहीं मार्गदर्शक भी हैं शिक्षक




को तमिलनाडु के तिरूमानी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। 1954 में उन्हें भारत रत्न पुरस्कार दिया गया। एक शिक्षक हमारे जीवन में मार्गदर्शन का काम करता है। जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने के लिए हमें शिक्षक ही तैयार करते हैं ताकि हम अपने जीवन में किसी के सामने कभी बेइज्जत ना हो। अगर देखा जाए तो एक बेहतर जीवन की परिकल्पना शिक्षक के बिना अधूरी है। एक राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का योगदान अनंत है। इसके लिए उन्हें हमें बेहतर शिक्षा प्रदान करने और हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करने के लिए धन्यवाद देना ही इस दिन को मनाने का मकसद है। संसार का कोई भी राष्ट्र तभी विक. सित हो सकता है जब उसके शिक्षक भी योग्य हों। वैसे तो संसार के सभी शिक्षक पूजनीय हैं मगर इस संसार में कुछ शिक्षक ऐसे भी हुए हैं जिनका कोई सानी नहीं है और जिन्होंने अपने कार्यों से भारत को कामयाबी की ऊंचाई तक ले जाने का काम किया। प्राचीन भारत में राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, एपीजे अब्दुल कलाम, दयानंद सरस्वती, सर सैयद अहमद खान आदि ऐसी शिक्षक थे जिन्होंने अपने राष्ट्र के निर्माण में अतुल्य योगदान प्रदान किया। स्वामी विवेक. ानंद ने कहा था अपने गुरु के प्रति विश्वास, नम्रता, विनय और श्रद्धा के बिना हमारे अंदर धर्म का भाव उत्पन्न नहीं हो सकता जबकि एक महान शिक्षक चाणक्य ने भी कहा था कि व्यक्ति को हमेशा अपने गुरुओं को पिता के समान ही सम्मान देना चाहिए। गुरु का सम्मान करने वाला व्यक्ति इस संसार में कभी असफल नहीं हो सकता लेकिन आज के बदलते परिवेश में शिक्षक अपने आपको कमजोर महसूस कर रहा है। छात्र-छात्राओं की उनके प्रति आदर भाव की कमी नजर आती है। कभी-कभी ऐसा लगता है जैसे गुरु और शिष्यों के बीच का रिश्ता कमजोर हो गया है। किसी भी देश की तरक्की में शिक्षक का बहुत बड़ा योगदान है।

एक अच्छा शिक्षक अपने छात्रों को अपने मुल्क की तरक्की में योगदान देने के लिए उसको तैयार करता है। इस बदलते परिवेश में छात्र-छात्राओं का अपने गुरु के प्रति श्रद्धा, विनय, नम्रता, विश्वास कहीं खो गया है। हम भारतवासियों को अपने बच्चों को गुरुओं के प्रति सम्मान की भावना को जगाना होगा क्योंकि प्राचीन समय से ही घर को ही पहली पाठशाला माना जाता है। यही भारत की संस्कृति हम भारतवासियों को सिखाती है।

अगर दूसरी ओर देखा जाए हम भारत के लोग जैसे-जैसे अपनी संस्कृति खो रहे हैं और पश्चिम की संस्कृति को अपना रहे हैं उसी के साथ ही गुरु और शिष्यों के बीच जो रिश्ता सदियों से मजबूत था उसकी कड़ियां कमजोर होती जा रही हैं। हम सभी को अपने मुल्क की तहजीब और संस्कृति को अपनाना होगा और पश्चिमी सभ्यता को छोड़कर अपनी सभ्यताओं की ओर जाना होगा शायद फिर उम्मीद कर सकते हैं कि जो रिश्ता प्राचीन भारत में सदियों से गुरु और शिष्यों के बीच था वह मजबूत होगा। शिक्षक ज्ञान के मसीहा ही नहीं बल्कि छात्र-छात्राओं के चरित्र निर्माता भी हैं। एक शिक्षक एक सच्चा मार्गदर्शक और चरित्र निर्माता होता है, आज के दौर में कमजोर पड़ रहे इस रिश्ते को सभी भारतवासियों को मजबूत करना होगा।

# एसएसपी ने किया भामौरी पुलिस चौकी का उदघाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के भामौरी गांव में नवनिर्मित पुलिस चौकी का शुक्रवार को एसएसपी ने उदघाटना कर दिया। देर शाम करीब पांच बजे एसएसपी डा. विपिन ताडा भामौरी पहुंचे। जहां उन्होंने फीता काटकर पुलिस चौकी का उदघाटन किया। बता दें कि सरधना में चार चौकियों का निर्माण हुआ है। तीन चौकियों सरधना गंगनहर पुल, अटेरना गंगनहर पुल व नानू गंगनहर पुल का एसएसपी पहले उदघाटन कर चुके हैं। शुक्रवार को उन्होंने चौथी चौकी का उदघाटन किया जोकि भामौरी गांव में बनाई गई है। इस मौके पर इंस्पेक्टर प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज नादान सिंह, ग्राम प्रधान दिनेश कुमार, पूर्व प्रधान सोनू भामौरी, जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार, अशोक प्रधान, अनिल सिरोही, सचिन भामौरी, शानू जैन, अम्बुज त्यागी, राकेश महाजन आदि मौजूद थे।



# बिहारी सिंह कालेज में मना शिक्षक दिवस

**हसनपुर।** चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज रहरा में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को मनाया गया। शुक्रवार को विद्यालय के निदेशक ब्रहमदत्त त्यागी व संरक्षण डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निदेशक ब्रहमदत्त त्यागी ने बताया डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण के बताये हुए रास्तों पर चलना। चाहिये। स्टाफ व छात्र छात्राओं ने डॉक्टर राधा कृष्ण के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान विद्यालय समिति द्वारा सभी शिक्षक शिक्षकों को शिक्षा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपहार दिए।


## कार्यालय नगर पंचायत लावड़ (मेरठ)

पत्रांक: 328/न.पं./2025-26/ई-निविदा दिनांक: 04.09.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लावड़ जनपद मेरठ में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 749/2025/नौ-5-2025/001-Comp-No. 1897247-NP नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 17 मार्च, 2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्राप्त एवं प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत लावड़ की सीमान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो हेतु ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदा दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों हेतु निविदा डाल सकता है। ई-निविदा की समस्त उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)**

| Sr. No. | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Document Download start date | 06.09.2025 | 1.00 PM |
| 2 | Document Downloading end date | 06.10.2025 | 12.00 PM |
| 3 | Online bid submission start date | 06.09.2025 | 1.00 PM |
| 4 | Online bid submission closing date | 06.10.2025 | 12.00 PM |
| 5 | Technical bid opening date | 06.10.2025 | 1.00 PM |
| 7 | Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids. | | |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण, उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि, निविदा मूल्य तथा समय अवधि का विवरण, नियम व शर्तें पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 06.09.2025 को अपराह्न 01:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेगी।

**(मनोज कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत लावड़, मेरठ।**

**(आफताब बेगम)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत लावड़, मेरठ।**


# स्पंदन-2025 का रंगारंग समापन, सुभारती में प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव स्पंदन- 2025 का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। स्पंदन 205 के अंतिम दिन विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित मांगल्य प्रेक्षागृह में लगभग ढाई हजार विद्यार्थियों की उपस्थिति में विभिन्न प्रतियोगियों की प्रस्तुति अद्भूत रही। इन प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना उपस्थित सभी अतिथियों ने की। इस समापन कार्यक्रम में आयोजित एकल नृत्य (सोलो डांस) व समूह नृत्य (ग्रुप डांस) प्रतियोगिता में मेरठ के प्रसि) भरतनाट्यम गुरू रूपम, सुश्री अंजना भारद्वाज, एवं सुश्री सौम्या गौर, प्रोफे.(डॉ.) मो. निका मेहरोत्र व सुश्री स्वेता सिंह निर्णायक के रूप में तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम.याकूब (से.नि.) विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

# वेद दुनिया के प्राचीनतम ग्रंथ हैं:राज्यपाल

## बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने चौ.केहर सिंह एजुकेशन ट्रस्ट में यज्ञशाला का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शुक्रवार को चौ.केहर सिंह एजुकेशन ट्रस्ट, बड़ौत में एक ऐतिहासिक क्षण साकार हुआ, जब आर्य समाज स्थापना के 150 स्वर्णिम वर्ष एवं महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर भव्य यज्ञशाला शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने प्रथम ईंट रखकर यज्ञशाला का शिलान्यास किया और शिलालेख का अनावरण किया। उन्होंने इस अवसर को शिक्षा के साथ संस्कारों को जोड़ने वाली पुनीत पहल बताया। कार्यक्रम का आयोजन जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के सहयोग से हुआ।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरिफ मोहम्मद खान ने अपने उद्बोधन में यज्ञशाला स्थापना को संस्कृति और शिक्षा के समन्वय की अनूठी मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रश्न बार-बार मन में उठता है कि क्या हमने अपनी महान संस्कृति के साथ न्याय किया है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के मौलिक अधिकार भी मनुष्य को उसकी मानवता की है सियत से प्रतिष्ठित करते हैं। आज यूनेस्को ने भी स्वीकार किया है कि वेद दुनिया के प्राचीनतम ग्रंथ हैं। वेदों ने हजारों वर्ष पूर्व 'अहम् ब्रह्मास्मि' की उद्घोषणा की थी। यही भाव मानव को सभी जीवों में श्रेष्ठ बनाता है। राज्यपाल ने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि धर्म केवल 'रिलिजन' नहीं, बल्कि विश्वकल्याण की व्यापक कल्पना है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति दुनिया की अकेली संस्कृति है, जो दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा मानती है। दान का अर्थ है परमात्मा ने जो दिया है उसमें दूसरों का भी हिस्सा है। यही यज्ञ का संदेश है। उन्होंने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण और आधार है। विद्यालय परिसर में यज्ञशाला बनने से वैदिक संस्कृति का संदेश युवा पीढ़ी तक पहुँचेगा और उनमें संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति की भावना जागेगी। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद डा.सत्यपाल सिंह ने कहा कि बागपत वीरता और संस्कारों की भूमि है, जहां से स्वतंत्रता संग्राम के नायक शाहमल जैसे वीर निकले। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण और संस्कारवान समाज का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घरों को साफ रखते हैं, वैसे ही हमें ईश्वर प्रदत्त धरती, जल और वायु को भी प्रदूषणमुक्त रखना चाहिए। आज नैनो टेक्नोलॉजी के युग में यज्ञ की सामग्री में पुष्ट, रोगनाशक, मिष्ठी और सुगंधित वस्तुएं अवश्य होनी चाहिए। सभी लोगों को साप्ताहिक यज्ञ करने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि यह नवस्थापित यज्ञशाला वातावरण की शुद्धि के साथ ही युवाओं की चेतना को पवित्र और सशक्त करेगी। संयोजक एवं बड़ौत मेडिसिटी अस्पताल बड़ौत के ऑनर डा.मनीष तोमर ने बताया कि कार्यक्रम में सात राज्यों से आए आर्य समाज प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन की प्रशंसा की मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल ने परिसर की कॉलेज बिल्डिंग की बहुत ही प्रशंसा की और उन्होंने डा. मनीष तोमर के व्यवहार की भी प्रशंसा की।

## 102 एम्बुलेंस में जुड़वा बच्चों की गूंजी किलकारी, जच्चा-बच्चा दोनों हैं स्वस्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** प्रदेश में संचालित 102 एम्बुलेंस में आज सुबह मे करीब 04:30 बजे पर एक बार फिर जुड़वा नवजात शिशुओं की किलकारी से गूंज उठी।

रटौल निवासी सुबहान की पत्नी 26 वर्षीय रिजवाना को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने आशा द्वारा 102 एम्भ्बुलेंस बुलाई थी। एम्बुलेंस उन्हें लेकर अस्पताल जा रही थी, लेकिन रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ गई, जिसके बाद एम्बुलेंस कर्मचारी ईएमटी भूपेंद्र कुमार ने अपने पायलट राहुल कुमार से एंबुलेंस को रोड के किनारे लग वाया। ईएमटी भूपेंद्र कुमार ने अपनी सूझबूझ से महिला का एम्बुलेंस में ही डिलीवरी किट की मदद से सुरक्षित जुड़वा बच्चों का प्रसव कराया। ईएमटी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि पहले बच्चे का प्रसव कराने में कोई खास समस्या नहीं हुई, लेकिन दूसरे बच्चे का प्रसव कराने में कई ऐसी परिस्थितियां सामने आई जो मैंने सोची भी नही थीं। क्योंकि दूसरे बच्चे के गले गर्भनाल पूरी तरह फंसा हुआ था। उसके बाद मैन देखा की जच्चा की भी हालत बिगड़ती जा रही थी। एक झलक में 108 व 102 एंबुलेंस।-108-किसी भी प्रकार की इमरजेंसी के लिए तेज बुखार, हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर, जानवर के काटने इत्यादि में 102 - गर्भवती महिलाओ तथा 2 वर्ष के नवजात शिशु को घर से अस्पताल लाने व उपचार पश्चात अस्पताल से घर जाने हेतु नि:शुल्क सुविधा। 102 /108 एंबुलेंस सेवा इन योजनाओं को हो रही वरदान साबित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मातृ शिशु सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और जननी शिशु सुरक्षा योजना आदि योजनाओं में 102 एंबुलेंस सेवा महिलाओं को वरदान साबित हो रही है। जैसे जननी शिशु सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जेएसएसके एक स्वास्थ्य योजना है जिसके तहत गर्भवती महिलाओं और बीमार नवजात शिशुओं को मुफ्त इलाज मिलता है। यह योजना 1 जून, 2011 को शुरू की गई थी। यह

## जीवन में यज्ञ करने से होती है शक्ति प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** उन्होंने कहा कि जीवन में यज्ञ हमें करना चाहिए यज्ञ से हमें शक्ति प्रदान होती है एक तेज आता है और सोचने समझने की तीव्रता भी बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र पाल वर्मा, प्रधान, आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार जोड़ने की दिशा में यह पहल अत्यंत सराहनीय है। समाजसेवी नरेंद्र त्यागी ने भी अपने विचार रखे और कहा कि ऐसी यज्ञशालाएं आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का कार्य करेंगी। कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में आवासीय शिविर, संस्कार यात्राओं तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का भी संकल्प लिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी सुशील राणा, कोषाध्यक्ष कपिल आर्य एवं मंत्री रवि शास्त्री, रामपाल तोमर, धर्मपाल त्यागी आदि ने बताया कि यह यज्ञशाला संस्कार, संस्कृति और शिक्षा का संगम बनेगी जिसमें नियमित यज्ञ हवन आयोजित किए जाएंगे।

## डयूटी में लापरवाही नहीं की जाएगी बिल्कुल भी बर्दाश्त:एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने देर रात बड़ौत कोतवाली, रमाला और छपरौली थाना क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने मुख्य चौराहा बॉर्डर चौकियों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

एसपी ने पुलिसकर्मियों को लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि डयूटी में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच भी की गई। एसपी ने बॉर्डर चौकियों पर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच के आदेश दिए। पुलिसकर्मियों को आमजन से अच्छा व्यवहार रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई होगी। स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया, जिससे लोग अपनी समस्याएं आसानी से पुलिस के



सामने रख सकें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग कर सकें।

## एक नजर

### ईएमटी ने अपनी सुझबुझ से जुड़वा बच्चों का एम्बुलेंस में ही कराया सुरक्षित प्रसव

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रटौल।** उसके बाद मैने अपनी सुझबुझ से दूसरे बच्चे का भी सुरक्षित प्रसव कराया। जुड़वा बच्चों को देख के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ उठी। परिजनों ने सुरक्षित जुड़वा बच्चों के प्रसव कराने के लिए सरकारी एम्बुलेंस सेवा और एम्बुलेंस कर्मचारियों की सराहना की। ईएमटी भूपेंद्र कुमार ने अपनी सुझबुझ से जुड़वा बच्चों का एम्बुलेंस में ही कराया सुरक्षित प्रसव। इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ गर्भवती महिलाओं को सीज़ेरियन सहित प्रसव मुफ्त में मिलता है। गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क दवाएं, निदान, रक्त, और आहार मिलता है। घर से अस्पताल तक और अस्पताल से घर तक मुफ़्त परिवहन मिलता है। रेफ़रल के मामले में, सुविधाओं के बीच और वापस घर जाने की सुविधा मिलती है। जन्म के 30 दिनों तक बीमार नवजात शिशु को मुफ़्त इलाज मिलता है। नवजात और एक साल तक के बीमार बच्चों को नि:शुल्क दवाएं, उपभोग्य , व्यवस्था मिलती है। सभी प्रकार के उपयोगकर्ता शुल्क से छूट मिलती है।

## यमुना तटवर्ती बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने छपरौली विकासखंड के काकोर कलां गांव में यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लेते हुए राजस्व, सिंचाई और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि राहत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभावित परिवारों को समय से खाद्यान्न, शुद्ध पेयजल और चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में जलभराव की समस्या पर निरंतर निगरानी रखी जाए और जरूरत पड़ने पर नाव व राहत टीमों की सहायता ली जाए। उन्होंने तहसीलदार और लेखपाल को निर्देशित किया कि प्रभावित परिवारों की सूची अद्यतन रखी जाए और मकानों व फसलों की क्षति का सर्वेक्षण तत्काल पूरा किया जाए, ताकि प्रभावित लोगों को शीघ्र सहायता मिल सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि तटबंधों की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाए और कमजोर स्थानों पर अतिरिक्त चौकसी बरती जाए। वहीं जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने काकोर कलां गांव में स्थित गौ संरक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर गौवंश के लिए चारा, पानी और चिकित्सा व्यवस्था गौ संरक्षण केंद्र पर रखे हुए समस्त रजिस्टरों का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंश की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर होना चाहिए। केंद्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो तथा चिकित्सक नियमित रूप से पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करें। उन्होंने चारे की पर्याप्त उपलब्धता और गुणवत्ता पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि गौ संरक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में गौवंश को सुरक्षित और संरक्षित वातावरण मिले। निरीक्षण के अवसर पर उपजिलाधिकारी बड़ौत भावना सिंह, सिंचाई विभाग,के सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## संस्कृति पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य बालकिशन शर्मा, राजेन्द्र सिंह राठी, पूर्व प्रवक्ता राकेश शर्मा, लेक्चरर हिमांशु शेखर शर्मा, पूर्व लेक्चरर मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर विधार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी वक्ताओं ने शिक्षक दिवस पर विचार व्यक्त किए। बालकिशन शर्मा ने टीचर का अर्थ समझाते हुए कहा कि टीचर की अपनी महत्ता होती है। पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन अगर चाहते तो अपने जन्मदिन को किसी अन्य तरह से भी मनवा सकते थे, लेकिन वह सबसे पहले शिक्षक थे अत: उन्होंने शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने का आग्रह किया। चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि सभी बच्चों ने शानदार कार्यक्रम करके शिक्षक दिवस को यादगार बना दिया। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए विधार्थियों को प्रेरित किया कि सच्चा शिक्षक दिवस मनाना चाहते हो तो समर्पण के साथ अपनी पढ़ाई में जी जान से जुट जाओ और अपने शिक्षकों को अपनी सफलता का तोहफा दो। सोनम चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वंशिका पूनिया द्वारा प्रस्तुत धरती मां के एक्ट की सभी ने प्रशंसा की। इस अवसर पर स्कूल की तरफ से सभी अतिथियों एवं अध्यापक अध्यापिकाओं को सम्मानित किया।

## गणपति की पूजा अर्चना कर सुख शांति का मांगा वरदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ के तत्वाधान में अर्वाचीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित श्रीगणेश महोत्सव में दसवें दिवस श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के लंबोदर स्वरूप की पूजा-अर्चना कर सुख- शांति, धन-धान्य, वैभव, प्राप्ति के लिये प्रार्थना की। पंडित सुभाष चंद्र शर्मा ने ओंकारेश्वर, नवग्रह, भद्र मंडल चौदस माधुरिका, भगवान गणपति, श्री, आदि देवी देवताओं का पंचामृत से स्नान करा, यज्ञोपवीत, वस्त्र, फल-फूल मालाओं से पूजन कराया। पंडित सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान के इस स्वरूप की पूजा-अर्चना करने से धन, ऐश्वर्य, सरकारी नौकरी, ग्रह शांति, वैभव, श्रद्धालुओं को प्राप्त होता हैं। महोत्सव में पधारे गणमान्य लोगों को धर्म संघ की ओर से पका दिव्यमाला पहनकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुज शर्मा बसी, प्रदीप शर्मा अनिल त्यागी,भूपेश गुप्ता, अखिलेश शास्त्री, मनोज जैन, बिट्टू धामा, विनोद गुप्ता बिल्लू, पंडित उमेश कौत्स, कपिल शर्मा, विशाल, अविनाश, संजय प्रजापत, मीनाक्षी स्वामी, उमेश शर्मा धर्म संघ महामंत्री आदि ने भगवान गणपति की पूजा करना कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

## यमुना मैया का रूद्र रूप शांत करने के लिए किया यज्ञ पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव के शिव मंदिर में यमुना मैया ने जो रूद्र रूप धारण किया था। उसे शांत करने के लिए जागौश कौशिक परिवार के तत्वाधान में यज्ञ हवन पुजन किया गया। गांव के सभी लोगों ने अपनी अपनी हवन कुंड में आहुति देने का काम किया। इस मौके पर मुख्य यजमान अनिल कौशिक अनिता कौशिक ने यज्ञ हवन को सम्पन्न कराया। यज्ञ हवन होते ही यमुना मैया का जलस्तर कम होने लगा सभी गांव के लोगों ने यमुना मैया की जय जयकार करते हुए उनको हाथ जोड़कर नमन किया। यज्ञ हवन में आहुति देने वालो में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व विधायकराजेंद्र शर्मा रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष



धीरज उज्जवल पूर्व प्रधान विजयपाल शर्मा ग्राम प्रधान निशा देवी पुर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल शर्मा पूर्व प्रधान राजू तोमर सिरसली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लव कुश शर्मा निटु शर्मा के अलावा शबगा गांव के लोगों ने भी यज्ञ में आहुति दी। यज्ञ हवन को आचार्य विद्वान बृजमोहन शास्त्री मिंटू शास्त्री अनिल पांडे विकास शास्त्री आचार्य कुलदीप शास्त्री देवेंद्र त्यागी चेयरमैन रामपाल शर्मा अश्वनी शर्मा पंडित लोकेश कौशिक सोनू कौशिक जगदीश कौशिक तिलक राम शर्माआचार्य गौरी शंकर शास्त्री विशेष कौशिकके अलावा यज्ञ हवन में समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में भारत के दूसरे राष्ट्रपति डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की। समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम का संचालन किया।





कार्यक्रम की शुरुआत डा. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर पांच शिक्षकों-अरुण मलिक, सत्येंद्र मोगा, प्रदीप जाटव, सलीम अहमद और प्रमोद धामा को समाजवादी शिक्षक रत्न से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने डा.राधाकृष्णन को एक महान दार्शनिक और विद्वान बताया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक हर पीढ़ी को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम में समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव नगेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान समेत कई नेता मौजूद रहे। इस दौरान बागपत से मोमिना के नेतृत्व में कई महिलाओं ने सपा की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष ने पुष्प भेंट कर महिलाओं का स्वागत किया और कहा कि इससे जनपद में पार्टी और मजबूत होगी।

## कल्पद्रुम विधान के 250 अर्घ चढ़ाए गए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** शुक्रवार को श्रीदिगंबर जैन बड़ा मंदिर बागपत में दशलक्षण पर्व के नोवे दिन उत्तम आकिंचन पर मंदिर में चल रहा श्री 1008 कल्पद्रुम महामंडल विधान जिसमें सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा की गई। शांति धारा की बोली सरोज जैन प्रदीप जैन गुड़गांव वाले और द्वितीय बोली जिनेंद्र जैन पुनीत जैन ऋषभ जैन उज्जवल जैन द्वारा ली गई । उसके बाद अनिकेत जैन शास्त्री द्वारा विधान का प्रारंभ किया गया जिसमें कल्पद्रुम विधान के 250 अर्घ चढ़ाए गए। सायंकाल के समय अनिकेत द्वारा उत्तम आकिंचन धर्म पर प्रकाश डाला गया और बताया कि परिग्रह को सीमित करना उत्तम आकिंचन धर्म है। तत्पश्चात बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए गए जिसमें बच्चों को तंबोला गेम खिलाया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन पीयूष जैन अतुल जैन विजेंद्र जैन और धर्म जागृति के युवा और बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

**सूचना**
मेरे बैंक खाते में मेरा नाम राजीव कुमार पुत्र जिलेसिंह व अन्य दस्तावेज में राजू पुत्र जिलेसिंह दर्ज है। उपरोक्त दोनो नाम मुझ एक व्यक्ति के ही नाम है।
राजू पुत्र जिलेसिंह निवासी ग्राम नंगला बहलोलपुर जनपद बागपत।

## दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को प्रतिवर्ष शशिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन समस्त देश में भारत सरकार द्वारा श्रेष्ठ शिक्षकों को पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। यद्यपि उन्हें 1931 में ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा सर की उपाधि प्रदान की गयी थी, लेकिन स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात उसका औचित्य डा.राधाकृष्णन के लिये समाप्त हो चुका था। जब वे उपराष्ट्रपति बन गये तो स्वतन्त्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेंद्र प्रसाद ने 1954 में उन्हें उनकी महान दार्शनिक व शैक्षिक उपलब्धियों के लिये देश का सर्वोच्चअलंकरण भारत रत्न प्रदान किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. अरविंद त्रिपाठी अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य पन्नालाल शर्मा ने इस अवसर पर अजय राज शर्मा, सतीश शर्मा, पीयूष जैन, दीपक जैन, विनोद जैन, दिनेश जैन, विनीत जैन निशांत जैन, राजीव जैन, राजेश कुमार, विनय कुमार, देशपाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, आकाश जैन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अभिलेख रख-रखाव व योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बड़ौत विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन अभिलेखों के संधारण, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भौतिक परिस्थितियों पर विशेष ध्यान दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभिलेखों का रख-रखाव अद्यतन, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए, ताकि किसी भी समय योजनाओं की प्रगति एवं स्थिति का संज्ञान लिया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास खंड स्तर पर संचालित योजनाओं का प्रदर्शन बैनर, फ्लेक्स एवं सूचना पट्ट के माध्यम से कार्यालय परिसर में प्रमुख स्थानों पर किया जाए,





जिससे आमजन तक योजनाओं की जानकारी सुलभ हो।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में सीलन एवं अव्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय का वातावरण कार्यकुशलता को प्रभावित करता है, अत: परिसर में साफ-सफाई एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री मॉडल आवास योजना का स्थल निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक अनुरूप पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की स्थिति का संज्ञान लिया तथा समयपालन को अनिवार्य बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समय से कार्यालय में उपस्थित रहें और सेवा भाव से कार्य करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा सहित विकास खंड स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा कर स्वयं क्षेत्रीय भ्रमण सुनिश्चित करें, ताकि धरातल पर कार्यों का सत्यापन हो सके और आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ प्राप्त हो।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गोकश गिरफ्तार, एक फरार

**हापुड़।** गुरुवार रात थाना बहादुरगढ़ पुलिस की गोकश बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घायल सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि बदमाशों का तीसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्ज़े से गो. कशी के उपकरण, बिना नंबर प्लेट लगी बाइक, एक अवैध तमंचा, एक ज़िंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक ज़िंदा गाय बरामद की है। तो वही गिरफ्तार किए गए दोनों गोकश बदमाश पुलिस के आगे हाथ जोड़कर यह कहते नज़र आए कि साहबगलती हो गई अब दोबारा ऐसा नहीं होगा। गढ़मुक्तेश्वर सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ नानई से पलवाड़ा जाने वाले रास्ते पर चे. किंग कर रहे थे। तभी उन्हें एक बाइक पर तीन संदिग्ध आते जंगल की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। ज़ब पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें एक बदमाश मेहताब के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने एक दूसरे बदमाश जैद को भी घेराबंदी कर दबोच लिया। इस दौरान तीसरा बदमाश इकरार, जंगल और अँधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने बदमाशों के कब्ज़े से एक बिना नंबर प्लेट की बाइक, गोकशी के औजार, एक तमंचा, एक ज़िंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक ज़िंदा गाय बरामद की है। सीओ ने बताया कि गिरतार किए गए बदमाश लंबे समय से क्षेत्र




में गोकशी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे और इन पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इनके नेटवर्क का पता लगाने के भी प्रयास कर रही है।

# शराब की दुकान में चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि 31अगस्त को थाना क्षेत्र के गांव कंदौला में स्थित देशी शराब की दुकान में चोरों द्वारा चोरी के वारदात को अंजाम दिया गया था। संबंधित मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव कंदौला में स्थित देशी शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए शातिर चोर दीपक उर्फ राजकुमार पुत्र श्रीचन्द निवासी ग्राम कुराली थाना जानी जनपद मेरठ हाल पता मोहल्ला भोलापुरी गली नं. 2 थाना पिलखुवा




जनपद हापुड़ और एक नाबालिग को महाराणा प्रताप गेट कन्दौला के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 44 हजार रुपये की नकदी, एक एलसीडी एवं घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। फिलहाल पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव कन्दौला में स्थित देसी शराब के ठेके में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर सलाखो के पीछे भेज दिया है।

# पालिकाध्यक्ष ने विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने एक विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां के अध्यापकों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा आवश्यक सुधारों के लिए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। अध्यक्ष बंसल ने विद्यालय के बाहर जलभराव की समस्या के समाधान के लिए रेलवे एवं अन्य अधिकारियों के साथ चल रही चर्चा का जिक्र करते हुए शीघ्र इसका निपटारा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था मजबूत करने के लिए डस्टबिन लगाने, बच्चों की सुरक्षा एवं आवागमन को ध्यान में रखते हुए



अस्थायी रास्तों के निर्माण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान और शिक्षा का बेहतर वातावरण समाज के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी शिक्षकों को बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अपना योगदान जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डा. निशा शर्मा, शिक्षक प्रतिनिधि डा. प्रियंका दुबे तथा अन्य वरिष्ठ शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# तेज रफ़्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 पर सिंभावली के नए बाईपास फ्लाईओवर पर एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 38 वर्षीय मोहम्मद मुश्ताक के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के रहने वाले थे। यह हादसा उस समय हुआ जब मुश्ताक अपनी बाइक से गढ़ से हापुड़ की ओर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुमित तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को हाइवे से हटाकर यातायात को सुचारू किया। जिस कार से टक्कर हुई थी, उसमें सवार लोग पीलीभीत के रहने वाले थे और खाटू श्याम से टनकपुर जा रहे थे। इस दुर्घटना में कार सवारों को कोई चोट नहीं आई, जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि पुलिस ने मोहम्मद मुश्ताक के परिवार को घटना की सूचना दे दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सागौन की लकड़ी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने सागौन की लकड़ी चोरी करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना सिंभावली पर भारी सुमित तोमर ने बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा बीएनएस में फरार चल रहे आरोपी हासिम पुत्र शमीम को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इंस्टाकार्ट सर्विसेज कंपनी के दो डिलीवरी एसोसिएट्स पर 11.80 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा में इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के दो डिलीवरी एसोसिएट्स पर 11.80 लाख की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कंपनी की शिकायत पर इस मामले में कंपनी के दो डिलीवरी एसोसिएट्स मन्नू सिंह और अविनाश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है और पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा पिलखुवा थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया गया कि ग़ाज़ियाबाद निवासी कंपनी में डिलीवरी एसोसिएट्स के पद पर तैनात आरोपी मन्नू सिंह और अविनाश सिंह ने एप्पल एयरपॉड्स सहित 25 महंगे शिपमेंट में असली उत्पादों की जगह नकली सामान भेजकर कंपनी को भारी नुकसान पहुँचाया।

आरोप है कि कंपनी के आंत. रिक ऑडिट में इस धोखाधड़ी का खुलासा हुआ, जिससे कंपनी को कुल 11.80 लाख का नुकसान हुआ है। जाँच में पाया गया कि लगभग 5.70 लाख मूल्य के शिपमेंट छह अलग-अलग मोबाइल नंबरों से मंगाए गए थे, जो अब बंद पाए गए हैं। आरोप है कि धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी हब से गायब हैं और पुलिस को जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। कंपनी की शिकायत पर पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने बताया कि सम्बंधित मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं और जल्द ही उन्हें पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लाखों के जेवरात व नकदी की चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बझेड़ा खुर्द में ग्यारह अगस्त को एक आवास से लाखों रुपये मूल्य के जेवरात एवं नकदी की चोरी हो गई। पीड़ित फूल सिंह ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार, 11 अगस्त को अज्ञात चोरों ने उनके घर से आठ सोने के आभूषण, पांच चांदी के जेवर तथा चौदह हजार पांच सौ रुपये नकदी चुरा लिए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, किंतु कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक हापुड़ को प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसी अतुल पुत्र प्रवीन सिंह पर संदेह जताया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा पड़ोसी सहित सभी संदिग्ध पहलुओं की जाँच की जा रही है। शीघ्र ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

## ई-रिक्शा हादसे के बाद चालक ने तोड़ा वादा, महिला घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में एक ई-रिक्शा की टक्कर से एक महिला के गंभीर रूप से घायल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। घटना 29 जुलाई की शाम हुई, जिसमें ई-रिक्शा चालक ने शुरू में इलाज का खर्च उठाने का वादा किया, लेकिन बाद में उससे मुकर गया।

पीड़ित रविन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि चालक कुणाल ने हादसे के बाद उन्हें इलाज के लिए 4,000 रुपये दिए और आगे की सहायता का भरोसा दिया। लेकिन बाद में उसने पैसे देने से इनकार कर दिया और अपने भाई गोपाल के साथ परिवार वालों को गाली-गलौज तथा धमकियां दीं। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने चालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## एक नजर

### एक माह से लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग, दो महिलाओं पर अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने दो महिलाओं पर बेटी को से घर बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि एक माह बाद भी उसकी लापता बेटी का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

गांव निवासी महिला ने बताया कि आठ अगस्त को वह घर से बाहर गई थी। घर आई तो देखा कि उसकी बेटी घर पर नहीं थी। पीड़िता ने बताया कि उसकी बेटी संबंध में जानकारी करने पर मालूम हुआ कि उसकी बेटी को गांव निवासी दो महिलाएं अपने साथ ले गई है। पीड़िता ने बताया कि एक माह बीत जाने के बाद भी उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी ने कोतवाली पुलिस को मामले की गहनता से जांच कर वैधानिक कार्रवाई करने की बात कहीं है।

### बेटों पर लगाया जमीन पर कब्जा कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के कोतवाली रोड निवासी सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी ने बेटों पर जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि उसके बेटों ने उसके साथ पिटाई भी की। पुलिस ने तरहीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना रोड निवासी यज्ञदेव शर्मा ने बताया कि वह पुलिस से रिटायर है। उन्होंने अपने जीवन की समस्त कमाई से अपनी पत्नी गायत्री देवी के नाम मकान एवं तीन बीघा जोत भूमि खरीदी थी। उनकी पत्नी की 23 जनवरी 2025 मौत हो चुकी है। उनका पुत्र ज्ञानप्रकाश शर्मा उर्फ (बंटी), नन्द किशोर शर्मा तथा बिना शर्मा पत्नी ज्ञानप्रकाश अपने साथ 10 से 15 अज्ञात व्यक्तियों को लेकर भूमि स्थित गढ़ बांगर खसरा 128 पर पहुंचे। वहां उनके द्वार बनाई गयी रेडिमेड बउंड्री को ध्वस्त कर दिया। जब उसने ने ज्ञानप्रकाश से बाउंड्री तोड़ने के बारे में कहा तो आरोपियों को फोन पर अभद्रता कर 24 घंटे में जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी ज्ञानप्रकश शर्मा संपत्ति विक्रय करने पर उतारू है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव चितौड़ा निवासी महिला ने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पिटाई कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी प्रीति ने बताया कि उनकी शादी छह मार्च 2025 सागर निवासी एफ-1 मकान नंबर 100 मदनगिरी दिल्ली के साथ हुई थी। शादी में मायके पक्ष की ओर से सभी दहेज व एक गाडी वेगनार दी थी। शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं हुए। आए दिन उसके पति सागर, सास मितलेश, ससुर जयपाल, नन्द सोनम, दुर्गा, देवर चिराग, राजीव लगातार गाली गलोच मार पिटाई करते। पीड़िता ने बताया कि एक जुलाई को वह अपनी बड़ी वहन से फोन से वात कर रही थी तभी। ससुराल पक्ष के लोगों ने उसको पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार के साथ गैंगस्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ एक गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि चित्तौली कट से बाईपास की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने थाना हापुड़ नगर कोतवाली से गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे अपराधी पप्पू पुत्र खलील निवासी स्याना मार्ग ग्राम इमलिया थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर हाल निवासी सिल्वर सिटी पावी सादिकपुर थाना ट्रॉनिका सिटी जनपद गाजियाबाद को दबोच लिया।

# हूटर बजाते गाड़ी का वीडियो प्रसारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के एचपीडीए पुलिस चौकी क्षेत्र में एक होटल के पास से एक गाड़ी को तेज रफ्तार से दौड़ाते हुए और जोर-जोर से हूटर बजाते हुए एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

गुरुवार की शाम प्रसारित हुए इस वीडियो में एक बोलोरो गाड़ी को कई रंगीन लाइटों से सजा हुआ और अत्यधिक तेज आवाज में हूटर बजाते हुए दिखाया गया है, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना ने सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रसारित वीडियो की जांच की जा रही है। गाड़ी और चालक की पहचान करके उसके खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लगातार बढ़ रहा है गंगा का जलस्तर, लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** लगातार हो रही वर्षा और गंगा का बढ़ता जलस्तर खादर क्षेत्र के गांवों पर कहर बरपा रहा है। बिजनौर बैराज से छोड़ा गया पानी गांवों में घुसकर जनजीवन अस्त-व्यस्त कर रहा है। मिश्रीपुर से लेकर गंगा किनारे पर बसे गांव भगवंतपुर, नयागांव, कुदैनी की मड़ैंया, रेता वाली मड़ैंया, लठीरा, कुदैनी, चक लठीरा, नयाबांस, गढ़ावली, छोटी गढ़ावनली समेत कई गांव प्रभावित हैं। अधिकांश गांव भी पूरी तरह टापू में तब्दील हो गया है।

इन दिनों बाद गंगा खादर क्षेत्र का बुराहाल है। एक तरफ जहां हजारों हेक्टेयर फसल गंगा के पानी से जलमग्न है। वहीं दूसरी तरफ गांव के घेरों में रहने वाले लोग बाढ़ के चलते अपने डेरे छोड़कर गांव के नजदीकी तटबंध पर अस्थाई रूप से डेरा डालने को मजबूर हो गए हैं। कई लोग तो खुले आसमान में रह रहे लोग परेशान है। खादर क्षेत्र में बाढ़ आने के बाद से ग्रामीणें की दिनचर्या ही बदल दी गई है। सुबह से लेकर शाम तक ग्रामीण बस बाढ़ के ही पानी को देखते रहते है। बाढ़ से घिरे गांव के लोग आज कल प्रशासन की ओर से दी जा रही बाढ़ राहत सामग्री से अपना जीवन ज्ञापन कर रहे है। क्योंकि गांव से दूर जाना उनके लिए खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में बच्चों को छोड़ कर ग्रामीण कामकाज पर भी नहीं जा पा रहे है। बाढ़ क्षेत्र का एसडीएम श्रीराम सिंह समेत तहसीलदार राहुल कुमार अन्य राजस्व विभाग की टीम के साथ मिलकर निरंतर निरीक्षण करते



हुए गंगा के जलस्तर पर निगरानी बनाए हुए है। बाढ़ राहत क्षेत्र में शुक्रवार को भाकियू टिकैत और जनशक्ति के कार्यकर्ताओं ने गांव गांव में जाकर ग्रामीणों को खाद्य सामग्री व फलों का वितरण किया किया है। उनका कहना है कि इस परिस्थितियों में सभी को पीड़ितों के सहयोग के लिए खड़ा होना चाहिए। केंद्रीय जल आयोग के गेज अधिक. ारी आबाद आलम ने बताया कि बिजनौर बैराज से 4 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके बाद गंगा नगरी ब्रजघाट में गंगा का जलस्तर और बढ़ गया है। उप जिलाधिकारी श्रीराम सिंह ने बताया कि प्रशासन बाढ़ प्रभावितों तक हर संभव मदद पहुंचा रहा है। जहां जो मदद मांगता है उसको मदद की जा रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार पफौजी की हुई मौत सेना में तैनात था 38 वर्षीय मोहम्मद मुस्ताक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा के निकट दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बाइक सवार सेना में तैनात मोहम्मद मुस्ताक 38 वर्ष निवासी गांव खटैली थाना बहरी जिला सीदी मध्य प्रदेश की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सेना के अधिकारियों को मामले की जानकारी से अवगत कराया। परिजन, रिश्तेदार के साथ थाने पहुंचे सेना के जवान पोस्टमार्टम के बाद शव को अपने साथ ले गए है।

पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान देर रात को गांव सिखेड़ा के निकट सड़क हादसा होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर बाइक सवार घायल व्यक्ति को सिखेड़ा सीएचसी पर ले जाया गया। वहां चिकित्सक द्वारा घायल को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की शिनाख्त सेना में तैनात मोहम्मद मुस्ताक 38 वर्ष निवासी गांव खटैली थाना बहरी जिला सीदी मध्य प्रदेश के रुप में हुई। सूचना पर पहुंचे मृतक के छोटे भाई मोहम्मद इबरार ने बताया कि मोहम्मद मुस्ताक वर्ष 2009 में भारतीय सेना में रिमाउंट पशु चिकित्सा कोर (आरवीसी) में तैनात हुए थे। वर्तमान में वह मेरठ में तैनात थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मोमिना बेगम के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। बताया गया है कि दो दिन पूर्व ही उन्होंने किसी रिश्तेदार के यहां जाने के लिए अवकाश लिया था। बृहस्पतिवार की रात को वह बाइक से सवार होकर घर से निकाले थे, हालांकि परिजन को यह जानकारी नहीं थी कि वह कहा जा रहे थे। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर प्राप्त होने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुकानदार को सरेआम दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मछली विक्रेता को एक युवक ने सरेआम मछली के भांति गर्दन काटकर हत्या करने की धमकी दी है। युवक द्वारा दी गई धमकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने वीडियो के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार की सुबह को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीड़ियों में एक युवक नगर के मीरा रेती के निकट लगने वाले मछली बाजार में दुकान करने वाले दुकानदार को मछली के भांति उसकी गर्दन काटने की धमकी दे रहा है, वीडियो में युवक अपने नाम का भी जिक्र कर रहा है। बताया गया है कि युवक मछली विक्रेता द्वारा गांव के मार्ग के निकट मछली के अवशेषों के फेंकने को लेकर नाराज था। पुलिस ने वीडियो को लेकर युवक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जर्जर मकान गिरने से बड़ा हादसा टला, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर फगौता में शुक्रवार को एक बड़े हादसे की आशंका पैदा कर दी। एक जर्जर मकान बारिश के कारण अचानक ढह गया, जिसमें एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है।

पीड़ित परिवार के मुताबिक, मुकेश नामक व्यक्ति अपने भाई पंकज और परिवार के साथ इस पुराने मकान में रह रहा था। सुबह परिवार के मजदूरी पर जाने और बच्चों के बाहर निकलते ही छत भरभराकर गिर गई। उस समय पंकज घर के अंदर सो रहा था, जो शोर सुनकर बाहर भागा, लेकिन हल्की चोटें आईं। मलबे में दो कमरों का कीमती सामान दब गया। मुकेश की पत्नी रूबी और उनके तीन बच्चे अंश, रिया, चमन तथा पंकज की पत्नी लता सभी सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही लेखपाल संजीव कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और प्रभावित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# सीरत उन-नबी को लेकर एक सभा का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जमीयत उलेमा शहर और तहसील हापुड़ के तत्वाधान में नगर के बुलंदशहर रोड पर स्थित सामिया गार्डन में 11 रबीउल अव्वल को इशा की नमाज़ के बाद सीरत उन-नबी के विषय पर कॉलोनी सामिया गार्डन के निवासियों के सहयोग, विशेष रूप से जमीयत उलेमा के उपाध्यक्ष मौलवी मुहम्मद अहमद साहब और 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के शहीद के वंशज डा. मरगूब साहब के सहयोग और प्रोत्साहन से आपसी संपर्क के माध्यम से हज़रत मुफ्ती अब्दुल कदीम साहब प्रबंधक, जामिया अरबिया खादिमुल इस्लाम हापुड़ और हज़रत मौलाना फखरुद्दीन साहब प्रबंधक, मदरसा आयशा लिलबनात की देखरेख में और हज़रत मौलाना मुफ्ती गुलाम नबी साहब कासमी अध्यक्ष, जमीयत उलेमा हापुड़ की अध्यक्षता में एक भव्य सभा का आयोजन हुआ।

इस सभा में अबु तलहा ने तिलावत कुरान पाठ और मौलाना मुहम्मद उसामा हापुड़ी ने नात कविता पढ़ी। इसके बाद सामिया गार्डन मस्जिद के इमाम और खतीब, मुफ्ती मुहम्मद मंसूर साहब ने सीरत के विषय पर एक संक्षिप्त भाषण दिया। साथ ही विशेष अतिथि हज़रत कारी शौकत अली साहब कोषाध्यक्ष, जमीयत उलेमा-ए-हिंद और प्रबंधक, एजाजुल उलूम, वेट ने एक विस्तृत भाषण दिया और, जमीयत के महासचिव हज़रत मौलाना मुहम्मद आरिफ साहब ने जमीयत के इतिहास पर प्रकाश डाला। इसके बाद हापुड़ शहर की शाही मस्जिद के इमाम और खतीब हज़रत कारी मुहम्मद आसिम साहब ने सीरत के विषय पर अपनी जोशीली शैली में बयान दिया। अंत में सभा के अध्यक्ष मुफ्ती गुलाम नबी कासमी ने सभी उपस्थित मेहमानों का आभार व्यक्त किया और दुआ की। जबकि संचालन की जिम्मेदारी जमीयत के सक्रिय सदस्य और मदरसा सालेह पुर के प्रबंधक मौलाना अबुल कलाम साहब ने निभाई। इस दौरान हज़रत मौलाना अलाउद्दीन साहब जिला महासचिव भी मौजूद रहे।



# डीएम और एसपी ने लिया पीईटी परीक्षा केंद्रों का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में 6 और 7 सितंबर को पीईटी यानी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसके मद्देनज़र परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से सकुशल संपन्न कराने को लेकर डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। जिले में 6 व 7 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी सकुशल एवं नकल विहीन कराए जाने को लेकर डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने थाना हापुड़ नगर, थाना हापुड़ देहात व पिलखुवा में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम अभिषेक पांडेय ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखे जाएं। साथ ही परीक्षा के सभी महत्वपूर्ण चरणों की व्यवस्थित ढंग से वीडियोग्राफी कराई जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर पानी, प्रकाश आदि की व्यवस्था को बेहतर करने के भी निर्देश दिए। जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर पीईटी की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 29,376 अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीएम अभिषेक पांडेय ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक सहित मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है और सभी मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण कर लें। सभी परीक्षा केंद्रों पर उनकी निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंधित रहेगा।



# शिक्षक दिवस पर समाजवादियों ने डा. राधाकृष्णन को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में, पूर्व राष्ट्रपति और दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर, डा. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने डा. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डा. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु में हुआ था। उन्होंने मद्रास कालेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की। डा राधाकृष्णन ने 1952 से 1962 तक भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में और फिर 1962 से 1967 तक दूसरे राष्ट्रपति के रूप में देश की सेवा की। आनंद गुर्जर ने उन्हें भारतीय संस्कृति का संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और राजनीतिक विचारक बताया। उन्होंने कहा कि डा. राधाकृष्णन ने शिक्षकों के सम्मान के लिए काफी काम किया, यही वजह है कि उनका जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी जीवनी हमें शिक्षकों का सम्मान करने और अच्छे काम करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर कुछ प्रमुख शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रधानाचार्य राजेश यादव, प्रधानाचार्य महेश चंद शर्मा, प्रवक्ता मुश्ताक अली, बबीता तोमर और नीलम शिशोदिया शामिल थे।




# बाल पोषण व स्वास्थ्य पर शैक्षणिक कार्यक्रम हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में बाल पोषण और स्वास्थ्य पर एक दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय बाल पोषण एवं स्वास्थ्य में समन्वित दृष्टिकोण 2025 था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के पोषण, जीवनशैली और स्वास्थ्य पर आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के मिले-जुले दृष्टिकोण को साझा करना था। इस दौरान तिबिया कॉलेज, दिल्ली के बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो. डा. भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि बच्चों के स्वस्थ और सफल जीवन के लिए पौष्टिक आहार बहुत ज़रूरी है। उन्होंने ज़ोर दिया कि आजकल के व्यावसायिक माहौल में स्वाद पर ज़्यादा ध्यान दिया जाता है, जिससे पोषण की कमी होती है। डा. शर्मा ने यह भी बताया कि पौष्टिक आहार के साथ अगर स्वर्ण प्राशन का इस्तेमाल किया जाए तो बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ती है, वे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं और कम बीमार पड़ते हैं। कार्यक्रम में कई अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। डा. हिमा मंगल ने बचपन में मोटापे पर चर्चा की। डा. स्वाति चौहान ने बच्चों में सामान्य पोषण के बारे में बात की। डा. अनीता ने मातृ पोषण और स्तनपान की भूमिका पर प्रकाश डाला। डा. अंकुर तंवर ने आहार विधि खान-पान के सही तरीके पर विस्तृत जानकारी दी। जीएस आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल की प्रिंसिपल डा. भावना सिंह ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए बचपन से ही मजबूत नींव डालना ज़रूरी है। उन्होंने पौष्टिक आहार को समय की ज़रूरत बताया।



# ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

## तेलीपुरा व मोढ़ीजट क्रासिंग पर हादसे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। पीएम के बाद परिजनों ने शवों को सुपुर्दे खाक कर दिया।

पहला हादसा तेलीपुरा रेलवे फाटक पर हुआ। क्षेत्र के गांव डाईडेरा गांव के रहने वाले दिनेश कुमार के बेटे देवेंद्र 9:30 बजे घर से मजदूरी करने जाने की बात कहकर निकले थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी और एक बेटा हैं। इस दौरान फाटक पर ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। इसके बाद 10 बजे दूसरा हादसा मोढ़ीजट रेलवे फाटक पर हुआ। क्षेत्र के गांव रामहट के रहने वाले खेम सिंह के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी हैं। सुबह छह बजे खेम सिंह दवाई लेने गजरौला जाने की बात कहकर घर से निकले थे। तभी मोढ़ीजट रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस दौरान मृतक खेम सिंह की जेब में लोधीपुर से गजरौला जाने का टिकट भी मिला है। जानकारी मिलने के बाद दोनों हादसा स्थलों पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




अमरोहा। कलेक्ट्रेट में शिक्षिका को सम्मानित करते विधायक महेन्द्र सिंह व डीएम निधि गुप्ता वत्स।

# देश के विकास में शिक्षक का अहम् योगदानः डीएम

## शिक्षक दिवस पर तीस अध्यापक सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीस शिक्षकों को सम्मानित किया गया। हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड्गवंशी ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी बच्चों को नैतिकता, अनुशासन व नवाचार के मार्ग पर अग्रसर करने की है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड्गवंशी, डीएम निधि गुप्ता वत्स ने तीस शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधायक महेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की रीढ़ होता है। एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान है। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि शिक्षक द्वारा जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को दी जाती है वही देश के भविष्य का निर्माण देती है। उन्होंने कहा कि गुरू का स्थान बच्चे के जीवन में सर्वोपरि है। कार्यक्रम में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, बीएसए डा. मोनिका सिंह, सईद रजा, मृदालिनी, मनोज कुमार, मनीष अरोड़ा, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, विपिन कुमार मौजूद रहे।

# नाबालिग को लेकर युवक फरार, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** प्रेम प्रसंग में युवक नाबालिग को लेकर फरार हो गया। पीड़ित पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मजदूर की 14 वर्षीय बेटी को युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा मौका पाकर वह बहला फुसलाकर उसे लेकर फरार हो गया। जब नाबालिग घर नहीं मिली तो परिजनों को शंका हुई। मामले में डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी मोहम्मद समीर पुत्र हनीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

# युवती के भाई व बॉयफ्रेंड में बीच सड़क पर मारपीट

## बॉयफ्रेंड के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बॉयफ्रेंड के साथ बाइक पर घूम रही युवती को उसके भाई ने पकड़ लिया। बॉयफ्रेंड व युवती के भाई के बीच मारपीट हो गई। बॉयफ्रेंड के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती को सेफ हाउस अमरोहा भेज दिया गया है। नगर के मोहल्ला निवासी एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड को बाइक पर लेकर घूम रहा था। इस दौरान बहन को अजनबी युवक के साथ बाइक पर घूमता हुआ देखकर उसके भाई का खून खौल उठा। युवती के भाई ने दौड़कर बहन व उसके बॉयफ्रेंड को पकड़ लिया। उसके बाद बहन के बॉयफ्रेंड व युवती के भाई के बीच मारपीट होने लगी। जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों को कोतवाली ले आयी। पुलिस ने युवती के बॉयफ्रेंड के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबके युवती को सेफ हाउस अमरोहा भेज दिया गया है।

# राजनीतिक स्वतंत्रता से नहीं होगा देश का भला

## सपाईयों ने मनाई राधाकृष्णन की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली राधा कृष्णन के शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

जिला कार्यालय पर सपाईयों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनायी गयी। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राधाकृष्णन ने जो अलख जगाई उसे आज भी जलाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि आज देश का समाज दो भागों में बंट चुका है। जिसमें दस प्रतिशत लोग शोषक तथा 90 प्रतिशत शोषित हैं। इज्जत और रोटी की लड़ाई समाजवाद की असली लड़ाई है। पीडीए वर्ग के लोग अपनी संस्कृति जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री जगराम सिंह, भूपेन्द्र सिंह, संतराम सिंह यादव, मुख्तार नकवी, सर्वेश सैनी, अजय मलिक, राधेलाल, महेश यादव, जितान्दर यादव, अतीक अहमद, रिजवान हैदर, साजिद अली मौजूद रहे।




# ई रिक्शा चालक को सांप ने डसा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** लघु शंका करने के लिए बैठा ई रिक्शा चालक को सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में हॉयर सेंटर रैफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी अशोक पुत्र नंहुआ रविवार की सुबह करीब 10:00 बजे पड़ोसी गांव अल्ली में अपनी ई-रिक्शा से ईंटे डालकर घर लौट रहा था। रास्ते में ई रिक्शा चालक लघु शंका करने के लिए सड़क किनारे बैठ गया। लघु शंका करने के लिए बैठते ही वहां मौजूद एक सांप ने उसकी टांग में काट लिया। सांप के डसते ही ई रिक्शा चालक अशोक की चीख निकल गई।

# ढाई लाख में वाहनों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली में हुई वाहनों की नीलामी में ठेकेदारों ने जमकर बोली लगाई है। रविवार को कोतवाली में नयाब तहसीलदार लो. केश कुमार व प्रभारी निरीक्षण प्रेमपाल की मौजूदगी में 6 बाइकों एक हॉडा सिटी व एक छोटा हाथी की बोली 39000 से शुरू की गई। जिसमें कई ठेकेदारों ने इसे अपनी प्रतिष्ठा समझ लिया। निर्धारित 39000 से शुरू हुई बोली ढाई लाख रुपये में अतुल कुमार त्यागी के नाम छूट गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले इन वाहनों की नीलामी हुई थी। इसमें गड़बड़ी किये जाने की शिकायत आला अधिकारियों से की गई थी। जिसके बाद उस बोली को निरस्त कर दिया गया था।

# बाइकें भिड़ीं, युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** सड़क पर खड़े टैम्पो को बचाने के चक्कर में बाइक आमने सामने टकरा गयी जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ी अजीज निवासी महावीर सिंह बेटे अवधेश के साथ जिवाई स्थित फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। इस बीच गांव पूरनपुर के रहने वाले पुष्पेन्द्र जब अपनी बाइक रोड पर लेकर पहुंचे तो सड़क पर खड़े टैम्पो से बचने के प्रयास में दोनों बाइक भिड़ गयीं। जिसमें पुष्पेन्द्र घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# शिक्षिका समेत तीन पर जहर देकर प्रेमी की हत्या का आरोप

## न्यायालय ने दिए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक की मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। परिजनों ने प्रेमिका शिक्षिका पर जहर देने का आरोप लगाते कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर न्यायालय ने आरोपी शिक्षिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नौगांवा सादात क्षेत्र के बीलना गांव में अशरफ का परिवार रहता है। उनके बेटा फैसल नौगांवा सादात के एक इंटर कॉलेज में संविदा पर पढ़ाता था। पिता अशरफ के मुताबिक हाई स्कूल और इंटर के टॉपर फैसल को स्कूल में ही पढ़ाने वाली महिला अध्यापक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। उससे निकाह भी कर लिया था। महिला शिक्षिका ने फैजल के साथ बैंक में संयुक्त खाता भी खुलवाया। फैसल को मिलने वाली सैलरी और ट्यूशन पढ़ने से इकट्ठा हुए दस लाख रुपये भी महिला शिक्षिका ने ले लिए थे। जबकि शिक्षिका ने फैसल से एक प्लॉट खरीदवा कर अपने नाम करा लिया। आरोप है कि फैसल ने महिला शिक्षिका से अपने रुपये और हिसाब किताब मांगा तो उसने नौगांवा सादात पुलिस से हमसाज होकर फैजल के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया। इस मुकदमे में फैसल जेल भी गया था। जबकि महिला शिक्षिका का फैजल के साथ अमरोहा, नैनीताल, देहरादून, मुरादाबाद, दिल्ली जैसी जगह पर भी घूमने जाती थी। दुष्कर्म के झूठे मुकदमे को लेकर फैसल ने कई बार शिक्षिका को समझने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी। लिहाजा फैसल मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। 19 अप्रैल 2025 को फैसल स्कूल पहुंचा और शिक्षिका को समझाने की कोशिश की। इसके बाद महिला शिक्षिका ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर फैसल को काबू करके जान से मारने की नीयत से जबरदस्ती जहर दे दिया। इस दौरान स्कूल के अंदर की सीसीटीवी फुटेज तो है, लेकिन बाहर की नहीं है। बाद में फैसल गंभीर अवस्था में पीलाकुंडे गांव में मिला। उसने अपने मोबाइल से अपनी मां को फोन करके कहा था कि यह लोग मुझे मार देंगे। इसके बाद फैसल का फोन बंद हो गया। अस्पताल में भर्ती करने पर फैसल की मौत हो गई। पिता अशरफ का आरोप है कि फैसल को महिला शिक्षिका ने अपने साथियों के साथ मिलकर जहर देकर मारा है। इस मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस की आलाधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने न्यायालय की शरण ली। इस दौरान फैसल के पिता अशरफ ने न्यायालय में कई महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत किए। जिसके आधार पर न्यायालय ने नौगांवा सादात पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# आम के हरे पेड़ों का कटान बेरोक टोक जारी

## वन विभाग ने एक के खिलाफ कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बिना अनुमति अवैध रूप से आम के हरे पेड़ों को काट रहे माफिया विभाग की टीम को देखकर फरार हो गये। वन विभाग ने एक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाया है। संबंधित विभागों की मिली भगत के चलते याकूबपुर उर्फ अगापुर क्षेत्र में आम के हरे भरे पेड़ों का कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सूत्रों की बात पर यदि विश्वास किया जाये तो रात के अंधेरे में संबंधित विभागों के कर्मचारी माफियाओं को आम के हरे भरे पेड़ काटने की खुली छूट दे देते हैं। और बाद में हल्का-फुल्का जुर्माना डालकर मामले को रफा दफा कर देते हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव याकूबपुर उर्फ आगापुर में शनिवार की रात लकड़ी माफिया अवैध रूप से आम के हरे भरे पेड़ों को काट रहे थे। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन माफिया टीम को देखकर वहां से फरार होने में कामयाब हो गये। माफिया आम की काटी गई लकड़ी को भी छोड़कर मौके से फरार हो गये। वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से काटी गई लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। कार्यवाहक वन क्षेत्राधिकारी सुमित राठी ने बताया विशाल पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम रामपुर भूड़ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रोडवेज की टक्कर से टैम्पू चालक की मौत

**गजरौला।** हाइवे पर एक रोडवेज बस ने टैम्पू को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में टैम्पू चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसमें बैठीं तीन महिलाएं घायल हो गईं। टक्कर इतनी तेज थ कि टैम्पू सड़क किनारे स्थित खाई में भी पलट गया था। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार टैम्पू चालक सोनू सैनी पुत्र बांके लाल सैनी निवासी कांशीराम नगर थाना मझौला जिला मुरादाबाद अपने टैम्पू द्वारा बजबाट से घर आ रहा था। टैम्पू में प्रेमवती पत्नी भजनलाल, ज्ञानवती पत्नि राकेश व श्यामकली पत्नी विनोद निवासीगण कांशीरामनगर थाना मझौला जिला मुरादाबाद बैठी थीं। रात करीब 12:15 बजे जब टैम्पू मौहम्मदाबाद के सामने पहुंचा तो रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से टैम्पू सड़क किनारे खाई में पलट गया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# बहेड़ी में अकीदत के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस अवसर पर धार्मिक स्थलों और घरों को बेहत. रीन तरीके से सजाया गया। शुक्रवार की सुबह लोगों ने फातिहा ख्वानी कराकर हुजूर मोहम्मद मुस्तफा सललल्लाहो अलैह वसल्लम की आमद का जश्न मनाया। इस दौरान जुलूस में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

जुलूस नैनीताल रोड स्थित शिमला जनरल स्टोर से शुरू होकर कोतवाली पुराना रोड, ट्रक यूनियन, पंजाबी कॉलोनी, होली चौराहा, मोहल्ला गोदाम और माथुर रोड होते हुए शिमला जनरल स्टोर पर समाप्त हुआ। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा के नारों से बहेड़ी नगर गूंज उठा। यह है हमारे नबी की शान बच्चा बच्चा है कुर्बान आदि नारे नगर की गलियों में गूंज उठे।

नगर की सभी मस्जिदों में मीलादे पाक की महफिलें सजाई गईं, और रसूले पाक की आमद का जश्न मनाया गया। मस्जिदों में जोहर की नमाज का वक्त 3 बजे किया गया था। नगर के मोहल्ला बाजार वाली मस्जिद में कारी अतीक रजा, मोती मस्जिद में हाफिज अनवार अहमद कादरी और पंजाबी कॉलोनी स्थित कादरी मस्जिद में शेरे कादरियत मौलाना मुख्तार अहमद का खुसूसी खिताब हुआ। उन्होंने दोनों आलम के लिए रहमत बनकर आए अल्लाह के आखिरी नबी के तशरीफ लाने के बारे में बताया। फातिहा के बाद लोगों ने जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में गए। नमाज के बाद मस्जिदों में देश की सलामती की दुआ की गई। इस अवसर पर पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठा, और लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर जश्न मनाया। जुलूस के दौरान एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव, सीओ अरुण कुमार, कोतवाल संजय तोमर सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



## भूसी से भरा ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलटा, चालक घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** बीती देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर रबर फैक्ट्री कॉलोनी गेट के सामने एक बड़ा हादसा टल गया।

मिली जानकारी के अनुसार ड्राइवर जगरूप सिंह बंगाल से ट्रक में भूसी भरकर पंजाब जा रहे थे। थाना क्षेत्र के रबड़ फैक्ट्री कालोनी गेट के सामने पीछे से ओवर टेक कर रहे एक अन्य ट्रक चालक ने साइड मार दी जिससे भूसी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और दूसरे रोड पर पलट गया। गनीमत रही कि उस समय ट्रक के नीचे कोई वाहन नहीं आया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रक पलटने के बाद भूसी से भरी बोरियां सड़क पर बिखर गई जिससे दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही क्रेन मंगाकर ट्रक व भूसी भरी बोरियो को रोड से हटवाया। कड़ी मशक्कत के बाद रोड को सुचारु रूप से चालू कराया गया। इस हादसे में ड्राइवर जगरूप सिंह को हल्की चोट आई है।

## एक नजर

### कस्बे में राधा जी की छठी महोत्सव पर भंडारे का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे** में राधा जी की छठी महोत्सव के उपलक्ष्य में नगरवासियों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

यह आयोजन राज कपूर गुप्ता की दुकान के सामने बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। भंडारा दोपहर लगभग 12 बजे शुरू किया गया और शाम तक चला।भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगरवासी और आसपास के लोग सम्मिलित हुए। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और एक-दूसरे को छठी महोत्सव की बधाई दी। आयोजन स्थल पर माहौल पूरी तरह धार्मिक और भक्तिमय रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति-गीत गाकर वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। भंडारे में आए सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाकर स्वयं को धन्य महसूस किया और आयोजकों को धन्यवाद दिया।

### 1500 साला ईद मिलादुन्नबी के मौके पर काजी-ए-हिंदुस्तान ने पंद्रह करोड़ दरूद शरीफ का नजराना पेश किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खा कादरी की सरपरस्ती व सदारत में मिलाद शरीफ की महफिल सजी, जोकि यह महफिल आला हजरत के जमाने से चली आ रही जिसको हुजूर हुजूर हुज्जतुल इस्लाम और हुजूर मुफ्ती ए आजम से लेकर हुजूर ताजुश्शरिया ने इस महफिल को अपने घर में सजाया, और अब इसको काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खां कादरी खुद मिलाद शरीफ की महफिल सजा रहे हैं। मिलाद शरीफ का प्रोग्राम बड़े ही शानदार और रूहानी माहौल में सम्पन्न हुआ।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) प्रोग्राम का आगाज तिलावत-ए-कघ्रआन से हुआ, इसके बाद नात-ख्वान-ए-कराम ने अपनी खघ्बसूरत आवाज में नात-ए-रसूल पेश की, जिससे महफिल महक उठी। उलमा-ए-किराम ने अपनी तकघ्रीरों में सीरत-ए-रसूल पर तकरीर की, और नबी ए पाक की सुन्नतों को अपनी जिन्दगी में अमल करने के लिए जोर दिया। महफिल के आखिर में काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा खघन ने कौमो मिल्लत व मुल्कभर में खुशहाली की दुआ की गई। इस प्रोग्राम में बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत कर अपने महबूब नबी से मोहब्बत का इजहार किया। इस मौके पर सय्यद अजीमउददीन, सय्यद कैफी, सय्यद शारिक बुखारी, सय्यद रिजवान, अब्दुल सत्तार उर्फ मुन्ना मियां, मौलाना शम्स रजा, अब्दुल्लाह रजा खां, मोइन खान, मुहम्मद रजा, बख्तियार खान, दानिश अजहरी, मुहम्मद रजा, फैजान अहमद रजा आदि मौजूद रहे।

### नवाबगंज में बड़े ही जोशो खरोश के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही शान ओ शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस का जगह-जगह दूसरे समुदाय के लोगों ने फूलों की बारिश कर स्वागत कर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की।



अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में शुक्रवार को कस्बे की जामा मस्जिद से सुबह 8:30 बजे शुरू हुआ जुलूस-ए-मोहम्मदी अपने निर्धारित मार्गों से होता हुआ हनुमान मंदिर विजौरिया रोड पहुंचा, जहां से अतुल शर्मा चौक से होकर एसडीएम मार्ग से पटेल चौक पहुंचा, जहां से बाईपास मार्ग से होता हुआ खारिजा मार्ग से सराय गेट तक जाकर वापस जामा मस्जिद जाकर खत्म हुआ। जुलूस को मेन-मेन चौराहों पर रोककर उलेमाओं मुफ्ती फरियाद हुसैन, कारी मो. नईम, मौलाना आबिद हुसैन, कारी हाशिम रजा आदि ने खिताब किया, जिसमें उन्होंने हुजूर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन पर रोशनी डाली, और उनके बताए रास्तों पर चलने का आवाहन किया। जुलूस का दूसरे समुदाय के सपा नेता अनिल गंगवार, रमेश चन्द, राहुल कुमार आनन्द, भाजपा नेता संतोष गुप्ता, सचिन रस्तोगी, आशीष गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि ने फूलों की बारिश कर स्वागत किया।

इसके साथ ही इस वर्ष कस्बे के बाईपास मार्ग पर कई व्यापारियों ने जलपान के स्टाल लगाए, जिसमें मो. शोएब उर्फ शानू ने अपने युवा साथियों के साथ जुलूस में शामिल लोगों को हलवा, कोलड्रिंक, पानी आदि का वितरण किया, जिसकी लोगों ने जमकर तारीफ की। जुलूस में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर मो. असलम अंसारी, पूर्व सदर निसार अहमद अंसारी, हाजी रफीक आलम, हाजी परवेज अंसारी, आदिल हुसैन अंसारी, तसव्वर हुसैन अंसारी, डॉक्टर इरफान सिद्दीकी, अनवार अहमद, मो० ताहिर अंसारी, आसिम खां, मो. यूनुस मंसूरी, मास्टर मो. जाहिद, मो. शकील के साथ ही डिप्टी सीएमओ डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी, सपा नेता प्रो. राशिद अंसारी, मो. अरशद अंसारी, पूर्व सभासद अंसार अहमद पिंडारी, हाजी हामिद अली, अधिवक्ता मुराद अहमद अंसारी, हाजी रईस अहमद अंसारी, हाजी ताजुद्दीन अंसारी, रिफाकत अली अंसारी, डॉक्टर अकरम अंसारी, कासिम अंसारी, जमील अहमद एड सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे। जुलूस का दोपहर को जामा मस्जिद में ही समापन हुआ। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी पुनीत कुमार मेहरा पुलिस बल के साथ जुलूस में शामिल रहे।

### शानो शौकत के साथ निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** ईदमिलादुन्नबी के अवसर पर शीशगढ़, जाफरपुर,धर्मपुरा, बूँची,मानपुर आदि में शुक्रवार को जुलूसे मोहम्मदी शानो शौकत व शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। शीशगढ़ कस्बे में जुलूसे मोहम्मदी में लगभग 30 अंजुमनों ने हिस्सा लिया।



जुलूस विलासपुर बस अड्डा से शुरू होकर मोहल्ला गौड़ी होकर नगर पंचायत कार्यालय होते हुए बरेली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप तक पहुंचकर वापस होते हुए मोहल्ला पड़ाव चौराहे पर पहुंचा। जहां मौलाना मुफ्ती तौफीक अहमद नईमी, हाफिज अशीरुद्दीन, हाफिज आफाक अहमद ,हाजी हकीम आफताब अहमद आदि की जोरदार तकरीरें हुई। जिनमे हुजूर की पैदाश पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वाहन किया। जुलूस में तेज वारिस होने पर भी आशिक ए रसूल जमे रहे मौलाना तौफीक अहमद नईमी ने अपनी तकरीर में अमेरिका को भारत विरोधी बताया तथा पचास फीसदी टैरिक लगाए जाने की निन्दा नहीं की। वहीं जुलूसे मोहम्मदी का नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन नीलोफर ने पुष्प वर्षा कर जोर दार स्वागत किया। नगर पंचायत कार्यालय पर जुलूस में शामिल लोगों के लिए नाश्ते पानी की विशेष व्यवस्था की गई थी।

चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू ने अपने समर्थकों को अकीदतमंदों की सेवा में लगा रखा था। अंत में हाजी गुड्डू ने जुलूस में शामिल अकीदतमंदों का आभार जताया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पूरे समय तक जुलूस में डटे रहे। जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## सर्वश्रेष्ठ शिक्षक बनकर छात्र हित में करें कार्य: आरके सक्सेना

- शिक्षक दिवस पर रिछा के मिशन ग्लोबल एकेडमी समेत तमाम स्कूलों में हुए कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा (रिछा) में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण किया गया।घ्कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना एवं प्रबंधक जितिन कुमार सक्सेना के द्वारा पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके अपने शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान की भावनाओं की अभिव्यक्ति की।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के रोल भी प्ले किए।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना ने सभी शिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक बनकर छात्र हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया, तथा छात्रों से आवाहन किया कि केवल शिक्षक दिवस को ही नहीं बल्कि प्रत्येक दिवस को शिक्षक दिवस मानते हुए अपने शिक्षकों की बातों का अक्षरश: पालन करें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके कश्यप, उप प्रधानाचार्य मोबिन मालिक, निदेशक अमित देओल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक जितिन सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिदरा खान, राफिया मुख्तार, लता गंगवार, नेहा, काजल, रुचि मिश्रा, गीता कश्यप, कहकंशा, सूरजपाल, संजय सक्सेना, आशुतोष वर्मा, ऋषभ कुमार, सत्यपाल, अनामिका सक्सेना, साजिया नाज, रामेंद्र पाठक, कैफी, मुस्कान, मोहम्मद असलम, हरीश कुमार, विपिन सिंह, अनम, जेबा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

इसके अलावा बेस एकेडमी में प्रबंधक अतीक अहमद, प्रधानाचार्य मोहम्मद इसरार, एचएमआई इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक रिजवान अहमद, देहली पब्लिक स्कूल में मैनेजर मोहम्मद शारिक, डायरेक्टर एसपी शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक दिवस मनाया गया। देहली पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य खतीब अहमद, आरसी मौर्य आदि भी शामिल थे।

## रिछा और देवरनियां में शान से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

- हर तरफ सरकार की आमद मरहबा के नारों की गुंज



शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे बिलादत का जशन ईद मिलाद उन नबी शुक्रवार को पूरी शानो-शौकत के साथ मनाया गया, और जूलूसे मोहम्मदी निकाला गया। रिछा में पुष्प वर्षा करके जुलूस का स्वागत किया गया।

कस्बा रिछा में जुलूस मोहम्मदी सुबह नौ बजे मदरसा फैजुल रसूल, मदरसा दारुल उलूमघ् शाहे उम्म, मोसरी मस्जिद, बिलाल मस्जिद आदि से निकाला गया। मदरसा दारुल उलूमघ् शाहे उम्म से निकले जुलूस का नेतृत्व मदरसे के प्रबंधक मुईन उद्धीन ने किया। जुलूस रिछा-जहानाबाद मार्ग और कस्बे के मेन बाजार होता हुआ वापस अपने-अपने मदरसों पर जाकर समाप्त हुआ। नगर पंचायत रिछा चेयरमैन के पुत्र एडवोकेट सैफ तनवीर, सभासद जुल्फिकार अहमद आदि के साथ जुलूस में शामिल उलमाओं को मलाएं पहनाईं, और पुष्प वर्षा करके जुलूस का स्वागत किया। जुलूस में मुख्य रुप से जामा मस्जिद के इमाम, हाफिज तनवीर, मदरसा दारुल उलूम शाहे उम्म के प्रबंधक मुईन उद्धीन, मुफ्ती तहसीन आदि प्रमुख थे।

उधर कस्बा देवरनियां और मुंडिया जागीर में भी जुलूस शानो शौकत के साथ निकाला गया। देवर. नियां में जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर थाने वाले मियां की मजार पर आकर समाप्त हुआ।

इसमें नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी, चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद अजीम अंसारी उर्फ टीटू, आला हजरत डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर सुनैन खांघ्उर्फ सेठी, पूर्व चेयरमैन शिप्रा यादव के पति व प्रबंधक हाफिज इकराम रजा खां, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि हसनैन रजा खां, किसान नेता मुस्तफा खां उर्फ लल्ला खां, सपा यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय सचिव मोहसिन उद्धीन, सभासद जीशान आदि प्रमुख शामिल रहे। चेयरमैन ने जुलूस का स्वागत किया।

## जोश और जज्बे के साथ उठा जुलूस-ए-मोहम्मदी



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** कस्बे में जोश ओ खरोश के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निक. ला गया। जुलूस का अनेक स्थानों पर इस्तकबाल हुआ।

शुक्रवार को सुबह बाद नमाज ए फज्र सलातो सलाम के बाद जैसे ही सुन्नियों की शाही जामा मस्जिद से ऐलान हुआ वैसे ही लोग दीवानाबार मस्जिद की सिम्त दौड़ पड़े।

अल्लाह हो अकबर के नारे के साथ जुलूस आगे बढ़ता गया, जुलूस जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया वैसे वैसे भीड़ भी बढ़ती गई। कई सुन्नी युवा जुलूस में शामिल भीड़ को नियंत्रित करते देखे गए, भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

जुलूस जैसे ही सुन्नी बाहुल्य मोहल्ला फकीर हज्जाम स्थित अजहरी चौक पर पहुंचा तो युवाओं के जोश और वलवले में उबाल आ गया और देखते ही देखते फलक शिगाफ नारों से फजाएं गूंज उठीं। लगभग एक घंटा अजहरी चौक पर उलेमा की तकरीर के बाद जुलूस आगे बढ़कर चौधरी मोहल्ला पहुंचा, जहां फूलों की बारिश से जुलूस में शामिल लोगों का इस्तकबाल किया गया। तत्पश्चात जुलूस मोहल्ला गढ़ी के लिए रवाना हुआ, तब तक युवाओं का जोश काफी हद तक बढ़ चुका था। जुमा की नमाज के लिए कुछ देर जुलूस ठहरा और बाद में मोहल्ला तारबा. लन होता हुआ बजरिया रोड पर आया और मुख्यमार्ग पर पहुंचा जहां कुछ देर तकरीरी प्रोग्राम के बाद जुलूस सीधा चराग मियां के मजार पर पहुंचकर तमाम हुआ। जुलूस की कयादत जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मिस्बाही, हाफिज इरशाद नूरी, इरशाद अजहरी, राहत हुसैन अंसारी, बंद खान नूर, इम्तियाज इदरीसी, शमीम अहमद आदि ने किया। इधर जुलूस की पूर्व संध्या पर सुन्नी जामा मस्जिद में जुलूस-ए-मोहम्मदी के उपलक्ष्य में एक जलसा हुआ जिसे मौलाना खुर्शीद मिस्बाही ने खिताब किया।

### हिंदू समुदाय ने भी किया जुलूस का स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** शहर की गंगा जमुनी तहजीब को जिंदा रखते हुए कस्बे के हिंदू समुदाय ने भी जुलूस पर जमकर पुष्प वर्षा की।

जुलूस जैसे ही मुख्यमार्ग पर पहुंचा कि पहले से ही प्रतीक्षारत हिंदू समुदाय के लोगों ने जुलूस पर पुष्पवर्षा शुरू कर दी, जिससे माहौल में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द का रंग भर गया।

स्वागत करने वालों में अनुपम पंडित, राकेश चंद्र गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, राहुल गुपा, अनुभव शर्मा, हरिशंकर मौर्य, विजय यादव, राजेंद्र यादव, डॉक्टर पीके विश्वास, वीरपाल सागर, लेखराज मौर्य, बबलू सैनी, राजा रस्तोगी, रवि शर्मा, विक्रांत जोशी, गौरव सक्सैना, राजेंद्र कश्यप, सतीश कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, सर्वेश सागर, सुरेन्द्र सागर, लालता प्रसाद मौर्य, उमाकांत जोशी, आशीष देवल आदि शामिल रहे।

## सुब्हानी मियां की कयादत में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

- लब्बैक या रसूलल्लाह लब्बैक की सदाएं हुई बुलंद



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पैगम्बर-ए-इस्लाम की यौमे पैदाईश का जश्न रिमझिम बारिश में भीगते हुए मनाया गया। रिवायत कायम रखते हुए अंजुमन खुद्दामे रसूल के तत्वाधान में कोहाड़ापीर से दरगाह सरपरस्त हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी), सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) और अंजुमन खुद्दाम ए रसूल के सदर सय्यद आसिफ मियां की कयादत में निकला। कायदे जुलूस हजरत सुब्हानी मियां ने दोपहर तीन बजे सुबुर रजा को परचम-ए-रिसालत सौंपकर हरी झंडी दिखाकर जुलूस रवाना किया। जो अपने कदीमी रास्तों कोहाड़ापीर, कुतुबखाना, कुमार सिनेमा, नॉवेल्टी, इस्लामिया स्कूल, करोलान, बिहारीपुर ढाल के रास्ते दरगाह आला हजरत पर आकर खत्म हुआ। जुलूस का रास्तो में जगह-जगह फूलों से इस्तकबाल किया गया। रंग-बिरंगी पोशाक पगड़ी व जुब्बा पहने लोग अंजुमन की शक्ल में सरकार की आमद मरहबा-दिलदार की आमद मरहबा, खुशियां मनाओ सरकार आ गए आदि नारों के साथ चले। सबसे आगे बाग अहमद अली की फैजान ए रसूल चली।

नासिर कुरैशी ने बताया कि जुलूस शुरू होने से पहले स्टेज पर मुफ्ती जईम रजा ने तिलावत ए कुरान से आगाज किया। मौलाना सूफी मुनव्वर नूरी ने नात ओ मनकबत का नजराना पेश किया। मुफ्ती सलीम नूरी ने अपनी तकरीर में कहा कि पैगम्बर ए इस्लाम ने दुनिया भर में अमन-ओ-शांति की शिक्षा दी। मुसलमान ही नहीं समूची इंसानियत की भलाई के काम किए। पशु पक्षियों के हुकूकघ् तय किए। इसलिए इस दिन को सभी मानवतावाद दिवस और विश्व शांति दिवस के रूप में मनाएं। जुलूस में खिताब करते हुए मुफ्ती बशीर उल कघदरी ने खिताब करते हुए कहा कि नबी के किरदार से आज का मुसलमान भटक गया है। नबी की तालीम थी कि रास्ते में पत्थर हो काटे उसको हटा दें। इस्लाम का पैगाम भी यही है पड़ोसियों का हक अदा करो। रास्ते तंग न करो। अच्छा किरदार वाला वही है जो लोगों के लिए आसानी पैदा करे। बीमारों, बूढ़ों, बच्चों, महिलाओं की मदद करना ही नबी को सच्ची खिराज होगी। बुराई से बचते हुए नमाज की पाबंदी करें।

मंच पर पहुंचने पर हजरत सुब्हानी मियां व मुफ्ती अहसन मियां व सय्यद आसिफ मियां व सभी अंजुमनों के सदर की दस्तारबंदी अंजुमन खुद्दामे रसूल के सचिव शान रजा ने कर फूलों से इस्तकबाल किया। जुलूस में मुख्य रूप से अंजुमन अनवारे मुस्तफा, अंजुमन गुलशन ए रजा, अंजुमन गौसुल वरा, अंजुमन आशिकाने रजा, अंजुमन जानिसारने रसूल, अंजुम कुर्बान ए रसूल, अंजुमन रजा-ए-मिल्लत, अंजुमन फैजुल कुरान शामिल रहीं। मुफ्ती मुजीब और मुफ्ती कलीम उर्रहमान कघदरी ने भी पैगंबर ए इस्लाम को खिराज पेश किया। जुलूस की व्यवस्था कारी कलीम उर्रहमान कघदरी, राशिद अली खान, मोहसिन हसन खान, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, औररंगजेब नूरी, शारिक बरकाती, राशिद हुसैन, अब्दुल माजिद, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग, इशरत नूरी, आसिम हुसैन, सय्यद माजिद रजा, काशिफ सुब्हानी, आदिल रजा, सुहैल रजा, तारिक सईद, जावेद खान, अरबाज रजा, काशिफ रजा, हस्सान खान, अश्मीर रजा, इमरान खान आदि ने संभाली।

### सय्यद आसिफ मियां दरगाह की चादर लेकर कलियर शरीफ रवाना

विश्व विख्यात दरगाह साबिर पाक कलियर शरीफ में उर्स मनाया जा रहा है। कुल शरीफ की रस्म 06 सितम्बर को अदा की जाएगी। कुल में शामिल होने के लिए दरगाह का प्रतिनिधि मंडल दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की ओर से सय्यद आसिफ मियां चादर लेकर आज रवाना हुए।

नासिर कुरैशी ने बताया कि सय्यद आसिफ मियां जुलूस खत्म होने के बाद दरगाह की चादर और अमन का पैगाम लेकर रवाना हुए। कुल में शिर. कत कर मुल्क में खुशहाली और मिल्लत की तरक्की के लिए दुआ करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में कारी रईस, मौलाना सलीम रजवी, कारी अब्दुर्रहमान खान, शाहिद फरीदपुरी, फहीम मियां, एडवोकेट शाहब आदि शामिल रहे।

## कस्बे व थाना क्षेत्र में ईद मिलादुननबी पर निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** पैगम्बर-ए-इस्लाम की 1500वीं साला विलादत के मौके पर पूरे कस्बे में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी बड़े ही शान-ओ-शौकत और अकीदत-ओ-मोहब्बत के साथ मनाया गया।

यह दिन सिर्फ मुसलमानों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी इंसानियत के लिए रहमत और मोहब्बत का पैगाम लेकर आया। सुबह से ही कघ्स्बे की फिजाओं में नात-ओ-सलाम की सदाएं गूंजने लगीं। मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों पर महफिल-ए-नात का सिलसिला जारी रहा। घर-घर, दुकानों और गलियों को झंडियों, रंग-बिरंगी लाइटों और परचमों से सजाया गया। हर तरफ एक रूहानी और पुरनूर माहौल कायम था। सुबह करीब 9 बजे जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, कघदरी मस्जिद समेत सभी मस्जिदों और मदरसों की अंजुमनें अपने-अपने इलाकघें से जुलूस की शक्ल में निकल पड़ीं। बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग सबने इसमें शिरकत की।नात-खघ्वानी, तिलावत-ए-कघ्रआन और सलाम की गूंज से सड़कों का माहौल रोशन हो उठा। जुलूस मुख्य मार्ग से होते हुए लोधीनगर चौराहे पर पहुंचा। वहाँ पर उलमा-ए-किराम ने तकारीर पेश कीं और नबी-ए-करीम की सीरत से इंसानियत को मिलने वाले सबकघ् पर रौशनी डाली। इसी के साथ दोपहर के बाद थाना क्षेत्र के गांव रुकुमपुर, माधौपुर माफी, रसूला चौधरी, इस्लामनगर, ठिरिया, धनतिया में भी जूलूस शान्ति और शौहर्द के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर वरुण कुमार,चौकी प्रभारी अनूप सिंह, एसआई पंकज कुमार, एसआई मांगेराम दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। जुलूस में सभी मस्जिदों के इमाम व तमाम अंजुमनों के अलावा एडवोकेट इमरान अंसारी, आबिद खान,सरदार अजहरी, राजा भाई, असद अंसारी, मोहम्मद शरीफ, अमान अंसारी, फैजुल अंसारी, नावेद कादरी, असजद अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकला बारह वफात जुलूस

**कोसी कलाँ।** मौहम्मद साहब को याद करते हुए लोगों ने एक–दूसरे से गले मिलकर बारावफात की बधाईयां भी दीं। राठौर नगर स्थित मदरसा रजा ए मुस्तुफा, निकासा, बल्देवगंज, आदि जगहों से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्म गुरु, अनुयायी शामिल हुए। कोई घोड़े पर सवार था, तो कोई वाहनों पर सवार होकर चल रहा था।

उधर बारा वफात के मौके पर परंपरागत तरीके से जलसों का सिलसिला भी चलता रहा। निकासा चौराहे पर झालर–बत्ती से सजावट करने के साथ ही झंडे भी लगाए गए हैं। मस्जिदों में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जुलूस के रास्तों पर इस्लाम ठेकेदार आदि दर्जनों लोगों ने जगह–जगह मंच लगाकर लंगर वितरित कर उनका स्वागत किया। जुलूस विभिन्न चौराहों से होते हुए मदरसा रजा ए मुस्तुफा, पर संपन्न हुआ। यहां मौलानाओं ने बताया कि अल्लाह के अमन और शांति का दूत बनकर पैगंबर साहब धरती पर आए। एक–दूसरे के लिए नेकी करना ही अल्लाह की सबसे बड़ी नमाज है। हर धर्म आपसी भाईचारे को ही बल देता है। जरुरत है कि पहले धर्म को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

जुलूस में चप्पे–चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रही। इस मौके पर इस्लाम आढतिया, मैनुददीन, शाहिद कुरैशी, अनवार उर्फ अन्नू मुल्ला, रहीश, फरीद चौधरी, हाजी साकिब, आबिद हुसैन, ईदरीश मैंबर, अब्दुल हसन, इस्लाम ठेकेदार, अकील मुल्लाजी, अब्दुल वकील, तौफीक, बकील कुरैशी, फन्नू कुरैशी, पप्पी, हारून, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने मुम्बई में हिन्दुजा ग्रुप के चेयरमैन से की मुलाकात, जनपद में निवेश को किया आमंत्रित



**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत एंव प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उप्र के संकल्प के क्रम में विकसित पीलीभीत विकास की ओर लगातार अग्रसर है। इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार गत 4 सितम्बर को मुम्बई में हिन्दुजा ग्रुप के चेयरमैन एवं देश के प्रसिद्ध उद्योगपति अशोक पी हिन्दुजा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेट की ओर पीलीभीत में उद्योग स्थापित करने हेतु निवेश का आमंत्रण दिया। अशोक पी ने राज्यमंत्री संजय गंगवार का आमंत्रण स्वीकार करते हुए इसी माह अपनी टीम को सर्वे एवं उद्योग की स्थापना हेतु औद्योगिक क्षेत्र भरापचपेडा में भेजने का आश्वासन दिया है। जनपद के विकास के लिए उत्तरोत्तर प्रयास में जुटे राज्यमंत्री संजय गंगवार लगातार बड़े निवेशको से सम्पर्क कर भारी उद्योगो की स्थापना के लिए प्रयत्नशील है ताकि जनपद का विकास तेज गति से हो सके और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार किये जाने की दिशा में ठोस विकास कार्य हो सके। मालूम रहे कि राज्यमंत्री श्री गंग. वार के अथक प्रयासो के फलस्वरूप ही औद्योगिक क्षेत्र भरापचपेड़ा में ऐशिया का सबसे बड़ा खमीर प्लांट (ईस्ट) का निर्माण कार्य अन्तिम चरणों में हैं। इसके अलावा अमरिया–बहेड़ी सीमा क्षेत्र के बहादुरगंज में निजी क्षेत्र की चीनी मिल स्थापित की जा रही जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अलावा राज्यमंत्री संजय गंगवार ने भरापचपेड़ा में ही वायोफ्यूल का एक बड़ा प्रोजेक्ट को लेकर भी एक बड़े उद्योग समूह से निवेश की वार्ता चल रही है जो अन्तिम चरणो में है। राज्यमंत्री संजय गंगवार का मानना है कि क्षेत्र में औद्योगिक विकास होगा तो यहा युवाओ के लिए रोजगार के अवसर प्रदान होगे और क्षेत्र का विकास भी तीव्रगति से हो सकेगा। लखनऊ से फोन पर हुई वार्ता के दौरान राज्यमंत्री संजय गंगवार ने बताया की कल मुम्बई में हिन्दुजा ग्रुप के चेयरमैन अशोक पी से उनके मुम्बई स्थित कार्यालय में उन्होने शिष्टचार भेंट की।

# शानो शौकत से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम



शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** नगर में पैगंबर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत के मौके पर नगर में जुलूसे मोहम्मदी बड़े ही अदबो–एहतेराम के साथ शुक्रवार को निकाला गया। इस अवसर पर सरकार की आमद मरहबा की सदाएं पूरे जुलूस के मार्ग पर गूंजती रही। जुलूस ए मोहम्मदी का जगह–जगह लोगों ने फूल बरसा कर स्वागत कर लंगर तकसीम किया गया पूरनपुर नगर में जुलूस ए मोहम्मदी मदरसा अरबिया कदरिया से सुबह 8 बजे परचम कुशाई के साथ बड़ी शानो शौकत व एहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस में उलमाओं ने नसीहत भरी तकरीर की और हुजूर सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम की जिंदगी पर रोशनी डाली।उलमाओ ने कहा कि इस्लाम के संस्थापक मोहम्मद सल्लाहो अलैह वसल्लम अल्लाह का संदेश देने के लिये इस धरती पर आए थे क्योकि उस समय लोगों में शराबखोरी, जुआखोरी, लूटमार थी। उन्होंने कहा कि ऐसे माहौल में हमारे नबी ने जन्म लेकर लोगों को अल्लाह का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारे नबी ने इस्लाम के लिये बहुत सी कुर्बानियां दी हैं। लोगों से नेक राह पर चलने के लिये कहा है और इंसानियत का पैगाम देते है। हमारे नबी की बातों से लोग उस वक्त बहुत मुतास्सिर हुआ करते थे जिन्होंने इंसानियत का पैगाम दिया।बुराईयों व फितना को खत्म किया और लोगों को अमन व शांति का पैगाम दिया।शहर से लेकर देहात में विशाल जुलूसों के साथ ही गली–मोहल्लों से आशिकान– ए–रसूल टोलियों में परचम लहराते हुए निकले। हजरत मुहम्मद सल्लाहो अलेहि वसल्लम की यौमे विलादत पर निकले जुलूसों में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस स्टेशन चोराहा ब्लॉक चोराहा होते हुए साबिरे अहिता में समाप्त हुआ।

# पेट्रोल पंप के पीछे खाली पड़े मकान में हुई गोकशी, मिले अवशेष

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में गोहत्या की घटना ग्राम सबलपुर खास में सामने आई है, जहां पेट्रोल पंप के पीछे एक खाली मकान में लगभग 40–45 गोवंश के टुकड़े पाए गए।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर गोवंश के अवशेषों को इकट्ठा किया और उनका अंतिम संस्कार किया। ग्राम सबलापुर में पेट्रोल पंप के पीछे एक खाली मकान में गोहत्या की घटना सामने आई है।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर डॉक्टर को बुलवाकर अवशेषों की जांच करवाई और अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर अपरा. धियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि अगर पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए तैयार रहेंगे।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने गोवंश के अवशेषों का अंतिम संस्कार किया और ग्रामीणों से रात में नजर रखने की अपील की है। गांव में नई टीम का गठन किया गया है जो गोहत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए काम करेगी।

इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम में ठाकुर बृजेश सिंह, बल्लू पांडे, आकाश पांडे, दीनू मौर्य, शैलेंद्र सिंह उर्फ शालू, धनंजय मिश्रा, सत्यम भारद्वाज, रामसेवक वर्मा, रमन पांडे, तरुण पांडे, आदि लोगों ने गोवंश के टुकड़ों को इकट्ठा करने में राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम की मदद की और उनका अंतिम संस्कार कराया।

## यमुना का जल स्तर रिकार्ड 166. 82 पर पहुंचा

**मथुरा।** ओखला व ताजे वाले बैराज से छोड़ा गया पानी ने गत रात्रि ने जनपद में दस्तक दे दी थी। जिससे आज यमुना के जल में भारी वृद्धि देखने को मिली। शाम चार बजे तक मथुरा के प्रयागघाट पर यमुना का जल स्तर 166. 82 मीटर दर्ज किया गया। जिससे यमुना के ज्यादातर घाट डयूब गए। दूसरी तरफ अभी किसानों को वर्षा से प्रभावित किसानों को मुआवजा न तो बीमा कम्पनियों ने दिया है और न ही राज्य सरकार ने। विगत एक पखवाडे से यमुना की बाढ़ से जनपद के नौहझील, मांट, छाता, मथुरा, वृंदावन, महावन तहसील के किसानों की हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि जलमग्न है। जिसमें ज्वार, बाजारा, वन, धान, मक्का, सब्जी की फसलें प्रभावित होकर नष्ट हो गई है।

## सीबीआई अफसर बन किया डिजिटल अरेस्ट, 57 लाख ठगे, पांच गिरफ्तार

**ihyhHkhr A** बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में पीलीभीत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने पांच अन्तर्राज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने नौ मोबाईल फोन, तीन लाख पचास हजार नगद 10 फर्जी आधार कार्ड आधार सहित दो चेक बुक को बरामद किया है। गिरफ्तार किए सभी आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। एसपी अभिषेक यादव ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साइबर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा करने की जानकारी दी है। जिले के साइबर क्राइम थाने में 21 दिसंबर 2024 को एक युवक जगमोहन सैनी ने डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से साइबर ठगों के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने ने बताया था कि कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को सीबीआई, क्राइम ब्रांच व सुप्रीम कोर्ट का अधिकारी बताकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट में रखते हुए 9 से 22 अगस्त 2024 के बीच 57 लाख 89 हजार की ठगी की थी। मुक. दमा दर्ज होने के बाद घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन टीमों का गठन किया गया। जिसके बाद 5 सितंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर पूरनपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के आगे से पांच संदिग्धों को घेराबंदी कर दबोचा लिया। जिसमें पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार निवासी सूरजपुर ग्रेटर नोएडा जनपद गौतम बुद्धनगर, विकास वर्मा निवासी तिमारपुर नई दिल्ली, राजेन्द्र शर्मा उर्फ राजन निवासी नोएडा एक्सटेंशन, संजय बोबी देशवाल निवासी नोएडा, प्रशान्त चौहान निवासी फर्रुखाबाद है।

# अनाज मंडी में बरसात से गिरा टीन शेड



**dkslhdykA** कृषि उत्पादन मंडी समिति में अधिकारियों की लापरवाही खुलकर बोल रही है अनाज मंडी में हमेशा जल भराव रहता है जिसके कारण सभी दुकानें और तीन सेट जर्जर हो चुके हैं इसी लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। अचानक दुकान का टीनशेड जोरदार आवाज के साथ धराशायी हो गया।गनीमत रही कि उस समय मंडी में मजदूर नहीं थे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था और किसने की भीड़भाड़ नहीं थी, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। स्थानीय व्यापारी राजकुमार नरेशकुमार ने करीब दो वर्ष पूर्व मंडी सचिव को लिखित रूप से शिकायत दी थी कि दुकान नंबर 20 की टीन शेड की एंगल जंग लगकर कमजा. `र हो चुकी हैं और किसी भी समय गिर सकती हैं। इसको लेकर बार–बारमंडी समिति को अवगत कराया गया, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। व्यापारियों का मंडी समिति सचिवआरोप है कि समय रहते मरम्मत कार्य न कराने के कारण यह हादसा हुआ।मंडी में रोज सैकड़ों किसानों और व्यापारियों की आवाजाही रहती है। यदि दिन के समय यह शेड गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। व्यापारियों ने मांग की है कि मंडी प्रशासन दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करे और मंडी परिसर की अन्य जर्जर दुकानों व शेडों की तुरंत मरम्मत कराए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। और मंडी में हो रहे जगह–जगह जल भराव को तत्काल खत्म कराया जाए जिससे कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## पर्यटकों की सुविधा को सूचना केंद्र व नेचर वॉक बनेगा : महापौर



**मथुरा।** नगर निगम मथुरा–वृंदावन क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए विकास कार्य किए जाएंगे महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम मथुरा–वृन्दावन क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए नए विकास कार्य कराएगा उसी के अंतर्गत हजारीमल सोमानी कॉलेज के पास स्थित अतिथि गृह परिसर का समग्र विकास कराया जाएगा। पर्यटकों की जानक. ारी एवं मार्गदर्शन के लिए सूचना केंद्र का निर्माण होगा। साथ ही यमुना नदी पर घाट का सौंदर्यीकरण, नीम बावड़ी के पास तट विकास तथा नेचर वॉक का निर्माण कराया जाएगा। इन सभी परियोजनाओं पर लगभग 41 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस संबंध में प्रस्ताव नगर निगम द्वारा उत्तर प्रदेश शासन को भेजा जा रहा है। यह जानकारी महापौर प्रति. निधि अंकुर अग्रवाल ने दी।

## मां काली पर हुआ दुग्धाभिषेक

**कोसीकलां।** रामलीला संस्थान द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मशहूर आगामी मां काली मेले को लेकर मेला आचार्य पंडित मोरमुकुट शास्त्री और लीला निर्देशक सत्यनारायण पंडित के नेतृत्व में मां काली का पाठ करने वाले नितेश भारद्वाज और उनके सहयोगियों द्वारा आज मां काली पर दुग्ध अभिषेक किया गया। आज से मां काली का अभिनय करने वाले नितेश कुमार अपना अभ्यास प्रारंभ कर देंगे के दौरान मां काली का रूद्र रूप मिला संचालित किया जाएगा इस दौरान श्रृंगारी प्रमुख भगवत प्रसाद, विवेक अग्रवाल, संस्थान अध्यक्ष अजय मंगला, अजय गोयंका आदि मौजूद रहे।

# 120 पंचायतों में खुलेंगी सिग्नेचर डिजिटल लाइब्रेरी



**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में राजीव भवन में पंचायत विभाग से चिन्हित 120 ग्राम पंचायतों में सिग्नेचर डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जनपद स्तर पर ''ज्ञानम् ज्योतिः'' नाम से 120 ग्राम पंचायतों में सिग्नेचर डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्णय लिया गया।जिसमें समिति द्वारा एन.बी.टी. से 765 पुस्तकों को 108300 रुपये से खरीदने के लिए चिन्हांकन किया गया एवं अवशेष 366 पुस्तकों की सूची में से 8775 लागत की और पुस्तकें चिन्हित करने के निर्देश दिये गये। इसमें अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें के चयन हेतु अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) के प्रारूप का निर्धारण किया गया।समिति के द्वारा शासनादेश में उल्लिखित श्रेणी की पुस्तकें प्राप्त करने, हिन्दी एवं अंग्रेजी पुस्तक का अनुपात 80 एवं 20 रखने, आपूर्ति आद. `श के 30 दिवस में सम्बन्धित ग्राम पंचायत में आपूर्ति करने, बेसिक शिक्षा के मानक के अनुसार प्रिंटिंग गुणवत्ता एवं पेपर के जी.एस.एम. निर्धारण का अनुपालन करने का निर्णय लिया गया। शर्तों का अनुपालन न करने पर आपूर्तिकर्ता का अनुबन्ध निरस्त करने, ब्लैक लिस्ट करने एवं भुगतान में कटौती करने का अधिकार समिति को होगा। पुस्तकों का चयन समिति द्वारा किया जायेगा। समिति द्वारा उक्त शर्तों के अनुमोदन के साथ ई.ओ.आई. के प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।समिति द्वारा फर्नीचरध्संग्रहण सामग्री की क्रय हेतु जेम पोर्टल से चयन हेतु निदेशक पंचायत राज के पत्र के बिन्दु 07 के स्पेशीफिकेशन के अनुसार फर्नीचर की आपूर्ति हेतु प्रारूप के अनुमोदन के साथ–साथ जेम पर निविदा करने एवं प्राप्त निविदा का समिति के समक्ष उपलब्ध कराकर अनुमोदन कराने के उपरान्त आपूर्तिकर्ता का चयन का निर्णय लिया।

## हापुड़ पुलिस को आईजीआरएस में मिला प्रथम स्थान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** आईजीआरएस के प्रार्थना पत्रें के निस्तारण में हापुड़ पुलिस ने अगस्त महीने की रैंकिंग में पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह जानकारी हापुड़ पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, खासकर क्योंकि जिले के सभी 11 थानों ने भी टॉप रैंकिंग हासिल की है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के आने के बाद से आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में तेजी आई है।

# माय भारत वॉलंटियर ने बचाई जान, मात्र 8 मिनट में पहुंची पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के पास स्कॉर्पियो चालक ने मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में जा रहे दंपति को पीछे से टक्कर मार दी।



हरियाणा के राबड़िया गोहाना के रहने वाले अमन अपनी पत्नी पूजा के साथ सुनहेड़ा गांव में रिश्तेदारी में जा रहे थे, तभी उनके साथ एक दर्दनाक दुर्घटना घट गई। पीछे से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक राजीव निवासी सुनहैड़ा ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो चालक नशे की हालत में था और तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। घटना की सूचना मिलते ही माय भारत स्वयंसेवक इनाम उल हसन ने तत्काल ।12 नंबर पर सूचना दी और एम्बुलेंस से घायलों को गोल्डन आवर में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें भर्ती कराया गया। पुलिस ने 8 मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी। माय भारत स्वयंसेवक इनाम उल हसन की तत्काल सहायता से घायल दंपति को समय पर इलाज मिल सका। स्वयंसेवक की इस पहल की सराहना करते हुए घायल दंपति ने उनका आभार व्यक्त किया। पुलिस मामले में जांच कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर रही है।

# रोजाना पुलिस को चुनौती दे रहे चोर, जंगला काटकर हजारों का माल ले गए




**कोसीकलाँ।** बुधवार की रात पुराना जीटी रोड स्थित एक परचून की दुकान से जंगला काटकर अज्ञात चोर हजारों रुपए का माल चुरा कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।

पुराना जी.टी रोड स्थित रेलवे स्टेशन के समीप दिनेश चंद्र की परचून की दुकान दुकान है। गत रात्रि अज्ञात चोरो ने उसकी दुकान पर हमला बोल दिया और चोर दुकान का जंगला काटकर हजारों रुपए की खेरिज, काली मिर्च, इलायची, सिगरेट के डब्बे, आदि चुरा ले गए। सुबह दुकान खोलने के मामले की जानकारी दुकानदार को हो सकी। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। व्यापारी नेता संजय गर्ग, ललित कुमार ने कहा कि 2 दिन पूर्व एक दुकान से 2 बाइक सवार सामान लेकर फरार हो गए थे। पुलिस के हाथ खाली हैं।

## शिक्षक का दर्जा मां बाप के बाद सबसे ऊपर : कुलाधिपति

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में 5 सितंबर को देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष में हैप्पी टीचर्स–डे 'सम्मान दिवस' के रूप में मनाया गया। विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने विवि के मेडीकल के डाक्टर्स और समस्त फैकल्टी के विभागाध्यक्षों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। लेक्चर सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, विवि सलाहाकार डा. एसपी गोस्वामी ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षविवि के कुलाधिपति का विवि के फैकल्टी के डीन व अन्य सदस्यों को पटुका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विवि के छात्र–छात्राओं ने हैप्पी टीचर्स डे पर कविताएं, स्पीच के माध्यम से अपने विचार रखे और अपने गुरुजनों का मान बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलाधिपति ने गुरु और शिष्य के महत्व को समझाते हुए रामायण सहित अन्य ग्रन्थों पर प्रकाश डालते कहा बिना गुरु के कोई भी अनुष्ठान पूरा नहीं किया जा सकता, शिक्षक ही समाज का आईना होता है जो विद्यार्थियों को और समाज को देश में आगे लेकर जाता है। इसलिए शिक्षक का दर्जा मां बाप के बाद सबसे ऊपर माना जाता है, शिक्षक की भूमिका सभी के जीवन के लिए अहम है, शिष्य और गुरु एक दूसरे के पूरक होते है। विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने मोबाइल को सभी का टीचर बताते हुए कहा शिक्षक ही समाज और राष्ट्र निर्माण की धुरी है। उन्होंने फैकल्टी सदस्यों को विश्वविद्यालय के स्वर्णिम भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया और टीचर डे की शुभकामनाएं दी। वेटरिनरी के डीन डा. अजय प्रकाश शर्मा ने कबीर के दोहे पर प्रकाश डालते हुए कहा शिक्षक ही छात्रों को अंदर और बाहर से मजबूत बनाता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग काम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎0121-4005303, 4007303

मुख्यालय: मोबाइल-9720007290

UPHIN/2007/20661

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

● भारतीय जर्सी को स्पान्सर करना अब और महंगा ●

# बीसीसीआई ने बढ़ाई तय कीमत

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टीम इंडिया के लिए नया स्पान्सर ढूंढने के लिए जोरआजमाइश कर रहा है। हालांकि, अब ऐसा करने वाली कंपनियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई रिजर्व प्राइस को बढ़ाने जा रहा है। ड्रीम11 हाल ही में स्पान्सरशिप से पीछे हट गया था और उसने बीसीसीआई के साथ अपने करार को तोड़ लिया था। 2023 में बायजू को रिप्लेस करते हुए ड्रीम11 ने बीसीसीआई के साथ तीन साल का करार किया था। उस समय ड्रीम11 ने कुल 358 करोड़ रुपये का करार किया था, जिसमें घरेलू मैचों के लिए प्रति मुकाबला तीन करोड़ और विदेशी मैचों के लिए एक करोड़ रुपये तय थे। इंग्लैंड दौरे तक टीम इंडिया की जर्सी पर ड्रीम-11 का लोगो दिखाई देता था, लेकिन हाल ही में पारित आनलाइन गेमिंग बिल 2025 के कारण कंपनी को अपने संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उसने अनुबंध से बाहर निकलने का फैसला किया। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने नए स्पान्सर के लिए रिजर्व प्राइस बढ़ा दिया है। अब घरेलू सीरीज

● **बोर्ड ने बनाया 400+ करोड़ रुपये की आमदनी का प्लान**

(द्विपक्षीय) के लिए प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपये और आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स जैसे बहुराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए लगभग 1.5 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइस रखा गया है। पहले यह दरें कम थीं। पहले घरेलू सीरीज (द्विपक्षीय) के लिए प्रति मैच 3.17 करोड़ और आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स जैसे बहुराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए 1.12 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइस रखा गया था। इसका मतलब है कि बीसीसीआई अब कम से कम 10 प्रतिशत ज्यादा कमाई द्विपक्षीय सीरीज से और लगभग तीन प्रतिशत ज्यादा कमाई बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स से करना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस नए बेस प्राइस से बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हो सकती है। हालांकि, यह आंकड़ा इससे भी कहीं ज्यादा हो सकता है, क्योंकि स्पान्सरशिप के लिए प्रतिस्पर्धा हमेशा ऊंची रहती है। बीसीसीआई ने मंगलवार को राष्ट्रीय टीम के लीड स्पान्सर राइट्स के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (आईईओआई) जारी किया। इसके तहत बोली लगाने वाली कंपनियों को विस्तृत शर्तें और नियम उपलब्ध कराए जाएंगे। आईईओआई डाक्यूमेंट्स खरीदने की अंतिम तारीख 12 सितम्बर रखी गई है। बोली लगाने के लिए दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख 16 सितम्बर तय की गई है। स्पान्सर बनने की इच्छुक कंपनियों को आईईओआई डाक्यूमेंट खरीदने के लिए पांच लाख रुपये के साथ-साथ जीएसटी की नान-रिफंडेबल फीस देनी होगी। भुगतान की पुष्टि होने के बाद ही डाक्यूमेंट्स शेयर किए जाएंगे। बीसीसीआई ने साफ किया है कि केवल डाक्यूमेंट खरीदने से कोई कंपनी बोली लगाने की हकदार नहीं हो जाती। पात्रता मानकों को पूरा करना अनिवार्य होगा।

# भांबरी-वीनस की जोड़ी हारी

● **सेमीफाइनल में हारकर यूएस ओपन में भारत का अभियान समाप्त**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी को यूएस ओपन के सेमीफाइन में ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। पुरुष युगल वर्ग के सेमीफाइनल में गुरुवार को भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को दो घंटे 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से 6(2)-7(7), 7(7)-6(5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के शुरुआती सेट में, भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष युगल टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और वीनस ने आठवें गेम में ओलंपियन नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की सर्विस तोड़ी।

हालांकि, भांबरी-वीनस अगले गेम में अपनी सर्विस गंवाकर इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे, जिससे टाई-ब्रेकर तक का रास्ता तय हुआ, जिसे इंडो-न्यूजीलैंड जोड़ी ने आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में भी भांबरी-वीनस ने शुरुआती गेम में स्कुप्स्की-सैलिसबरी की सर्विस तोड़ी, लेकिन चौथे गेम में ब्रेक पॉइंट को भुनाने में नाकाम रहीं। यह चूक भांबरी-वीनस के लिए महंगी साबित हुई क्योंकि स्कुप्स्की- सैलिसबरी ने अगले ही गेम में वापसी की और कड़े मुकाबले में टाई-ब्रेकर जीत लिया। स्कुप्स्की- सैलिसबरी ने तीसरे सेट के पहले गेम में सर्विस तोड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भगदड़ के बाद पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा चिन्नास्वामी

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के बाद 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी पहली बार क्रिकेट मुक़ाबलों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के तिम्मप्पिया मेमोरियल ट्रॉफ़ी के मेजबानों में से एक है, जो 16 टीमों वाला एक लाल गेंद के साथ खेला जाने वाला बहु-दिवसीय प्री-सीजन टूर्नामेंट है। चिन्नास्वामी स्टेडियम इस प्रतियोगिता के छह मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें एक सेमीफ़ाइनल और 26 सितम्बर से होने वाला फ़ाइनल शामिल है। हालांकि स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं होगी। टूर्नामेंट में मुंबई, विदर्भ, मप्र, हिप्र, छत्तीसगढ़ सहित कई टीमें शामिल हैं।

### एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा चीन

**फ़ूज़ौ, वार्ता।** आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2025 एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप दक्षिण-पूर्वी चीन के फ़ुज़ियान प्रांत के पिंग्टन में 22 से 28 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इस चैंपियनशिप में जापान, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे, फिलीपींस, हांगकांग, पाक, फ़िलिस्तीन और मेजबान चीन शामिल होंगे। बीस बार विजेता जापान, 2023 का सेमीफाइनलिस्ट दक्षिण कोरिया और 2019 में विजेता और 2023 में उपविजेता चीनी ताइपे इस साल की चैंपियनशिप में प्रबल दावेदार हैं, जिसका विजेता 2026 में होने वाले अंडर-23 बेसबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा।

# नीरज चोपड़ा-अरशद नदीम विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिस्पर्धा

● **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितम्बर तक टोक्यो में आयोजित होगी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और चोट से उबर चुके पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम इस महीने के आखिर में टोक्यो में होने वाली 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

नदीम के चिकित्सक असद अब्बास ने गुरुवार को बताया कि पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। अब्बास ने टेलीकॉम एशिया को बताया कि अरशद पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और मैंने उनके ठीक होने और प्रगति पर नजर रखी है। मुझे यकीन है कि वह नीरज और भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य सभी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितम्बर तक टोक्यो में आयोजित होगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन 17 सितम्बर को और फाइनल अगले दिन होगा। जापान नेशनल स्टेडियम में नीरज चोपड़ा बनाम अरशद नदीम पेरिस 2024 के बाद उनका पहली बार आमना-सामना होगा। पेरिस 2024 के बाद से नदीम ने केवल एक बार प्रतिस्पर्धा की है, मई में कोरिया गणराज्य के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 86.40 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में पिछले महीने डायमंड लीग जीतने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट के भी भाग लेने की उम्मीद है।

# आर्यना-अमांडा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

● **सबालेंका ने जेसिका को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा बीच यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में खिताबी भिड़ंत होगी। बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता और मानसिक शक्ति का परिचय देते हुए एक सेट से पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार रात दो घंटे तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमे. रिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। पेगुला ने न्यूयॉर्क के शोरगुल में उत्साहित दर्शकों के बीच पहला सेट जीतकर पासा पलटने की चेतावनी दी। अमे. रिकी खिलाड़ी ने पेगुला ने सबा. लेंका की सहज गलतियों का फायदा उठाया और दो बार सर्विस ब्रेक करके 6-4 से पहला सेट अपने नाम कर लिया।

इसके बाद बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑफ-कोर्ट ब्रेक के बाद नए दृढ़ संकल्प के साथ वापसी की। उन्होंने अपने ग्राउंडस्ट्रोक की तीव्रता बढ़ाई और दूसरे सेट को 6-3 से जीत के साथ मैच को निर्णायक बना दिया। अंतिम सेट में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने दबाव के क्षणों में अपना धैर्य बनाए रखा। अपने तीसरे मैच पॉइंट पर, उन्होंने राहत और जश्न की गर्जना के साथ जीत पक्की कर ली। 27 वर्षीय खिलाड़ी की इस जीत ने उन्हें सेरेना विलियम्स (2011- 2014) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बना दिया है। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह वाकई एक कड़ा मुकाबला था। उसने अविश्वसनीय टेनिस खेला और मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। मैं बस अंदर ही अंदर प्रार्थना कर रही थी और अच्छे की उम्मीद कर रही थी। शनिवार को होने वाले चैंपियनशिप मैच में सबालेंका का सामना उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने अपने करियर के सबसे उल्लेखनीय उलटफेरों में से एक की कहानी गढ़ते हुए रोमांचक मुकाबले में जापान की नाओमी ओसाका को 6-7(4), 7-6(3), 6-3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन फाइनल में जगह बनाई।

# यॉर्कशायर से छोटी अवधि के लिए जुड़ेंगे मयंक अगवाल



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल शेष काउंटी चैंपियनशिप मुक़ाबलों के लिए यॉर्कशायर के साथ छोटी अवधि के अनुबंध पर जुड़ेंगे। समरसेट के खिलाफ़ 8 सितम्बर को होने वाले मुक़ाबले से पहले अग्रवाल के यॉर्कशायर के साथ जुड़ने की उम्मीद है और 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए भारत लौटने से पहले वह कुल तीन मुकाबले खेलेंगे। इससे पहले वह कर्नाटक के महाराजा टी-20 ट्रॉफ़ी का हिस्सा थे। वहीं उन्हें आईपीएल में देवदत्त पड्डिक्कल के विकल्प के तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने दल में शामिल किया था। 34 वर्षीय को इंग्लैंड का अनुभव है। वह 2021-22 के दौरे और 2023 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल के भारतीय दल के हिस्से के रूप में इंग्लैंड की यात्रा कर चुके हैं।

2021-22 के दौरे पर अग्रवाल भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के दावेदार थे लेकिन उन्हें सीरीज के पहले मैच से पहले चोट लग गई जिसके चलते वह बाहर हो गए। अग्रवाल दो बार ए टीम के साथ भी इंग्लैंड का दौरा कर चुके हैं। कर्नाटक के सभी प्रारूपों के कप्तान अग्रवाल के पास प्रथम श्रेणी का काफ़ी अनुभव है। उन्होंने 180 पारियों में 43.98 की औसत, 18 शतक और 44 अर्द्धशतकों के साथ 8050 रन बना चुके हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 36 टेस्ट पारियों में 41.33 की औसत और चार शतकों की बदौलत 1488 रन बनाए हैं।

# नीव से शिखर तक का दूसरा बैच रवाना

● **यह एक नेतृत्व यात्रा है जो जमीनी स्तर से शुरू होकर महानता की ओर बढ़ती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 'नींव से शिखर तकश के दूसरे बैच को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस समारोह में एम3एम फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष डॉ. ऐश्वर्य महाजन( भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के उप महानिद. ेशक मयंक श्रीवास्तव, और फिट इंडिया मूवमेंट के निदेशक नदीम भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, एम3एम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि 'नींव से शिखर तकश एक पर्वतारोहण पहल से कहीं बढ़कर है। यह एक नेतृत्व यात्रा है जो जमीनी स्तर से शुरू होकर महानता की ओर बढ़ती है। ये युवा लड़कियां न केवल चोटियों पर चढ़ रही हैं( वे बाधाओं को तोड़ रही हैं और जो संभव है उसे फिर से लिख रही हैं। बैच 2 के साथ, हमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की महत्वाकांक्षी बेटियों को यह अवसर प्रदान करने पर गर्व है। हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि सपने देखने वाली हर लड़की को शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से आगे बढ़ने के लिए उपकरण, प्रशिक्षण और आत्मविश्वास दिया जाए।

बैच 2 में, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा की 11 वंचित लड़कियों का एक नया समूह अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, मनाली में एक निष्शुल्क बुनियादी पर्वतारोहण पाठ्यक्रम से गुजरेगा। भारत की फिट इंडिया एम्बेसडर के मार्गदर्शन में, लड़कियों को रॉक क्राफ्ट (चढ़ाई, रैपलिंग, जुमार्. रंग), स्नो और आइस क्राफ्ट (सीढ़ियां काटना, आइस एक्स अरेस्ट, क्रैम्पन का उपयोग), रस्सी का काम (गांठ बनाना, लंगर डालना, नदी पार करना) और जीवन रक्षा कौशल (तंबू लगाना, आश्रय बनाना, ऊंचाई पर रहना) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ, उन्हें नेतृत्व विकास सत्रों में भी शामिल किया जाएगा, जो टीम वर्क, अनुशासन और लचीलेपन पर जोर देंगे-उन्हें न केवल पहाड़ों पर चढ़ने के लिए, बल्कि आत्मविश्वास और शक्ति के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करेंगे।

यह पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना से गहराई से जुड़ी हुई है, जिसका उद्देश्य किशोर लड़कियों को संरचित शारीरिक चुनौतियों, मार्गदर्शन और जीवन कौशल से सशक्त बनाना है। बैच 2 का शुभारंभ कुरुक्षेत्र में बैच 1 के सफल शुभारंभ के बाद हुआ है।

# केकेएफआई ने 24 खो-खो खिलाड़ियों के सीआईएसएफ में चयन पर जताई खुशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खो-खो के लिए गौरव का क्षण है जब 24 खिलाड़ियों -12 पुरुष और 12 महिला - का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में हेड कांस्टेबल के पद पर खेल कोटा के माध्यम से किया गया। उक्त खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित बीएचईएल परिसर में आयोजित भर्ती ट्रायल्स को सफलतापूर्वक पार किया। चयनित सभी खिलाड़ी देशभर के विभिन्न राज्यों-महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, ओडिशा और अन्य से हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेलों, द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं और इस वर्ष आयोजित पहले खो-खो विश्व कप 2025 जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर शानदार प्रदर्शन किया है। कई खिलाड़ी, जिन्होंने इस भर्ती ट्रायल को पास किया, वे अल्टीमेट खो-खो लीग - सीजन 1 और 2 में भी हिस्सा ले चुके हैं और शीर्ष स्तर के परफ़ॉर्मर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।

सीआईएसएफ में उनका शामिल होना, भारत के सबसे पुराने और ऊर्जावान पारंपरिक खेलों में से एक खो-खो की बढ़ती पहचान और उत्कृष्टता व अवसर के खेल के रूप में उभरने का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए भारतीय खो-खो महासंघ ( केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु ने कहा कि हमारे युवा खो खो खिलाड़ियों को मेरिट सूची में स्थान बनाते हुए देखना बेहद सुखद है। खो-खो की बढ़ती पहचान खिलाड़ियों के लिए करियर के नए मार्ग बना रही है।

# मेसी ने दो गोल दागकर प्रशंसकों को दी भावुक विदाई

**कोलंबिया, पैराग्वे और उरुग्वे ने विश्व कप में जगह पक्की की**

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** कोलंबिया, पैराग्वे और उरुग्वे ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि लियोनेल मेसी ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के अंतिम दिन अर्जेंटीना के प्रशंसकों को भावुक विदाई दी।

मेसी ने दो गोल दागे जिससे अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हरा दिया, जो संभवत: 38 वर्षीय मेसी का आखिरी घरेलू विश्व कप क्वालीफायर था और गुरुवार को होने वाले मैचों के पूरे दौर का मुख्य कार्यक्रम था। अल्बीसेलेस्टे के कप्तान ने वार्मअप के दौरान अपने आंसू रोके रखे जब प्रशंसक उनका नाम पुकार रहे थे, फिर उन्होंने गोलकीपर राफेल रोमो के ऊपर से शॉट मारकर मौजूदा विश्व चैंपियन को बढ़त दिला दी। स्थानापन्न खिलाड़ी लुटारो मार्टिनेज ने निको गोंजालेज के कट-बैक से डाइलवग हेडर के जरिए स्कोर 2-0 कर दिया, जिसके बाद मेसी ने थियागो अल्माडा के साथ मिलकर तीसरा गोल दागा। मेसी ने स्वीकार किया कि ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल स्टेडियम में हुई इस रात की विदाई का महत्व था। उन्होंने कहा कि अपने लोगों के साथ इस तरह से खेल खत्म करना, यही मेरा हमेशा से सपना रहा है। यह (संन्यास) ऐसी चीज नहीं है जिसे मैं पसंद करता हूं, चाहता हूं या उम्मीद करता हूं। मुझे खेलना पसंद है और मैं नहीं चाहता कि यह कभी खत्म हो, लेकिन मुझे यह भी पता है कि वह क्षण नजदीक आ रहा है। असुनसियन में, इक्वाडोर के साथ घरेलू मैदान पर गोलरहित ड्रॉ ने पैराग्वे को 16 सालों में पहली बार विश्व कप में जगह दिलाई।

# इंग्लैंड को हराकर द. अफ्रीका ने वनडे सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

**लॉर्ड्स, वार्ता।** ब्रीत्जके (85) और ट्रिस्टन स्टब्स (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद नांद्रे बर्गर (तीन विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को पांच रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जेमी स्मिथ (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जो रूट ने बेन डकेट के साथ दूसरे विकेट के लिये 65 रन जोड़े। 13वें ओवर में केशव महाराज ने बेन डकेट (14) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। जेकब बेथेल व रूट संघर्ष किया।

# एशिया कप में भारत की विस्फोटक शुरुआत

**चीन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंद कर एशिया कप में विजय के साथ अपने अभियान की विस्फोटक शुरुआत की। भारतीय टीम के लिए मुमताज खान ने (सातवें, 49वें), उदिता ने (30वें, 52वें) और ब्यूटी डुंग डुंग ने (45वें, 54वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि संगीता कुमारी ने (10वें), नवनीत कौर ने (16वें), लालरेम्सियामी ने (18वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) मिनट में गोल किए। पहले क्वार्टर में मुमताज खान (सातवें मिनट) और संगीता कुमारी (10वें मिनट) के दो मैदानी गोलों से भारत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बना लिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी आक्रामकता और बढ़ाते हुए तीन और गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने (16वें मिनट) और मिडफील्डर लालरेम्सियामी नें (18वें मिनट) लगातार दो मैदानी गोल दागे और उसके बाद उदिता ने (30वें मिनट) में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके पहले हॉ का



समापन शानदार तरीके से किया। दूसरे हॉ में भी भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले किए और तीसरे क्वार्टर में उसे चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से ब्यूटी डुंग डुंग नें (45वें मिनट) में अपना पहला गोल दागा। मैच के आखिरी क्वार्टर में भारत ने लगातार पांच गोल दागकर अपने पहले मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज की। मुमताज खान (49वें मिनट), उदिता (52वें मिनट) और शर्मिला देवी (57वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए, जबकि ब्यूटी डुंग डुंग (54वें मिनट) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें मिनट) ने फील्ड गोल किए। भारतीय टीम शनिवार को जापान से भिड़ेगी।

### गतिरोध के बावजूद ब्लू टाइगर्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

**ताजिकिस्तान, वार्ता।** भारत ने आज हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में अफग़ानिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप बी मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेलकर सीएएफए नेशंस कप 2025 के तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, ब्लू टाइगर्स का भाग्य अंतिम सीटी बजने के तुरंत बाद तय नहीं हुआ। उन्हें ईरान और ताजिकिस्तान के बीच दूसरे ग्रुप मुकाबले के नतीजे के लिए देर शाम तक इंतज़ार करना पड़ा। यह मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा, जिससे भारत का ग्रुप उपविजेता बनना तय हो गया। आज के नतीजे के साथ, ईरान तीन मैचों में सात अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा, जबकि नए मुख्य कोच खालिद जमील के नेतृत्व में भारत चार अंकों (एक जीत, एक ड्रॉ, एक हार) के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

# सम्पादकीय

शनिवार, 6 सितम्बर 2025

## ट्रम्प की हताशा

रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ तो लगा दिया, लेकिन देखने में आ रहा है कि इस फैसले से वह भारत से ज्यादा स्वयं परेशान दिखाई दे रहा है। यह आए दिन अमेरिकी प्रशासन से आए बयानों से भी झलकता है। शुक्रवार को भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्वीट पर पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग नजर आ रहे हैं।

यह तस्वीर चीन में हाल ही में संपन्न हुए शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान की है। जहां तीनों नेता मिले थे। ट्रम्प ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि उन्हें लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे अंधकार में चीन के हाथों खो दिया है। पोस्ट में वह यह भी कहते नजर आ रहे हैं कि ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और स्मृद्ध हो। जाहिर है, पुतिन, जिनपिंग और पीएम मोदी की तिगड़ी से डोनाल्ड ट्रम्प काफी परेशान नजर आ रहे हैं। जहां तक बात भारत की है, जब साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में शुक्रवार को इस पोस्ट को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि इस पोस्ट पर उनकी कोई टिप्पणी नहीं है। असल में भारत से टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति अपने घर में भी घिरते जा रहे हैं। कई अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी है। इसमें पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलविन और पूर्व विदेश मंत्री कैम्बेल शामिल हैं। इन तमाम लोगों का कहना है कि भारत पर टैरिफ लगाकर अमेरिका ने जहां चीन को बड़ा मौका दिया है कि वह विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाए, वहीं उसने अपने एक रणनीतिकार दोस्त को भी खोने का काम किया है, क्योंकि नेताओं की नजर में भारत ही एक ऐसा देश है जो चीन की मनमानी को रोक सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के करीबी पीटर नवारो के बयान जिस तरह भारत के संबंध में आ रहे हैं, उनको सख्ती से खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं बल्कि भयावह भी हैं। विदेशी मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत-अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। भारत का यह भी कहना है कि भारत और अमेरिकी व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है। जायसवाल ने संबंधों को आगे बढ़ाने की बात भी कही और उन्होंने क्वाड को जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं साझा हितों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया। मतलब साफ है कि भारत अपने विकल्प तलाश कर रहा है, जोकि उसका अधिकार है, क्योंकि हर राष्ट्र को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने का हक है, लेकिन भारत किसी भी गुट में शामिल नहीं है, जैसीकि ट्रम्प कह रहे हैं। भारत की विदेश नीति स्वतंत्र और अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप है।

### व्यक्ति को सक्षम बनाती है शिक्षा




भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है, समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं, शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है, शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं, बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें, विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है, एक अच्छे शिक्षक में भावनाएं और बुद्धि दोनों होती हैं।

**द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दें 'प्लीज'



पवन सिंह



सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दीजिए प्लीज। न बंद करिए न ही किसी दूर के विद्यालयों में समाहित करिए। इन बच्चों को कोई स्कूल बस लेने नहीं आती। कोई स्कूल का रिक्शा लेने नहीं आता। इनके मां-बाप कार, स्कूटर, बाइक से छोड़ने नहीं आते। इन बच्चों से कांपती हुई छत मत छीनिए। टूटा हुआ बाथरूम चलेगा। पानी भी वे स्कूल के बाहर किसी हैंडपंप से पी लेंगे। आप सोने से धर्म स्थलों के गुंबद सजाएं और लाखों दीए जलाएं। कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन ये टूटे हुए स्कूल, इन बच्चों के लिए छोड़ दीजिए। नेचर के न्याय से डरिए। आप क्रूरतम हो जाइए, यह भी चलेगा, लेकिन स्कूल चलने दीजिए। ये बच्चे आपसे कभी कुछ नहीं मांगते। आप चाहें तो ड्रेस और स्कूल बैग भी मत दीजिए। मत दीजिए स्वेटर। यह फटी कमीज और झोला लेकर भी चले जाएंगे। आप धार्मिक यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाइए या हाइवे के ऊपर हाईवे बनाइए, लेकिन इन बच्चों से स्कूल मत छीनिए सर।

इन बच्चों ने कभी आपसे कोई शिकवा-शिकायत नहीं की। कभी आपके खिलाफ सड़कों पर नहीं उतरे। कभी आपके खिलाफ नारे नहीं लगाए। बंद कर दीजिए मिड-डे-मील भी। यह अपने घर से रोटी, नमक और प्याज ले आएंगे। पहले भी लाते थे, लेकिन आप से खाना नहीं मांगेंगे। स्कूल क्यों बंद कर दिए साहेब। जिन अफसरों की सलाह पर यह पाप हुआ है। वे एक दिन इस अपराध का प्रकृतिजनित दंड जरूर भोगेंगे। बंद स्कूलों के गेटों पर रोते हुए बच्चों के वीडियो भी आप की आंखों को नम नहीं कर सके। स्कूलों में मास्टर नहीं जाते। या कम जाते हैं तो यह प्रशासनिक लापरवाही थी। कुछ इस तरह के मानक बनाते कि मास्टर का घर और स्कूल 20-25 किलोमीटर के क्षेत्रफल में होता। गांव के लोगों की समितियां बनाकर मास्टर की उपस्थिति पर नजर रखते, लेकिन सीधे स्कूल ही बंद कर दिए। अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी कर ही दिया है। स्कूलों को सम्बद्ध करने से 27,000 परिषदीय विद्यालय बंद होंगे या बंद हो गए हैं और करीब 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षक व 27 हजार प्रधानाध्यापक के पद खत्म। शिक्षामित्रों व रसोइयों की सेवाएं भी खत्म। कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूलों को एक बेहद शर्मनाक निर्णय के तहत निपटाने का खेल पूरा हुआ। ऐसा नहीं है कि यह खेल उत्तर प्रदेश में ही खेला गया। देश में पिछले 10 सालों में तमाम स्कूल निपटा दिए गए। उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की कुल संख्या 1 लाख 32 हजार है। जिन स्कूलों में भी छात्रों की संख्या 50 से कम है वो किसी और स्कूल के साथ मर्ज हो जाएंगे मर्ज हो रहे हैं। अब अगर स्कूलों के रास्ते में कोई नदी, हाईवे, रेलवे ट्रैक, नाला। आ रहा है तो वे स्कूल भी मर्ज हो जाएंगे। केवल लखनऊ में ही ऐसे 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों की विलय प्रक्रिया शुरू हो रही है। ASER 2024 रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर व्यय GDP का सिर्फ 4.6% है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 द्वारा निर्धारित 6% के लक्ष्य से काफी कम है। जबकि विश्व में शिक्षा पर सबसे ज्यादा जीडीपी खर्च करने वाले देशों में सोलोमन द्वीप समूह लगभग 12.6%, ग्रीनलैंड 10.5%, नामीबिया 9.64% व बोलीविया 9.84% के नाम सामने आते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष, 2020 में अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 6.05 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया था और आज भी उसका शिक्षा पर बजट जबरदस्त है। सऊदी अरब ने भी वर्ष, 2023 में शिक्षा पर अपने जीडीपी का 7.81 प्रतिशत खर्च किया, जो आज भी लगभग इसके आसपास ही है। चिली जैसा छोटा सा देश उच्च शिक्षा पर जीडीपी का 2.4 प्रतिशत खर्च करता है। स्वीडन व ऑस्ट्रेलिया भी उन देशों की फेहरिस्त में शामिल हैं जो शिक्षा पर अच्छा-खासा बजट खर्च करते हैं। अपने देश में विगत 10 सालों में (2014-15 से 2023-24 तक) सरकारी स्कूलों की संख्या में 8% की कमी आई है। जबकि इसके विपरीत निजी स्कूलों की संख्या इन्हीं 10 सालों में 14.9% बढ़ी है। यह डाट लोकसभा में खुद ही सरकार प्रस्तुत कर चुकी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष, 2014-15 और 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या 11 लाख 7 हजार 101 से घटकर 10 लाख 17 हजार 660 रह गई। इसके विपरीत निजी स्कूलों की जो संख्या 2 लाख 88 हजार 164 थी वह इसी बीच बढ़कर 3 लाख 31 हजार 108 हो गई।

अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी कर ही दिया है। स्कूलों को सम्बद्ध करने से 27,000 परिषदीय विद्यालय बंद होंगे या बंद हो गए हैं और करीब 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षक व 27 हजार प्रधानाध्यापक के पद खत्म। शिक्षामित्रों व रसोइयों की सेवाएं भी खत्म। कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूलों को एक बेहद शर्मनाक निर्णय के तहत निपटाने का खेल पूरा हुआ। ऐसा नहीं है कि यह खेल उत्तर प्रदेश में ही खेला गया। देश में पिछले 10 सालों में तमाम स्कूल निपटा दिए गए। उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की कुल संख्या 1 लाख 32 हजार है। जिन स्कूलों में भी छात्रों की संख्या 50 से कम है वो किसी और स्कूल के साथ मर्ज हो जाएंगे मर्ज हो रहे हैं। अब अगर स्कूलों के रास्ते में कोई नदी, हाईवे, रेलवे ट्रैक, नाला। आ रहा है तो वे स्कूल भी मर्ज हो जाएंगे। केवल लखनऊ में ही ऐसे 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों की विलय प्रक्रिया शुरू हो रही है। ASER 2024 रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर व्यय GDP का सिर्फ 4.6% है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 द्वारा निर्धारित 6% के लक्ष्य से काफी कम है।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हिंदूवादी प्रयोगशाला वाले दो सबसे महत्वपूर्ण राज्यों मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश में क्रमशः 29 हजार 410 व 25 हजार 126 स्कूल निपट गए। अन्य राज्यों में क्रमशः जम्मू कश्मीर में 21.4%, ओडिशा में 17.1%, अरुणाचल प्रदेश में 16.4%, नागालैंड में 14.4%, झारखंड में 13.4%, गोवा में 12.9% और उत्तराखंड में 8.7% सरकारी स्कूल कम हो गए। मैंने कहीं एक लेख पढ़ा था जो आज भी याद है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन में क्लेमेंट एटली के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी की सरकार बनी। एटली ने लगभग हर मद को घटा दिया लेकिन शिक्षा के बजट को कम नहीं किया। उल्टा शिक्षा के बजट को यह कह कर बढ़ा दिया कि युद्ध से जो नुकसान हुआ है वह एक दिन पूरा हो जाएगा लेकिन अगर एक पीढ़ी शिक्षा से वंचित हो गई तो इसका नुकसान कोई नहीं भर पाएगा। यही कारण है कि औद्योगिक क्रांति करने वाला पहला देश भी ब्रिटेन बना और वह ग्रेट ब्रिटेन इस लिए बना क्योंकि उसने शिक्षा के साथ समझौता नहीं किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## क्या आंतों में छिपा है अवसाद का राज

**सबसे बड़ी रुकावट तो यह है कि कंपनियां इसमें भारी निवेश नहीं करना चाहतीं क्योंकि दवा कंपनियां दवाइयों पर तो पेटेंट ले सकती हैं, उन्हें आसानी से बेच सकती हैं और मुनाफा कमा सकती हैं। लेकिन प्रोबायोटिक्स या डाइट प्लान को इस तरह बेचना मुश्किल है। अवसाद या मान. सिक समस्याओं से पीड़ित लोगों के सूक्ष्मजीव संसार पर आधारित इलाज एक नया नजरिया है। यह मानसिक बीमारियों को देखने की धारणाओं को भी बदल सकता है। अब मानसिक रोगों को सिर्फ दिमाग की गड़बड़ी नहीं, बल्कि शरीर, सूक्ष्मजीवों और मन के बीच जटिल संवाद का नतीजा माना जा सकता है।**

अवसाद आज दुनिया की सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और जीने के तरीके को प्रभावित करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 28 करोड़ लोग यानी करीब 5 प्रतिशत वयस्क अवसाद से पीड़ित हैं।

गौरतलब है कि लंबे समय से अवसाद और चिंता को दिमाग की रासायनिक प्रक्रिया, जीन या जीवन की परिस्थितियों से जोड़ा जाता रहा है। लेकिन अब शोध से यह पता चला है कि हमारी आंतों में मौजूद सूक्ष्मजीव संसार - यानी बैक्टीरिया, फफूंद और अन्य सूक्ष्मजीवों का विशाल संसार - हमारे मूड को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभाता है। शुरुआत में वैज्ञानिकों ने बस एक सह-सम्बंध देखा थारू जिन लोगों को अवसाद या चिंता थी, उनके आंतों में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीव स्वस्थ लोगों से अलग थे। फिर 2016 के दो अलग-अलग अध्ययनों में जब अवसाद से पीड़ित मनुष्यों की विष्ठा चूहों की आंत में डाली गई, तो चूहों में भी अवसाद जैसे लक्षण दिखने लगे। वे आनंद या खुशी का अनुभव करने में रुचि खो बैठे, उनमें चिंता जैसी हरकतें दिखीं और उनके मस्तिष्क की रासायनिक प्रक्रियाएं भी बदल गईं। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि मानसिक बीमारियां सिर्फ जीन या किसी सदमे से नहीं होतीं, बल्कि सूक्ष्मजीवों के जरिए भी 'स्थानांतरित' हो सकती हैं। इससे एक नया सवाल उठारू अगर अस्वास्थ्यकर सूक्ष्मजीव बीमारी फैला सकते हैं, तो क्या स्वस्थ सूक्ष्मजीव हमें फिर से स्वस्थ बना सकते हैं?

### जवाबों की ओर पहला कदम

इससे प्रेरित होकर, युनिवर्सिटी ऑफ कैलगरी की मनोचिकित्सक वैलेरी टेलर ने मनुष्यों पर परीक्षण शुरू किए। उन्होंने बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी बीमारियों से शुरुआत की जिन्हें ठीक करना सबसे मुश्किल माना जाता है। उनका सोचना था कि अगर उस मामले में विष्ठा सूक्ष्मजीव प्रत्यारोपण फीकल माइक्रोबायोटा ट्रांसप्लांट कारगर साबित होता है, तो यह अन्य बीमा. रियों में भी मदद कर सकता है। शुरुआती अध्ययनों में दिखा कि आंतों के सूक्ष्मजीव संसार में बदलाव से मूड बेहतर हो सकता है। हालांकि FMT हर व्यक्ति पर एक जैसा असर नहीं करता, लेकिन कुछ मरीजों के लिए यह जिंदगी बदल देने वाला साबित हुआ। लेकिन एक समस्या है FMT से यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि कौन-से विशेष सूक्ष्मजीव इसके लिए जिम्मेदार हैं। यह किसी खास बैक्टीरिया को नहीं बल्कि पूरे सूक्ष्मजीव संसार का पुनर्गठन करता है। शुरुआत के लिए तो ठीक है, लेकिन बहुत सटीक नहीं। इसी कमी को दूर करने के लिए वैज्ञानिक अब साइकोबायोटिक्स पर काम कर रहे हैं - यानी ऐसे फायदेमंद बैक्टीरिया प्रोबायोटिक्स के रूप में जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करते हैं। कुछ छोटे मानव परीक्षण बताते हैं कि इलाज के लिए अपने आप में इनकी क्षमता सीमित है, लेकिन साइक. ोबायोटिक्स अवसादरोधी दवाइयों का असर बढ़ा सकते हैं।

इस सम्बंध में वैज्ञानिकों का ध्यान आहार पर भी रहा है। हमारा आहार हमारी आंत के सूक्ष्मजीव संसार को गहराई से प्रभावित करता है। 2017 में ऑस्ट्रेलिया में हुए एक मशहूर अध्ययन में पाया गया था कि मेडिटेरेनियन डाइट जिसमें फल, सब्जियां, दालें, मछली और साबुत अनाज अधिक हों अपनाने से प्रतिभागियों में अवसाद के लक्षण काफी कम हुए। भोजन से शरीर को प्रोबायोटिक्स मिलते हैं। ए ऐसे तत्व हैं जिन पर अच्छे बैक्टीरिया पनपते हैं और इस तरह एक स्वस्थ सूक्ष्मजीव समुदाय विकसित होता है। शुरुआती नतीजे उत्साहजनक हैं, लेकिन यह क्षेत्र अभी नया है और इसमें कई सवाल बाकी हैं। जैसे, मानसिक स्वास्थ्य के लिए कौन-से खास सूक्ष्मजीव सबसे ज्यादा जरूरी हैं? फायदा सूक्ष्मजीवों की विविधता से होता है या कुछ खास सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति या अनुपस्थिति से? कितने समय तक सूक्ष्मजीव संसार में बदलाव बने रहने चाहिए ताकि लक्षणों में सुधार दिखे? प्रोबायोटिक्स का असर इसलिए है कि वे अवसादरो. धियों की क्षमता बढ़ाते हैं या वे एक बिल्कुल अलग प्रक्रिया से काम करते हैं? वैज्ञानिक भविष्य में मान. सिक स्वास्थ्य की ऐसी चिकित्सा की कल्पना कर रहे हैं, जिसमें इलाज का तौर-तरीका मरीज की आंतों के सूक्ष्मजीवों के अनुसार तय किया जाएगा।

**स्रोत फीचर्स**

## हाईटैक सिटी गुरुग्राम में जलभराव का दोषी कौन



रजनीश कपूर

आज केगुरुग्राम, जिसे 'मिलेनियम सिटी' और 'साइबर सिटी' जैसे गौरवशाली नामों से नवाजा जाता है, हर साल मानसून के आगमन के साथ एक जलमग्न नरक में तब्दील हो जाता है। महज दो घंटे की बारिश इस शहर को घुटनों तक पानी में डुबो देती है। सड़कों पर घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है। करोड़ों रूपए की कीमत वाले आलीशान घरों में रहने वाले लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में त्रस्त हो उठते हैं। यह विडंबना है कि एक ओर गुरुग्राम भारत के सबसे महंगे रियल एस्टेट बाजारों में से एक है, जहां लोग भारी-भरकम टैक्स और किराए चुकाते हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी विभागों की लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी के कारण यह शहर हर बारिश में डूब जाता है। इस संकट ने न केवल शहर की छवि को धूमिल किया है, बल्कि निवा. सियों के बीच गुस्सा और निराशा को भी बढ़ावा दिया है।

हाल ही में, प्रसिद्ध लेखक और उद्यमी सुहेल सेठ ने एक सार्वजनिक मंच पर हरियाणा सरकार और स्थानीय प्रशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने गुरुग्राम की स्थिति को 'शर्मनाक' करार देते हुए कहा, ह्गुरुग्राम खत्म हो चुका है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस स्थिति को संभाल नहीं पा रहे। बीजेपी को गंभीर आत्ममंथन की जरूरत है। वे 11 साल से इस राज्य को चला रहे हैं, अब नेहरू को दोष नहीं दे सकते। सेठ की यह टिप्पणी न केवल गुरुग्राम की बदहाल स्थिति को उजागर करती है, बल्कि सरकारी एजेंसियों की जवाब. देही की कमी को भी रेखांकित करती है।

सुहेल सेठ ने अपनी एक अन्य टिप्पणी में कहा, क्या नालों की सफाई के लिए रॉकेट साइंस चाहिए? नहीं, बिल्कुल नहीं। उनकी यह बात सटीक है। गुरुग्राम जैसे शहर, जो गूगल, मेटा और सैमसंग जैसे बड़े कॉरपोरेट्स का घर है, को बुनियादी ढांचे के मामले में इतना पिछड़ा होना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह एक गंभीर प्रशासनिक विफलता को भी दर्शाता है। निवासियों का गुस्सा जायज है, क्योंकि वे अपनी मेहनत की कमाई से भारी टैक्स और किराए चुकाते हैं, लेकिन बदले में उन्हें बारिश में डूबता शहर और घंटों का ट्रैफिक जाम मिलता है।

गुरुग्राम में जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। हर साल मानसून के दौरान शहर की सड़कें नदियों में बदल जाती हैं, और प्रमुख मार्ग जैसे गोल्फ कोर्स रोड, सोहना रोड, और दिल्ली-जयपुर हाईवे पर घंटों तक ट्रैफिक रेंगता रहता है। 1 सितंबर 2025 को, महज चार घंटे की बारिश में 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिसने शहर को पूरी तरह ठप कर दिया। नेशनल हाईवे-48 पर 7 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोग घंटों तक सड़कों पर फंसे रहे। सोशल मीडिया पर निवासियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिसमें गोल्फ कोर्स रोड जैसे पॉश इलाकों में गहरे पानी में डूबी गाड़ियां और फंसे हुए लोग दिखाई दिए।



गुरुग्राम में जन्में और वहीं पर बसे एक सफल उद्यमी और समाज सेवी शरद गोयल ने हाल ही में एक चौनल में दिए इंटरव्यू में कहा कि इस संकट का मूल कारण है शहर की अनियोजित शहरीकरण और सरक. ारी विभागों का आपसी तालमेल का अभाव। आज गुरुग्राम अनियंत्रित निर्माण और बुनियादी ढांचे की कमी का शिकार है।

गुरुग्राम की पुरानी भौगोलिक संरचना में कई प्राकृतिक जलाशय और नाले थे, जो बारिश के पानी को संचित करते थे। लेकिन तेजी से हुए निर्माण ने इन जल निकायों को नष्ट कर दिया। वे आगे कहते हैं कि जनता बारिश और जल भरवा से त्रस्त होती है लेकिन जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि कभी भी ऐसे मौकों पर सड़क पर दिखाई नहीं देते। नेताओं को छोड़िए निगम के अधिकारी भी ईद का चांद बने हुए हैं जो केवल अनियमितताओं के चलते ही हरकत में आते हैं। अपने गैर जिम्मेदाराना रवैए के लिए कभी भी जनता के बीच नहीं दिखाई देते।

सरकारी विभागों के बीच जवाबदेही का अभाव इस समस्या को और गंभीर बनाता है। म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ गुरुग्राम एमसीजी, हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी हुडा और गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी जीएमडीए जैसे विभिन्न निकाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं, लेकिन कोई भी पूर्ण रूप से समस्या का समाधान नहीं करता। गुरुग्राम हो या देश अन्य कोई शहर, सभी को इंदौर से सबक लेना चाहिए जहां के अधिकारी और जनता सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पूर्णतः निभाते हैं और सुखी रहते हैं। समाधान के लिए दीर्घकालिक और टिकाऊ शहरी नियोजन की जरूरत है। प्राकृतिक जल निकायों को पुनर्जनन, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कुओं का निर्माण और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही, सरकारी विभागों के बीच बेहतर तालमेल और जवाबदेही सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है। हर वो अधिकारी जो गुरुग्राम जैसे क्षेत्र में तैनाती पाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाता है वो यहां आते ही काम करने से क्यों बचता है? यदि किसी भी अधिकारी पर काम न करने पर तबादले की तलवार लटका दी जाए या कुछ आलसी अधिकारियों का तबादला कर दिया जाए तो इससे बाकी अधिकारियों के बीच एक सही संदेश जाएगा।

गुरुग्राम को 'मिलेनियम सिटी' का दर्जा बनाए रखने के लिए केवल आलीशान इमारतें और कॉरपोरेट कार्यालय पर्याप्त नहीं हैं, इसे एक ऐसा शहर बनाना होगा जो अपनी जनता को बुनियादी सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन प्रदान कर सके। जब तक ए कदम नहीं उठाए जाते, तब तक गुरुग्राम हर मानसून में डूबता रहेगा और निवासियों की निराशा बढ़ती रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में एमपॉक्स के मामले 8001 पहुंचे, 50 की मौत

**कंपाला।** युगांडा में पिछले चौबीस घंटों में खतरनाक बीमारी एमपॉक्स के कारण दो लोगों की और मौत होने से इससे मरने वालों का आंकड़ा 50 पर पहुंच गया। साथ ही 15 नए मामले दर्ज किए गए जिससे इस बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 8001 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि नए मामले भले ही सामने आए हों लेकिन इस बीमारी का संक्रमण ढलान पर है। सप्ताह के आधार पर सामने आए मामलों को देख कर यह कहा जा सकता है कि संक्रमण की घटनाओं में कुल मिलाकर कमी आई है।

### श्रीलंका बस हादसे में कम से कम 15 मरे

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत में एला-वेल्लावेया मार्ग पर गुरुवार रात एक बस दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इस दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा तब हुआ जब एक बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि घायलों में कुछ की स्थिति बेहद गंभीर है। बस में सवार यात्री एक समूह में थे और वे छुट्टियां मना कर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि दुर्गम इलाके में पुलिस, सेना, अग्निशमन विभाग और स्थनीय लोगों के साथ बचाव कार्य चल रहा है।

### इटली के मशहूर डिजाइनर जियोर्जियो अरमानी का निधन

**रोम।** इटली के मशहूर फैशन डिजाइनर और अरमानी ग्रुप के संस्थपक जियोर्जियो अरमानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बीबीसी के मुताबिक वह इतालवी शैली और लालित्य के आदर्श थे, जिन्होंने आधुनिक दर्शकों के लिए पुरुषों और महिलाओं के परिधानों को डिजाइन किया था। अरमानी को दुनिया भर के फैशन में सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक माना जाता था। वह अपनी आखिरी सांस तक बिजनेस और डिजाइन के काम में सक्रिय रहे।

# डिनर डिप्लोमेसी में 'ट्विस्ट': ट्रम्प की पार्टी में मस्क आउट

## ट्रम्प की डिनर पार्टी में शामिल हुए दिग्गज टेक बिजनेसमैन



ट्रम्प के साथ डिनर में प्रथम महिला मेलानिया भी शामिल हुईं, उनके बगल में बिल गेट्स बैठे नजर आए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार रात व्हाइट हाउस में टेक बिजनेसमैन के लिए डिनर रखा। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिंचाई, मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग, ओपन एआई सीईओ सेम आल्टमैन, समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए।

हालांकि, टेस्ला सीईओ एलन मस्क को न्योता नहीं दिया गया। ट्रम्प ने कहा: ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, जब इतने सारे बुद्धिजीवी एकसाथ मिले हों। उन्होंने इस टीम को 'हाई आईक्यू ग्रुप' कहकर संबोधित किया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक यह डिनर प्रेसिडेंट हाउस के रोज गार्डन में होना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण यह स्टेट डाइनिंग रूम में किया गया। ट्रम्प के साथ डिनर में प्रथम महिला मेलानिया भी शामिल हुईं। उनके बगल में बिल गेट्स बैठे नजर आए। वहीं ट्रम्प के बगल में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग बैठे थे। बिल गेट्स ने मेलानिया की अध्यक्षता वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन प्रोग्राम की सराहना की। बिल गेट्स ने मेलानिया की अध्यक्षता वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन प्रोग्राम की सराहना की। मस्क कुछ महीने पहले तक ट्रम्प के सलाहकार थे, लेकिन अब दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। इस डिनर में जेरेड इसाकमैन भी रहे। इसाकमैन ही वह शख्स हैं जिनकी वजह से मस्क और ट्रम्प के बीच दूरियां आनी शुरू हुईं। इसाकमैन मस्क के करीबी सहयोगी रहे हैं। उन्हें ट्रम्प ने स्पेस एजेंसी नासा की लीडरशिप के लिए चुना था। जब ट्रम्प और मस्क के बीच दूरी आ गई, तो इसाकमैन का नामिनेशन रद्द कर दिया गया। डिनर का आयोजन व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा पर बनी नई टास्क फोर्स की बैठक के बाद हुई। टास्क फोर्स का मकसद अमेरिकी युवाओं के लिए एआई शिक्षा का विकास करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेलानिया ट्रम्प ने की। मेलानिया ने कहा कि एआई अभी शुरुआती दौर में है, इसलिए इसके साथ वैसा ही व्यवहार करना होगा जैसा बच्चों के साथ किया जाता है। इसे सतर्कता के साथ जिम्मेदार बनाना होगा। मेलानिया ने कहा कि हम एक खास समय में जी रहे हैं। बच्चों को इस भविष्य के लिए तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है। पिछले महीने, मेलानिया ने के-12 ग्रेड के छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू की, जिसमें एआई का उपयोग करके चुनौतियों का समाधान करने को कहा गया। हालांकि, उन्होंने एआई के नुकसान पर भी ध्यान दिया। मेलानिया ने इस साल एआई-जनरेटेड डीपफेक इमेज का इस्तेमाल कर आनलाइन यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कानून बनाने की मांग की थी।




चेन्नई। अमेरिका द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ बढ़ोतरी के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ पोस्टर लेकर प्रदर्शन में भाग लेते वामपंथी दलों के कार्यकर्ता

# इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा 'पेंटागन'

## ट्रम्प देंगे इसको नया नामः युद्ध मंत्रालय

■ सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी

■ रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी के पेंटागन को युद्ध मंत्रालय और रक्षा मंत्री को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नया कानून बनाने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत ये दोनों नाम बदल दिए जाएंगे।

नया नाम रक्षा मंत्रालय, एक द्वितीयक पद के रूप में इस्तेमाल होगा और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी। नाम बदलने के तर्क में कहा गया है कि 'युद्ध मंत्रालय' नाम 'रक्षा मंत्रालय' की तुलना में कहीं अधिक तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है। विदित हो कि अमेरिकी सशस्त्र सेवाओं की देखरेख करने वाले पेंटागन को 1947 तक युद्ध मंत्रालय ही कहा जाता था।

# रूस और यूक्रेन युद्ध पर भारत की यूएन में दो टूक

■ राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार फिर दोहराई पीएम मोदी की बात: ये युग युद्ध का नहीं

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा है कि वह रूस-यूक्रेन जंग को जल्द ही खत्म करने के लिए राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थई प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान नहीं जानी चाहिए।

युद्ध के मैदान में इसका कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता। भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि जंग खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, चाहे यह रास्ता कितना भी कठिन क्यों न लगे। स्थई शांति के लिए दोनों देशों की भागीदारी और प्रतिबद्धता अहम है। जंग का जल्द ही अंत होना सभी के हित में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। भारत इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। भारत इस दिशा में हाल के सकारात्मक घटनाक्रमों का स्वागत करता है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई समिट का समर्थन किया। हम अलास्का समिट में हुई प्रगति की सराहना करते हैं। हम वाशिंगटन डीसी में यूक्रेनी राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ ट्रम्प के कूटनीतिक प्रयासों की भी सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल की स्थिति को लेकर राष्ट्रपति पुतिन, राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय नेतृत्व के संपर्क में हैं।

# इजरायल के हवाई हमले में हूती के 12 सदस्य मारे गए

**यरूशलम।** इजरायल सेना के पिछले हफ्ते सना में एक सैन्य ठिकाने पर किए गए हवाई हमलें में हूती समूह के 12 सदस्य मारे गए। सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पिछले गुरुवार को हुए हमलों में यमन की राजधानी में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल हूती समूह के वरिष्ठ कमांडर करते थे, जहां सैन्य अधिकारी और सरकारी मंत्री मौजूद थे। बयान में इन अधिकारियों के नाम नहीं बताए गए, लेकिन हूती ने पिछले हफ्ते पुष्टि की थी कि हूती सरकार के प्रधानमंत्री अहमद गालिब अल-रहावी भी मारे गए लोगों में शामिल थे। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को इजरायल पर हुए हालिया हूती हमलों का कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया।

# वेनेजुएला ने अमेरिकी वॉरशिप के ऊपर उड़ाया एफ-16 फाइटर जेट

तनाव बढ़ाः ताकत दिखाने की कोशिश न करें, अंजाम बुरा होगा

## अमेरिका ने किया खबरदार



**कराकस।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। वेनेजुएला के दो एफ-16 लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को कैरेबियन सागर में अमेरिकी वारशिप यूएसए जेसन डनहम के ऊपर से उड़ान भरी।

अमेरिका ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि वेनेजुएला ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने देर रात जारी बयान में वेनेजुएला को चेतावनी दी कि वे आगे ऐसी उकसावे वाली हरकत की तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। डनहम एक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रायर वॉरशिप है, जिसे अमेरिका ने पिछले सप्ताह वेनेजुएला के पास तैनात किया था। अमेरिका के मुताबिक, यह जहाज ड्रग्स और आपराधिक संगठनों को निशाना बनाने के लिए तैनात किया गया है। 40 साल पहले अमेरिका और वेनेजुएला के बीच संबंध काफी अच्छे थे। साल 1982 में वेनेजुएला और अमेरिकी कंपनी लाकहीड मार्टिन के बीच 24 एफ-16 फाइटर जेट्स को लेकर करार हुआ था। इनकी डिलिवरी 1982 से 1985 के बीच हुई। यह पहली बार था जब किसी लैटिन अमेरिकी देश को एफ-16 दिए गए। शुरुआत में इन विमानों का रखरखाव और अपग्रेड भी अमेरिका ही करता था। 2000 के बाद जब ह्यूगो शावेज और फिर निकोलस मादुरो वेनेजुएला की सत्ता में आए, तब अमेरिका से इसके के रिश्ते बिगड़ गए। अमेरिका ने 2006 में वेनेजुएला पर हथियार प्रतिबंध लगा दिया, जिस कारण वेनेजुएला अब अपने एफ-16 के लिए अमेरिकी स्पेयर पार्ट्स नहीं खरीद सकता था। इसके चलते ज्यादातर एफ-16 जेट धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं और इनका इस्तेमाल सीमित हो गया है। आधिकारिक तौर पर वेनेजुएला के पास अब 5 से 6 एफ-16 हैं जो उड़ने के काबिल हैं। बाकी या तो स्टोरेज में हैं या कबाड़ बन चुके हैं। वेनेजुएला ने इन्हें अपग्रेड कराने के लिए रूस और ईरान से मदद लेने की कोशिश भी की, लेकिन एफ-16 अमेरिकी तकनीक है, इसलिए इसे पूरी तरह से अपग्रेड करना मुश्किल हो गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ड्रग कार्टेल पर सख्ती के लिए यह नौसैनिक अभियान शुरू किया था। इसी वजह से दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने राष्ट्रपति मादुरो पर आरोप लगाया है कि वह ड्रग कार्टेलों से मिले हुए हैं और उनकी मदद से अमेरिका और उसके इलाको में नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं।

# अफगान में नौ घंटे में पांच बार कांपी धरती

## जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दशहत का माहौल



■ इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बीते नौ घंटे में यहा भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 7.46 बजे 4.6 तीव्रता का भूकंप आया।

इससे कुछ ही देर पहले यहां 5.2 तीव्रता के झटके लगे थे। इससे पहले गुरुवार आधी रात के बाद करीब 3:16 बजे 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले रात 11.58 बजे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक काबुल से 118 किलोमीटर दूर भूकंप आया। जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दहशत का माहौल है। बता दें कि 4.1 तीव्रता के भूकंप से चंद मिनट पहले भी धरती कांपी थी, जिसकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इस तरह 24 घंटे से भी कम समय में चार झटके लगे और पांच घंटे के भीतर तीन बार धरती कांपी। इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई। भूकंप के झटके काबुल से पूर्वी दिशा में लगभग 133 किमी दूर आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की गहराई 160 किमी रही। इससे पहले आज दिन में भी भूकंप के झटके महसूस किए थे। जिसकी तीव्रता 4.8 थी। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया था। बता दें कि 4 सितम्बर की सुबह 10:40 बजे भी भूकंप आया था, जिसमें अब तक 2200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बुधवार देर रात भी यहां 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशाक का खतरा बढ़ गया था। 'एक्स' पर एक पोस्ट में एनसीएस ने बताया कि अफगानिस्तान में रात 23:53 बजे 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 2205 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

# 'बांग्लादेश दरिया-ए-नूर' हीरे वाली तिजोरी खालेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका के एक स्टेट बैंक की लंबे समय से बंद पड़ी तिजोरी को खोलने का आदेश दिया है। इस तिजोरी को 117 साल पहले (1908 में) सील की गई थी। इस तिजोरी में दुनिया की सबसे कीमती रत्नों में से एक 'दरिया-ए-नूर' हीरा बंद होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि यह हीरा वहां है भी या नहीं, क्योंकि दशकों से इसे देखा नहीं गया है। दरिया-ए-नूर को 'कोहिनूर की बहन' कहा जाता है। कोहिनूर अभी ब्रिटेन में मौजूद है। दोनों हीरे भारत से ले जाए गए थे। वर्तमान में दरिया-ए-नूर की कीमत लगभग 13 मिलियन डालर (लगभग 114.5 करोड़ रुपये) आंकी गई है।

# सितम्बर का महीना नेतन्याहू के लिए इम्तिहान जैसा

## फलस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र जैसे कई बड़े घटनाक्रम



■ इजरायल की राजनीति और कूटनीति को झकझोर सकते हैं

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए सितम्बर का महीना आसान नहीं होने वाला। वजह है कई बड़े घटनाक्रम, जो इजरायल की राजनीति और कूटनीति को झकझोर सकते हैं।

इसी महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा होने जा रही है, जहां फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की मांग उठेगी। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो यरुशलम पहुंच रहे हैं, यूएई ने लाल रेखा खींच दी है और इजरायली सेना गाजा में बड़े अभियान की तैयारी में जुटी है। यानी, सितम्बर नेतन्याहू के लिए सियासी और रणनीतिक इम्तिहान लेकर आया है। पेरिस, लंदन, ब्रसेल्स, ओटावा और कैनबरा जैसे अहम पश्चिमी शहर फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने की तैयारी में हैं। इसके जवाब में इजरायल के भीतर यह बहस तेज हो गई है कि यहूदा और शमरोन (पश्चिमी तट) के बड़े हिस्से को अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल कर लिया जाए। इसी बीच, वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने यहूदा और शमरोन (वेस्ट बैंक) के बड़े हिस्से को इजरायल में मिलाने की योजना पेश कर दी है। इस योजना के मुताबिक बड़े फलस्तीनी शहर रामल्ला, नाबलुस, हेब्रोन, जेरिको, जेनिन और तुल्करम फलस्तीनी अथॉरिटी के अधीन रहेंगे, लेकिन बाकी जमीन इजरायल के अधीन जाएगी। संयुक्त अरब अमीरात ने साफ कहा है कि अगर इजरायल एनेक्सेशन करता है तो अब्राहम समझौता खतरे में पड़ जाएगा। याद रहे कि 2020 में यही समझौता इस शर्त पर हुआ थ कि इजरायल अधिग्रहण को रोक देगा।

# यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

यूक्रेन बॉर्डर पर इंटरनेशनल फोर्स तैनात होगी, जेलेंस्की ने ट्रम्प से भी समर्थन मांगा

**पेरिस।** 26 यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। मैक्रों ने 'कोएलिशन ऑफ विलिंग्स' समिट के बाद प्रेस मीट में ए जानकारी दी।

इस बैठक में ईयू समेत 35 देशों के नेता के शामिल हुए, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा। मैक्रों ने कहा कि इससे भविष्य में किसी बड़े हमले को रोका जा सकेगा। कुछ देश यूक्रेन के बाहर से भी सहायता देंगे, जैसे कि यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देना और हथियारों की आपूर्ति करना। हालांकि, मैक्रों ने यह साफ नहीं किया कि कितने सैनिक शामिल होंगे या कौन-कौन से देश इस गारंटी में हिस्सा लेंगे। मैक्रों ने बताया कि सहायता देने वाले देशों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई देश अभी फैसला लेने की प्रक्रिया में हैं। वहीं, अमेरिका की भागीदारी को लेकर अगले कुछ दिनों में अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने इस समिट में हिस्सा लिया। बैठक से पहले उन्होंने फ्रांसीसी, ब्रिटिश, जर्मन, इतालवी और यूक्रेनी वरिष्ठ राजनयिकों से मुलाकात की। यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन में शांति अभी दूर की कौड़ी लगती है, लेकिन वे युद्ध खत्म होने के बाद भी किसी भी इमरजेंसी के लिए तैयार रहना चाहते हैं। वे मानते हैं कि, इस प्रयास से यूक्रेन को अपने समर्थन का भरोसा दिला सकते हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राइमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...

:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK

आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acnc) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108